
मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ



भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

विश्वसनीय साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता


राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net
/jagrukjanta
/jagrukjantanews
jagruk_janta

श्रावण, पक्ष - शुक्ल, तिथि - एकादशी, संवत 2078 पृष्ठ : 8+6 जयपुर, बुधवार वर्ष-7, अंक-25, 18 अगस्त - 24 अगस्त, 2021 मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

## तालिबान की मध्ययुगीन बर्बरता का नंगा नाच देख रही दुनिया!

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**कहा** और सुना जाता रहा है कि गुजरा हुआ समय लौटकर नहीं आता। मगर इन बातों को झुठला दिया है अफगानिस्तान में हो रहे तालिबानी अत्याचारों ने। अब से 20 वर्ष पहले भी इसी तरह के अत्याचारों से अफगानिस्तान की जनता त्राहि-त्राहि कर रही थी। और आज फिर वही दानव तालिबान फिर से वहां जनता की छाती पर आ बैठा है। चारों तरफ मारकाट हो रही है टीवी पर दिखाए जा रहे फोटो देखे नहीं जा रहे हैं। घरों से खींच-खींच कर आम लोगों जिनमें महिला और बच्चे भी शामिल हैं, को मारा जा रहा है। जो कभी देखा नहीं, सुना नहीं वह सब अफगानिस्तान में हो रहा है। जान बचाने के लिए हवाई जहाज के पहियों में लटकते लोग, खाली हाथ घरों से हवाई अड्डे की ओर भागते लोग, छोटे-छोटे बच्चों का अपने भयभीत मां-बाप से बिछड़ जाना। कहीं अपने परिजनों को आंखों के आगे तालिबानियों द्वारा कत्ल कर दिया जाना। ये सब वहां की जनता किस तरह से सहन कर रही है। क्या बीत रही होगी उनके दिलों पर। मौत से बचने के लिए (हवाई जहाज के पहियों पर लटकते लोग) मौत की गोद में ही भागते लोगों की बदहवास हालत। बातें तो बहुत है यहां लिखने के लिए। मगर मैं जो कहना चाह रहा हूं वो ये है कि किस तरह से ये आततायी लोग आमजनता पर जुल्म ढाकर अपनी बातें मनवाते हैं। सदियों पूर्व के उस समय को याद करो जब इसी प्रकार आततायी भारत में आकर किसी राजा को युद्ध में पराजित करने के बाद वहां की जनता पर अत्याचार करते थे और तलवार के बल पर उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए बाध्य किया होगा। उस वक्त भयभीत जनता ने अपने प्राणों की रक्षा के लिए सब सहा होगा। हो सकता है उस वक्त जनता ने सोचा होगा कि ऐसा दौर फिर नहीं आएगा और हम वापस हमारे पुराने जीवन में लौट जाएंगे। मगर ऐसा नहीं हो सका। अब तो वे अपने पूर्वजों पर हुए अत्याचारों को भी भूल गए। बल्कि कुछेक तो उनमें से आततायी भी बन गए हैं। आज पूरी दुनिया तालिबानियों के अत्याचारों को मूकदर्शक बनकर देख रही है। सुपर पावर कहलाने वाले अपने बचाव में बयान दे रहे हैं। अफगानिस्तान की जनता की वो हालत हो गई है जैसे कोई भूखा शेर निरीह जानवर पर झपट पड़ा हो। दुनिया के शक्तिशाली देश अपने नफे-नुकसान की गणित में लगे हुए हैं। जबकि उन्हें पहली प्राथमिकता इस दानव को समाप्त करने की होनी चाहिए।

shivdayalmishra@gmail.com

**राजस्थान में मंत्रिमंडल फेरबदल की तारीख नहीं बताएंगे: अजय माकन बोले- सचिन पायलट को जो नाराजगी थी उस पर हम काम कर रहे हैं...**

## मंत्रिमंडल फेरबदल पर फैसला जल्द, मुझसे तारीख मत पूछिए,वर्क इन प्रोग्रेस

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मंत्रिमंडल फेरबदल और सचिन पायलट कैंप के अनसुलझे मुद्दों पर प्रदेश प्रभारी अजय माकन ने जल्द फेसला सामने आने का दावा किया है लेकिन उसकी तारीख बताने से इनकार कर दिया। मंत्रिमंडल में लगातार हो रही देरी के सवाल पर अजय माकन ने कहा, अब समय तय होना है, इसकी टाइमिंग पार्टी तय करेगी। मैं सबके संपर्क में हूं। अशोक गहलोत, सचिन पायलट सहित सभी नेताओं के लगातार संपर्क में हूं। हाईकमान जो कदम उठा रहा है उसके बारे में उन्हें बता दिया है। वर्क इन प्रोग्रेस, फैसला जल्द लिया जाएगा, मुझसे तारीख मत पूछिए। माकन ने कहा,आप सोचते हैं कि मंत्रिमंडल विस्तार में देरी हो रही है लेकिन वह हमारी रणनीति है। हम जानते हैं हमें कब क्या करना है? क्या आपने किसी को खुलकर विरोध में अलग आवाज उठाते देखा है? नहीं देख न। पूरी तरह शांति है,चुप्पी का करण यही है कि हम पहले से ही मुद्दों का समाधान कर चुके हैं, आप भी जल्द ही इसके बारे में जान जाएंगे। पार्टी में साइलेंस हो रहा है तो कुछ क्रेडिट कांग्रेस हाईकमान को देना चाहिए। चुप्पी इसलिए है कि क्योंकि वर्क इन प्रोग्रेस। मंत्रिमंडल फेरबदल में देरी का करण बताते हुए माकन ने कहा- राजस्थान एक बहुतबड़ा राज्य है, वहां इलाकेवार,जातीवार समीकरणों का ध्यान रखना होता है। जैंडर बैलेंस भी करना होता है, इसके अलावा भी बुहत से फैक्टर्स का ध्यान रखना होता है, इसका काम चल रहा है।

### जो नाराजगी थी पायलट ने वह हमें बता दी, उस पर हम काम कर रहे हैं

**सचिन** पायलट की नाराजगी पर पूछे गए सवाल के जवाब में अजय माकन ने कहा-कभी सचिन पायलट को पार्टी के खिलाफ बयान देते सुना है क्या, वे तो हमेशा हर जगह कहते हैं कि उन्हें कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास हैं। कांग्रेस के लिए सब जगह जाकर पायलट कैंपेनिंग करते हैं। उन्हें पायलट को जो नाराजगी थी वह उन्होंने आपको भी बता दी, हमें भी बता दी, उस पर हम काम कर रहे हैं। तो कहीं ऐसी दिक्कत नहीं है। राजस्थान में सब चीजें अंडर कंट्रोल है और हम सबको साथ लेकर चल रहे हैं।

### अजय माकन ने 28-29 जुलाई को विधायकों से लिया था फीडबैक


**अजय** माकन ने 28-29 जुलाई को जयपुर में कांग्रेस विधायकों से वन टू वन फीडबैक लिया था। विधायकों से फीडबैक के बाद अजय माकन ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को पूरी रिपोर्ट सौंपी थी। माकन की रिपोर्ट में मंत्रियों और सरकार के कामकाज पर विधायकों के फीडबैक के साथ आगे के एक्शन प्लान पर भी ब्यौरा था। अजय मासकन के फीडबैक के बाद सियासी हलकों में जल्द मंत्रिमंडल फेरबदल की चर्चाएं चलीं लेकिन अभी तक तारीख के बारे में खुलासा नहीं हो रहा है।

## महाराजा रणजीत सिंह की मूर्ति तोड़ने पर भड़के पाक मंत्री, बोले- अनपढ़ों का झुंड देश के लिए खतरनाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में गैर इस्लामी मजहबों के ऊपर कट्टरपंथियों के हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे। ताजा घटनाक्रम में लाहौर के किले में स्थित महाराजा रणजीत सिंह की मूर्ति को एक धार्मिक कट्टरपंथी ने तोड़ डाला। बताया जा रहा है कि इस इस घटना को अंजाम देने वाला शख्स प्रतिबंधित कट्टरपंथी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान से जुड़ा हुआ है। अब इस घटना को लेकर पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्री चौधरी फवाद हुसैन ने मूर्ति को तोड़ते कट्टरपंथी के एक वीडियो को रिट्वीट करते हुए अपनी भड़ास निकाली है। उन्होंने लिखा कि शर्मनाक, अनपढ़ों का यह झुंड दुनिया में पाकिस्तान की छवि के लिए वाकई खतरनाक है। फवाद हुसैन को इमरान खान का करीबी नेता माना जाता है।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
।। जय श्रीराम।। अखण्ड हिन्दुस्तान उद्देश्य हमारा ।। जय श्रीराम।।
भगवा रक्षा दल जिंदाबाद
भगवा रक्षा दल
जो हिन्दू हित की बात करेगा वही देश पर राज करेगा।
सदस्यता अभियान
सम्पर्क : एल.जी.-1, कोहीनूर रेजीडेन्सी, प्लांट नं.62,, गणेश नगर-द्वितीय मुरलीपुरा, जयपुर
देवेन्द्र शर्मा
राष्ट्रीय अध्यक्ष - भगवा रक्षा दल राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सेना राजस्थान और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ब्रह्म वाहिनी सेना नेशनल ब्राह्मण वेलफेयर सोसायटी
घनश्याम दीक्षित - राष्ट्रीय महासचिव
रेखा दीक्षित - राष्ट्रीय संगठन मंत्री
चन्द्र प्रकाश अग्रवाल - राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष
सम्पर्क सूत्र सदस्य बनने के लिए सम्पर्क करें : 9314513404, 9414843083

QSI
Reliable, Professional & Genuine ISO Certification
Serving Govt, PSU, MSME, Health & Education etc
Services since 2001
ISO Awareness, Auditors/ L.A. Training On site - PUBLIC
CE, NABL, NABH, SEDEX, Disaster M.PLAN Product & Process standards ISO 4427 Assistance & Certifications
HBO Oxygen Treatment
Franchise Available
SNHL, Wounds, AUTISM, C.P. Side effects of Post Chemo-Radio Preventive Healthcare
-: Contact :-
R. C. Agrawal, Director
Call. 9829017133, 0141- 2236895
QSI (India) Certifications P.L.
SF 1/557 Vidyadhar Ngr, Jaipur-39
Email: qsicert@gmail.com
www.qsi-india.com
ISO 9001, 14001 IMS ISO 45001, 22000, 27001 EA ISO 50001, MD 13485, SA 8000 , Weld Quality ISO 3834-2 , 15085, IRIS 22163 IATF-16949 ETC






| तापमान | अधि. | न्यू. |
|---|---|---|
| जयपुर | 36°C | 27°C |
| जोधपुर | 38°C | 28°C |
| अजमेर | 35°C | 27°C |
| उदयपुर | 32°C | 23°C |

सूर्योदय ▸ प्रात: 06:03 बजे सूर्यास्त ▸ सांय : 06:36 बजे चन्द्रोदय ▸ 03:13 बजे चन्द्रास्त ▸ 01:30 बजे

## जागरूक खबरें

### भव्य फूल बंगला झांकी, हुआ रुद्राभिषेक




**जयपुर @ जागरूक जनता।** गंगवाल पार्क स्थित प्राचीन गंगेश्वर महादेव मंदिर में भव्यफूल बंगले की झांकी सजाई गई और रुद्राभिषेक का आयोजनहुआ। मंदिर के पाटोत्सव एवं श्रावण के सोमवार के मौके पर पंचामृत, गंगाजल और पंचमेवे से शिव परिवार का अभिषेक किया गया औरभांति-भांति के भोग अर्पण किए गए। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कोरोना गाइडलाइन का पालन करतेहुए दर्शनलाभप्राप्त किया। गंगवाल पार्क नागरिक विकाससमिति के अध्यक्षडॉ. अनन्तशर्मा, मंदिरप्रबंधसमिति के अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल एवं झांकी के संयोजक के.के. आरसीवाल, मंदिर समिति के उपाध्यक्ष रामावतार सोढानी व मंत्री गिर्राज सोढ़ानी सहित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं गणमान्यलोगों नेभोलेनाथ की आरती उतारी। इस अवसर पर दिनभर भक्ति संगीत का भी आयोजन हुआ।यहजानकारीदेतेहुए विकास समिति के मंत्री रामस्वरुप टांक ने बताया कि श्रावण मास में मंदिर में लगातार विभिन्न आयोजन किए गए हैं। सहस्त्रघट का भी आयोजन हुआ जिसमें 15 पंडितों नेरुद्रपाठ किया। इस अवसरपर संकट हरणहनुमान जी, माँ अम्बे, राधा कृष्ण एवं सीता-राम जी का भीविशेषश्रंगार किया गया और उनकी अर्चना की गई। कोषाध्यक्ष एन.के. माहेश्वरीनेप्रसादवितरण किया।


### बियानी कॉलेज में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि जीवन शर्मा, उपनिदेशक (सिविल डिफेंस) और विद्याधर नगर के थानाधिकारी वीरेंद्र कुमार कुरील ने की।कॉलेज के चेयरमैन डॉ. राजीव बियानी और डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी ने ध्वजारोहण करके की। सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यानमें रखते हुए मनाये गये कार्यक्रम में छात्राओं ने देशभक्ति गीत पर नृत्य और फैशन शो प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंतर मे कॉलेज के डीन ध्यान सिंह गोठवाल ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### नीलकंठ महादेव मंदिर में जगमगाये 1100 दीपक





**जयपुर @ जागरूक जनता।** "आरती कीजे हनुमान लला की। दुष्ट दलन रघुनाथ कला की" पंक्तियों के साथ मंदिर प्रांगण में शंखनाद और घंटियों की मधुर ध्वनि गूंजने लगी। 1100 दीपको की महा आरती में जगमगाती ज्योति के साथ ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो घनघोर काली घटाओं में तारे झिलमिला रहे हो। ऐसा ही अद्भुत कार्यक्रम नीलकंठ महादेव मंदिर जामडोली में साकार हुआ। संवाददाता अनिल जैन ने बताया कि भाई सुरेंद्र शर्मा एवं भाई दिनेश शर्मा द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाग लेनेआये श्रद्धालुओं की मानें तो जामडोली क्षेत्र में इस ऐतिहासिक कार्यक्रम पहली बार हुआ।

### भरद में देवगिरी महाराज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत



**जयपुर @ जागयक जनता।** संत देवगिरी महाराज को भगवा रक्षा दल में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। इस आशय की जानकारी देत हुए भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि संत देवगिरी को महाराष्ट्र और गुजरात का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि ये ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के साथ दल को आगे बढ़ाने के लिए अगली सूचना तक अपने पद पर कार्य करते रहेंगे।

---

**तैयारी: जेके लोन में भर्ती बच्चों को सिटी स्कैन के लिए नहीं जाना पड़ेगा एसएमएस**

# महिला चिकित्सालय और जेके लोन में 20-20 बेड्स का एडवांस आईसीयू शुरू

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर के जेके लोन हॉस्पिटल में भर्ती छोटे बच्चों के परिजनों को अब सिटी स्कैन की जांच के लिए सवाई मानसिंह या प्राइवेट लैब में नहीं जाना पड़ेगा। राज्य सरकार ने अब अस्पताल में ही नई सिटी स्कैन मशीन लगवाई है। हर रोज यहां करीब 30-40 सिटी स्कैन जांच की जा सकेगी। इस मशीन के साथ ही अस्पताल में बने एडवांस आईसीयू वार्ड का भी लोकार्पण आज चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने किया। इसके अलावा महिला



चिकित्सालय सांगानेरी गेट में बने 20 बैड्स के एडवासं आईसीयू वार्ड, ब्लड कंपोनेंट सेंटर, IVF सेंटर और ऑक्सीजन प्लांट का भी शुभारंभ किया। जे.के. लोन हॉस्पिटल में वर्तमान में बच्चें के सिटी स्कैन, एमआरआई जांच की सुविधा नहीं है। ये सुविधा नहीं होने के कारण गंभीर मरीजों की इस जांच के लिए उन्हें हॉस्पिटल के पास प्रावइेट लैब या SMS हॉस्पिटल ले जाना पड़ता है। इस कारण मरीजों को भारी परेशानी होती थी। कोरोनाकाल के दौरान बड़ी संख्या में यहां भर्ती हुए मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी थी। इसे देखते हुए यहां एक भामाशाह डॉ. अजय गोइन्का की मशीन को डोनेट किया।

#### वार्ड में ही बच्चों का हो सकेगा एक्सरा और सोनोग्राफी

**जेके** लोन अस्पताल में बने इस एडवांस 20 बैड के आईसीयू में वेंटिलेटर, मल्टीपेरा मॉनीटर, इन्फ्यूजन पंप के अलावा यहां अल्ट्रासाउंड मशीन, हाईटैक एक्सरा मशीन, इकोकार्डियोग्राफी मशीन और सेंट्रल मॉनिटरिंग सिस्टम है। इसके अलावा यहां 12 बैड्स का हार्ड डिपेंडसी यूनिट भी तैयार करवाया गया है, जिसमें गंभीर मरीजों का भी ऑब्जर्वेशन किया जा सकता है। इसके अलावा कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए हॉस्पिटल में 100 बैड्स का पिडियाट्रिक आईसीयू और 80 बैड्स की नियोनेटल इंसेंटिव केयर यूनिट भी तैयार करवाए जा रहे है।

#### कोरोना से पीड़ित गंभीर गर्भवती महिला मरीज नहीं करना पड़ेगा SMS रैफर

महिला चिकित्सालय सांगानेरी गेट में कोरोना की तीसरी लहर की तैयारी के लिए डेडिकेटेड आईसीयू बनाया है। यहां पर एक ही जगह सारी सुविधाएं मिल सकेगी। डेडिकेटेड आईसीयू की सुविधा उपलब्ध होने के बाद गर्भवती महिलाओं को एसएमएस अस्पताल रेफर करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस आधुनिक आईसीयू में पोर्टल एक्सरे मशीन, ईसीजी मशीन, वेंटीलेटर, मॉनिटर, बाईपेप मशीन, ऑक्सीजन कन्सनट्रेटर, डीप फीब्रीलेटर, सक्शन मशीन, सेन्ट्रल ऑक्सीजन सप्लाई, हीपा-फिल्टर आदि सुविधाएं है।

---

**आमेर महल में स्कर्ट पहनी युवतियों के पास जाकर बैठ जाता, फिर जूते की डोरी बांधने के बहाने बनाता था वीडियो**

# महिला पर्यटकों के आपत्तिजनक वीडियो बनाने वाले मनचले को पकड़ा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** पर्यटक स्थलों पर देशी-विदेशी महिलाओं के आपत्तिजनक वीडियो बनाने वाला एक युवक रंगे हाथों पकड़ा। युवक बेहद शातिर तरीके से स्कर्ट पहने लड़कियों के वीडियो बनाता था। पुलिस के मुताबिक पहले युवक स्कर्ट पहने खड़ी युवतियों के आसपास घूमता था, फिर उनके नजदीक बैठकर अपने जूते की डोरी बांधने का नाटक करता था और मोबाइल फोन को रिकॉर्डिंग मोड में महिला पर्यटकों के पैरों के पास रखकर उनके आपत्तिजनक वीडियो बनाता था। जयपुर के आमेर महल में रंगे हाथों पकड़े गए इस सिरफिरे युवक के मोबाइल में ऐसी कई क्लिपिंग्स मिली हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि महिलाओं को पता भी नहीं चलता था कि उनका वीडियो बन रहा है।

#### सीकर का रहने वाला है युवक, वीडियो बनाने के लिए जयपुर आता है

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर राहुल प्रकाश ने बताया कि आमेर थाने में गिरफ्तार आरोपी सुरेश कुमार यादव (34) है। वह सीकर जिले के गांव गोपालपुरा, श्रीमाधोपुर का रहने वाला है। फाइनेंस का काम करता है। सुरेश सोमवार को आमेर महल में आई पर्यटक महिलाओं का पीछा कर रहा था। वह बार-बार जूते की लेस बांधने का बहाना करके स्कर्ट पहने हुए युवती के पैरों के पास बैठ रहा था। उसका मोबाइल भी चालू था। महल में ही असामाजिक तत्वों की निगरानी कर रही निर्भया स्क्वॉड की पुलिस कॉन्स्टेबल प्रेमलता की नजर सुरेश पर पड़ी।


#### उड़ती फ्रॉक के नीचे से बनाया महिला पर्यटक का वीडियो

निर्भया स्क्वॉड की प्रभारी एडिशनल डीसीपी सुनीता मीना ने बताया कि संदेह होने पर कॉन्स्टेबल प्रेमलता एक्शन में आई। उन्होंने तत्काल युवक को पकड़कर उसका मोबाइल लिया। मोबाइल चेक किया तो एक वीडियो नजर आया। उसमें हवा में उड़ती हुई फ्रॉक के नीचे युवती के पैरों के वीडियो की क्लिपिंग मिली। ये वीडियो मोबाइल को युवती के पैरों के पास रखकर बनाया गया था। युवती को इसकी भनक भी नहीं लगी। कॉन्स्टेबल प्रेमलता ने युवती को जानकारी दी तो वह घबरा गई। उसने कहा कि मैं सोच भी नहीं सकती थी कि कोई इस प्रकार से मेरा गलत वीडियो बना सकता है। अन्य राज्य की होने से महिला पर्यटक ने रिपोर्ट देने से इनकार कर दिया। तब उच्चाधिकारियों के निर्देश पर प्रेमलता ने आमेर थाने में सुरेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

#### जयपुर पुलिस ने की महिलाओं और बालिकाओं से अपील

एडिशनल डीसीपी सुनीता मीणा ने सभी महिलाओं व बालिकाओं से अपील की है कि अगर कोई भी व्यक्ति आपका पीछा कर रहा है तो उसे इग्नोर नहीं करें, तुरंत पीछे पलट कर उसे देखें। कोई बार-बार आपके पास आकर नीचे बैठकर कोई काम करने का बहाना या फिर जूते की लेस बांध रहा है तो ध्यान रखें कि कहीं वह आपका वीडियो तो नहीं बना रहा। कोई फोटो तो नहीं ले रहा है।

अगर आप ऐसे किसी भी व्यक्ति को देखें तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1090, 100,112 नंबर पर या व्हाट्सएप हेल्पलाइन 8764868200 और 7300363636 पर सूचित करें। ताकि ऐसे असामाजिक तत्वों को सलाखों के पीछे भेजा जा सके।




---

# खुलासे के लिए आज सर्व समाज देगा ज्ञापन, आमसभा में लिया निर्णय

### संत अमित सारस्वत हत्याकांड

**सवाई माधोपुर @ जागरूक जनता।** 15 अगस्त को अखिल भारतीय योग विद्या प्रचार संघ के बैनर तले विशुद्धानंद परमहंस योगाश्रम में संचालिका मां राधे देवी के सानिध्य में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में ब्रह्मचारी संत अमित सारस्वत हत्याकांड खुलासे के लिए ज्ञापन देने का निर्णय किया गया। कार्यक्रम के अनुसार



आज सर्व समाज के लोग बजरिया महावीर पार्क से एकत्रित होकर जिला कलेक्टर पहुंचेंगे इसके बाद वह मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री के नाम जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देंगे।









## शिक्षक भर्ती परीक्षा-2016 में अभ्यार्थियों को मिलेगी नियुक्ति

# लेवल-2 विज्ञान और गणित की वेटिंग लिस्ट प्रकरण में सरकार ने हाईकोर्ट से याचिका वापस ली

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**सीधे तौर पर 874 को मिलेगा लाभ**

**जयपुर।** राजस्थान में शिक्षक भर्ती परीक्षा-2016 में वेटिंग लिस्ट प्रकरण को लेकर चल रहे गतिरोध को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को समाप्त कर दिया। मुख्यमंत्री गहलोत ने ट्वीट पर जानकारी दी कि 2016 में लेवल-2 विज्ञान और गणित विषय की वेटिंग लिस्ट प्रकरण में दायर अपील को उच्च न्यायालय से वापस ले लिया गया है। प्रदेश के 874 अभ्यर्थियों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के इस फैसले पर शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा ने भी खुशी जाहिर की और लाभार्थियों को बधाई दी। राज्य सरकार ने साल 2016 में विज्ञान और गणित विषय के लेवल-2 के 927 पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी। इनमें से सिर्फ 53 पदों पर ही अभ्यार्थियों ने ज्वाइन किया। इसके बाद साल 2018 में नई भर्ती निकलने की वजह से पुराने पदों पर भर्ती प्रक्रिया बंद हो गई। इसके बाद नियुक्ति के लिए बेरोजगार संघ ने न्यायालय में रिक्त पदों की भर्ती को लेकर याचिका दायर की। इसके खिलाफ सरकार ने भी याचिका दायर की। राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ की अपील के बाद सरकार ने अपनी याचिका वापस ले ली है। ऐसे में 2016 के रिक्त चल रहे 874 पदों पर अब अभ्यार्थियों को नियुक्ति मिल पाएगी। राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के नेता उपेन यादव ने कहा कि पिछले लंबे समय से बेरोजगार छात्र 2016 की भर्ती पर नियुक्ति करने की मांग कर रहे थे। इसको लेकर हाल ही में मुख्यमंत्री से भी बेरोजगार संघ ने अपील की थी। इसके बाद सरकार ने याचिका वापस लेने का फैसला किया है, जो स्वागत योग्य है।
















सीखने की बात

घोर संकट के समय भी मुस्कुराते रहना सन्तुलित मन की निशानी है।

- अज्ञात

# एक नए दौराहे पर आजादी

75वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाल किले से संबोधन इतिहास के गौरव और वर्तमान की चुनौतियों के मंच से उज्ज्वल भविष्य की ओर देखने की एक प्रेरक कोशिश है। लाल किले से अपने आठवें संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां से शुरू होकर अगले 25 वर्ष की यात्रा तक, जब हम आजादी की शताब्दी मनाएंगे, नए भारत के सृजन का यह अमृत काल है। इस अमृत काल में हमारे संकल्पों की सिद्धि हमें आजादी के 100 वर्ष तक ले जाएगी और गौरवपूर्ण रूप से ले जाएगी। वाकई अगर भारत सरकार ने आगामी 25 वर्षों में देश के विकास के लिए जी-जान लगा दिया, तो इसमें कोई शक नहीं कि भारत दुनिया में सबसे आदर्श लोकतांत्रिक महाशक्ति के रूप में चमक उठेगा। हमारी आबादी का गणित बताता है कि वर्ष 2035 तक भारत युवाओं का देश रहेगा, मतलब हमारे लिए आगामी पंद्रह से बीस साल बहुत महत्व रखते हैं। इन वर्षों में अगर हम पूरी मेहनत, ईमानदारी और कौशल से आगे बढ़े, तो सचमुच कमाल होने वाला है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में बिल्कुल सही इशारा किया कि सरकारी नियमों व प्रक्रियाओं को लोगों के लिए बहुत आसान बनाना होगा। विगत सत्तर वर्षों से जो जकड़ रही है, उसे ढीला करने में वक्त लगेगा, लेकिन सरकारी विभागों, कर्मचारियों को समय के अनुसार ढलना पड़ेगा। आज किसी भी तरह का उद्यम करना या कोई नया काम करना पहले की तुलना में थोड़ा आसान हुआ है, लेकिन इस दिशा में अभी भी बहुत कुछ करना शेष है। जब आगे बढ़ने की बात हो रही है, तो जाहिर है, प्रधानमंत्री ने हाल ही में संसद में ओबीसी समुदाय के आरक्षण से जुड़े विधेयक के पास होने का जिक्र किया। एक और खास बात कि प्रधानमंत्री ने देश को बदलने के लिए एक नया मंत्र दिया है। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ सबका प्रयास को भी जोड़ा है। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री ने सुभाषचंद्र बोस से लेकर झांसी की रानी लक्ष्मीबाई तक सभी वीर शहीदों को नमन किया और कहा कि देश इन सभी महापुरुषों का कर्जदार है और हमेशा रहेगा। वाकई, स्वतंत्रता सेनानियों का जो हम पर ऋण है, उसे हमें हमेशा याद रखना चाहिए। हमें आजादी बैठे-बिठाए नहीं मिली थी। अतः हमें भी अपने देश को सशक्त करने में अपना पूरा योगदान देना चाहिए, जो हमारी शान और पहचान है। अपनी आजादी के इस मोड़ पर आज सभी को आत्मसमीक्षा करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने युवाओं का आह्वान करने के साथ ही कर्म के फल पर विश्वास जताया है। बिना कर्म स्वतंत्रता आदर्श नहीं बन सकती। केवल भाषण से कुछ नहीं होने वाला। आज यह बहुत जरूरी है कि जो भी जहां है, वहां वह अपने काम में सौ फीसदी ईमानदारी बरते और देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे। प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकाल और बदलते देश में बीस से ज्यादा उपलब्धियों का बखूबी बयान किया है, तो कोई आश्चर्य नहीं। इन उपलब्धियों से प्रेरणा लेकर सभी को आगे बढ़ना चाहिए। प्रधानमंत्री ने चेताया है कि हमारे पास गंवाने के लिए एक पल भी नहीं है। यही समय है, सही समय है। निस्संदेह, शासन-प्रशासन चला रहे लोगों को भी नारों-आह्वान की रोशनी में चलते हुए आम लोगों के सामने आदर्श रखना होगा।

## सम्पादकीय

# शर्मसार न हो इंसानियत

अफगानिस्तान का फिर बर्बरता के शिकंजे में चले जाना पूरी दुनिया के लिए चिंताजनक है। कथित इस्लामी सत्ता की स्थापना के लिए तालिबान जो कर रहा है, उसकी दुनिया में शायद ही किसी कोने में प्रशंसा होगी। दुनिया स्तब्ध है और भारत जैसे देश तो कुछ ज्यादा ही आहत हैं। हम उस इतिहास में जाकर कतई भावुक न हों कि अफगानिस्तान कभी भारत वर्ष का हिस्सा था, जहां सनातन धर्म और बौद्धों का वर्चस्व था, हमें अभी अपने उस तन-मन-धन के निवेश पर गौर करना चाहिए, जो हमने विगत कम से कम बीस वर्षों में वहां किया। एक उदारवादी ताकत के रूप में न जाने कितनी विकास परियोजनाओं में भारत की वहां हिस्सेदारी रही। लगभग तीन हजार भारतीय अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण में लगे थे। एक अनुमान के अनुसार, भारत ने वहां 2.3 अरब डॉलर के सहायता कार्यक्रम चला रखे हैं, अब उनका क्या होगा? भारत और भारतीयों द्वारा वहां मानवीय सहायता, शिक्षा, विकास, निर्माण और ऊर्जा क्षेत्र में किए गए निवेश का क्या होगा? आम अफगानियों के मन में भारत के प्रति अच्छे भाव हैं, लेकिन तालिबान का रुख तल्ख ही रहा है। बहरहाल, भारतीय ही नहीं, दुनिया के अन्य देशों के लोग भी अफगानिस्तान से भाग रहे हैं और तालिबान में इतनी सभ्यता भी नहीं कि वह लोगों को रोकने के लिए कोई अपील करे। संयुक्त अरब अमीरात भी मजहबी आधार वाला देश है, लेकिन उसने कैसे दुनिया भर के अच्छे और योग्य लोगों को जुटाकर अपने यहां आदर्श समाज जुटा रखा है, लेकिन अफगानिस्तान में जो इस्लामी खलीफा शासन स्थापित होने वाला है, उसमें इतनी सभ्यता भी नहीं है कि उन लोगों को रुकने के लिए कहे, जो अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण में दिन-रात एक किए हुए थे। विगत दशकों में तालिबान ने एकाधिक आतंकी हमले सीधे भारतीय दूतावास पर किए हैं और अपनी मंशा वह साफ कर चुका है। कंधार विमान अपहरण के समय तालिबान की भूमिका भारत देख चुका है। क्या दुनिया के आतंकवादियों को अफगानिस्तान में सुरक्षित ठिकाना मिल जाएगा? क्या ये पैसे लेकर सभ्य देशों को परेशान करने और निशाना बनाने का ही काम करेंगे? जो देश प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से तालिबान की पीठ पीछे खड़े हैं, उनकी भी मानवीय जिम्मेदारी बनती है। अभी कुछ ही दिनों पहले भारत की कोशिश से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अफगानिस्तान के बचाव के लिए विशेष बैठक हुई थी, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला है। अभी भारत के पास परिषद की अध्यक्षता है, क्या उसे नए सिरे से पहल नहीं करनी चाहिए? तालिबान पर किसी को भरोसा नहीं है और अभी सभी का ध्यान अपने-अपने नागरिकों को बचाने पर है, लेकिन आने वाले दिनों में व्यवस्थित ढंग से सोचना होगा कि ताकत और पैसे के भूखे आतंकियों के खिलाफ क्या किया जाए? हां, यह सही है कि तालिबान में भी सभी आतंकी नहीं होंगे, कुछ अपेक्षाकृत सभ्य भी होंगे, जो अपने देश की बदनामी नहीं चाहेंगे। ऐसे लोगों को कोशिश करनी चाहिए कि अफगानिस्तान का पुनर्निर्माण न रुके। अफगानी युवाओं को बंदूकों के सहारे ही जिंदगी न काटनी पड़े। महिलाओं की तौहीन न हो। अफगानिस्तान दुनिया में नफरत और हिंसा बढ़ाने की वजह न बने। कुल मिलाकर, उदारता और समझ की खिड़की खुली रहनी चाहिए, ताकि इंसानियत शर्मसार न हो।

**क्या कोई भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अभिव्यक्ति की हमारी आजादी में हस्तक्षेप कर सकता है? क्या कोई भी सोशल मीडिया कंपनी अपने कारोबार के लिए हमारी राजनीति को निर्धारित कर सकती है?**

# वैचारिक आजादी पर मंडराते खतरे



श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**ट्विटर को लेकर उठा ताजा मामला सिर्फ राहुल गांधी या कांग्रेस का मामला नहीं है, बल्कि यह हम सबकी वैचारिक स्वतंत्रता से जुड़ा बेहद संवेदनशील मामला है। क्या हम किसी भी प्लेटफॉर्म को अपनी वैचारिक आजादी के साथ खिलवाड़ करने की अनुमति दे सकते हैं?**

सोशल मीडिया के प्रभावी प्लेटफॉर्म ट्विटर के लिए यह बड़ी दिलचस्प स्थिति है। कुछ दिनों पहले ही सरकार ने आरोप लगाया था कि ट्विटर पर अभिव्यक्ति की आजादी पर अंकुश लगाने की कोशिशें की जा रही हैं। दरअसल ट्विटर कुछ दिनों पहले नए सरकारी नियमों के पालन में हुई देरी को लेकर सरकार के निशाने पर था। इस आरोप के बीच जून में ट्विटर ने तत्कालीन आईटी मंत्री रवि शंकर प्रसाद का ही हैंडल एक घंटे के लिए बंद कर दिया था। कंपनी का कहना था कि प्रसाद के एक ट्वीट में उसके कॉपीराइट नियमों का उल्लंघन हुआ था, लेकिन प्रसाद ने कंपनी पर अभिव्यक्ति का हनन करने का आरोप लगाया था। सरकार के साथ ट्विटर का यह विवाद किसी अच्छे मोड़ पर पहुंचकर खत्म होता, इससे पहले ही अब विपक्षी दलों ने ट्विटर को अपने निशाने पर ले लिया है। ट्विटर द्वारा कांग्रेस पार्टी के नेताओं के कई हैंडल ब्लॉक कर देने के बाद पार्टी के नेता राहुल गांधी ने इसे लोकतंत्र पर हमला बताया है। ट्विटर ने कुछ दिनों पहले राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं के खाते ब्लॉक कर दिए थे। कंपनी का कहना था कि गांधी ने दिल्ली में कथित रूप से बलात्कार के बाद जान से मार दी गई एक नौ साल की बच्ची के माता पिता की तस्वीर ट्वीट की थी। ट्विटर का कहना है कि इस संबंध में उसे राष्ट्रीय बाल अधिकार सुरक्षा आयोग से शिकायत मिली कि गांधी के ट्वीट से पीड़ित बच्ची की पहचान उजागर हो गई थी, जो किशोर न्याय अधिनियम और पॉक्सो अधिनियम का उल्लंघन है।

कंपनी ने बताया कि भारतीय कानून के उल्लंघन की वजह से उसने गांधी का हैंडल ब्लॉक कर दिया। साथ ही उन सभी हैंडलों को भी ब्लॉक कर दिया जिन्होंने गांधी के उस ट्वीट को रीट्वीट किया था। ट्विटर के इस कदम का सख्त विरोध जताते हुए गांधी ने इसे देश के लोकतांत्रिक ढांचे पर हमला बताया है। 'ट्विटर का खतरनाक खेल' शीर्षक से यूट्यूब पर एक वीडियो संदेश जारी करते हुए गांधी ने कहा, 'मेरा ट्विटर बंद कर वो हमारी राजनीतिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप कर रहे हैं। एक कंपनी अपने व्यापार के लिए हमारी राजनीति को निर्धारित कर रही है और एक राजनेता के तौर पर मुझे यह अच्छा नहीं लग रहा है।'



राहुल गांधी का दावा है कि ट्विटर पर लगभग दो करोड़ लोग उन्हें फॉलो करते हैं और अपने इस कदम से ट्विटर ने उन सबका अपना मत रखने का अधिकार छीना है। गांधी का मानना है कि इससे ट्विटर के एक निष्पक्ष मंच होने की धारणा टूट रही है। उन्होंने इसे सरकार के विपक्ष की आवाज दबाने के आरोपों से भी जोड़ा। उन्होंने यहां तक कहा कि हमें संसद में बोलने नहीं दिया जाता। मीडिया पर अंकुश है। और मुझे लगा था कि ट्विटर इन सब के बीच में एक रोशनी की किरण है। लेकिन अब यह स्पष्ट हो गया है कि ट्विटर एक निष्पक्ष मंच नहीं, बल्कि पक्षपाती मंच है और यह वही करता है जो सरकार उसे करने को कहती है। ट्विटर के इस कदम के विरोध में कांग्रेस को अन्य विपक्षी पार्टियों का समर्थन भी मिला है। तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने एक ट्वीट में इसकी निंदा की। हालांकि ट्विटर का यह लगातार कहना रहा है कि हैंडलों को ब्लॉक या सस्पेंड किए जाने के संबंध में उसके नियम बहुत स्पष्ट हैं। जब कंपनी को किसी भी हैंडल से किए गए किसी ट्वीट के खिलाफ देश के कानून या कंपनी के अपने नियमों के उल्लंघन की शिकायत मिलती है, तो कंपनी उस व्यक्ति को इसके बारे में जानकारी भेजती है। कंपनी जो भी कदम उठाती है उसके बारे में भी संबंधित व्यक्ति को यह जानकारी दी जाती है कि ऐसा किन नियमों के तहत किया जा रहा है। लेकिन हाल के घटनाक्रम के बाद यह बात एक बार फिर साबित हो गई है कि सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफॉर्म को आप हल्के में नहीं ले सकते। बात जब अभिव्यक्ति की आजादी की आती है, तो सोशल मीडिया भी उतना ही दमदार प्लेटफॉर्म माना जाता है, जितना पहले अखबारों और पत्रिकाओं को माना जाता था। और यही कारण है कि केंद्र सरकार ने हाल ही सोशल मीडिया साइटों के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए। यह पहली बार है जब भारत में समाचार वेबसाइटों, सोशल मीडिया और ओटीटी सेवाओं के लिए दिशा-निर्देश बनाए गए हैं। हालांकि सरकार का कहना है कि इन नियमों के पीछे मंशा इंटरनेट पर आम लोगों को और सशक्त बनाने की है।

अमेरिका की कॉर्नेल यूनिवर्सिटी ने सोशल मीडिया को लेकर किए एक रिसर्च में सोशल मीडिया को लेकर बड़े दिलचस्प नतीजे निकाले हैं। कई यूजर्स सोचते हैं कि यह एक आदत है और मानते हैं कि उन्हें अक्सर इसका इस्तेमाल करना चाहिए। सोशल मीडिया के माध्यम से दूसरों की रुचि के बारे में जानना लोगों को अच्छा लगता है। साथ ही लोग उनकी रुचियों को अपने अनुसार ढालना भी चाहते हैं। ऐसे दौर में जबकि सोशल मीडिया लोगों की दिनचर्या का सबसे जरूरी हिस्सा बन गया है, हमारे लिए यह जानना बेहद जरूरी हो जाता है कि हमारे पसंदीदा प्लेटफॉर्म पर हमारी अभिव्यक्ति की आजादी का सम्मान किया जाता है या नहीं। जिस तरह हम अखबारों को लेकर यह उम्मीद लगाते हैं कि वहां अभिव्यक्ति की भरपूर आजादी होनी ही चाहिए, ठीक उसी तरह हमें यह जानने का भी हक है कि ट्विटर या दूसरा कोई भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म विचारों को व्यक्त करने की हमारी आजादी पर अंकुश तो नहीं लगा रहा है। ट्विटर को लेकर उठा ताजा मामला सिर्फ राहुल गांधी या कांग्रेस का मामला नहीं है, बल्कि यह हम सबकी वैचारिक स्वतंत्रता से जुड़ा बेहद संवेदनशील मामला है। क्या हम किसी भी प्लेटफॉर्म को अपनी वैचारिक आजादी के साथ खिलवाड़ करने की अनुमति दे सकते हैं? अगर इसका जवाब नहीं है, तो अब अगला सवाल अपने आप से करें कि अपनी वैचारिक आजादी को कायम रखने के लिए हमने क्या किया है।

## कविता

# हे मातृभूमि



जागरूक जनता
jagrukjanta.in
कविता
पार्वती जांगिड़

हे मातृभूमि तेरी जय हो, सदा विजय हो
प्रत्येक भक्त तेरा, सुख-शांति-कान्तिमय हो
- हुतात्मा श्री रामप्रसाद बिस्मिल

--------------------------------

तू उठ अब,
तज तन्द्रा !
तज निंद्रा,
तज तू आलस्य व् वैमनस्य,
तज अब लोभ,लालच
और मैं-मेरा अब !
देख,माँ भारती बुलाती तुम्हें !
आज़ादी केवल शासन का अधिकार
मिलने से नहीं, सनातन का मतलब
नित-नूतन चिर पुरातन अपनी आस्था
और मान्यता को केंद्र कर विकास की
और बढ़ते रहना ही असली आज़ादी है...
हमारी संस्कृति
हमारा विज्ञान
हमारा अध्यात्म
हमारा ज्योतिष
हमारा वेद
हमारा आयुर्वेद आगे बढे...
जो भरा नहीं है भावों से जिसमें बहती
रसधार नहीं।
वह हृदय नहीं है पत्थर है, जिसमें स्वदेश
का प्यार नहीं...

*(लेखिका जोधपुर से है)*

## ओपिनियन

# तालिबान के शिकंजे में अफगान



विवेक काटजू
अफगानिस्तान में भारत के पूर्व राजदूत
@jagrukjanta.net

लगभग पूरा अफगानिस्तान अब तालिबान के कब्जे में आ गया है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक काबुल को तालिबान ने चारों तरफ से घेर लिया है, राष्ट्रपति अशरफ गनी मोर्चा छोड़ चुके हैं और अभी तक ऐसा लगता है कि तालिबान बिना खून-खराबे के काबुल में दाखिल होना चाहते हैं। साफ है, अफगानिस्तान के इतिहास का जो अध्याय नवंबर, 2001 में अमेरिका के अफगानिस्तान में प्रवेश के साथ शुरू हुआ था, उसका अब अंत हो रहा है। करीब तीन दशक पूर्व जहां सोवियत संघ को यहां सामरिक शिकस्त का सामना करना पड़ा था, आज वही गत अमेरिका की हुई है। दरअसल, पिछले साल फरवरी में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार और तालिबान के बीच समझौता हुआ था, जिसकी बुनियाद यही थी कि तालिबान अल कायदा, आईएस जैसी अंतरराष्ट्रीय आतंकी तंजीमों को पनाह नहीं देगा और बदले में, अमेरिका वहां से अपनी सेनाओं को पहली मई, 2021 तक स्वदेश बुला लेगा। नए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सत्ता संभालने के बाद यह तय किया कि वह ट्रंप और तालिबान के समझौते का आदर करेंगे। हालांकि, उन्होंने अमेरिकी सेनाओं को वापस बुलाने की अवधि 11 सितंबर तक बढ़ा दी थी। इन सबके बीच ऐसा प्रतीत हो रहा था कि तालिबान और बाइडन सरकार के बीच एक समझ बन गई है कि अफगान हुकूमत और तालिबान मिलकर एक अंतरिम सरकार बनाएंगे, जिसके बाद युद्ध विराम होगा और फिर, अफगानिस्तान की नई सांविधानिक प्रणाली पर विचार होगा। मगर एक बार जब तालिबान और उसके आका पाकिस्तान ने यह समझ लिया कि अमेरिका वाकई अपनी सेनाओं को वापस ले जा रहा है, तो उन्होंने अपनी जमीनी ताकत बढ़ाने का निश्चय किया। इस निर्णय के तहत तालिबान ने पहले अफगानिस्तान के उत्तरी, उत्तर-पूर्व और पश्चिम प्रांतों में अपना परचम लहराया। उल्लेखनीय है कि इन क्षेत्रों में तालिबान का पहले कोई प्रभाव नहीं था। और यहां, उज्बेक व ताजिक जातियां ज्यादा हैं, जबकि तालिबान की ताकत पश्तून जाति है। साफ हो गया कि तालिबान का प्रभाव अन्य जातियों में बढ़ा है।

तालिबान की योजना का दूसरा पड़ाव था, अफगानिस्तान और उसके पड़ोसी देशों की 'बार्डर क्रॉसिंग प्वाइंट' (वह सीमा, जहां से एक देश से दूसरे देश में प्रवेश किया जाता है) पर कब्जा शुरू करना। इससे अंतरराष्ट्रीय समुदाय और अफगानिस्तान को तालिबान की ताकत का आभास होने लगा। हालांकि, इस वक्त तक यही भावना प्रबल थी कि अमेरिकी सेनाओं से प्रशिक्षित अफगानिस्तान की फौज आखिरकार तालिबान से लोहा ले ही लेगी। करीब एक सप्ताह पूर्व तालिबान का नया हमला शुरू हुआ और उसने तेजी से अफगानिस्तान की प्रांतीय राजधानियों पर ही नहीं, कंधार, हेरात, मजार-ए-शरीफ, जलालाबाद जैसे मुख्य शहरों को भी अपने नियंत्रण में ले लिया। आश्चर्यजनक यह है कि यहां पर जंग तो छोड़ें, न के बराबर विरोध हुआ। जब इन शहरों के रक्षकों ने देखा कि तालिबान का पलड़ा भारी है, तो उन्होंने आसानी से अपना मोर्चा छोड़ दिया। जाहिर है, गनी सरकार के प्रति उनकी कोई वफादारी नहीं थी, और वहां का सरकारी तंत्र खोखला हो चुका है। असल में, न ही पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई, न राष्ट्रपति अशरफ गनी अफगान के राजनीतिक वर्ग में एकता लाने में सफल हुए और न ही यहां की हर जाति को एक साझा भविष्य दिखा सके। और पश्चिम के देश, जो उनका समर्थन कर रहे थे, वे भी इसे समझ न पाए। नतीजतन, तालिबानी विचारधारा धीरे-धीरे फैलने लगी और तालिबान का वर्चस्व बढ़ता गया। पाकिस्तान, चीन व रूस तो यही चाहते हैं कि तालिबान को जो अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिल रही है, वह कायम रहे। और अंतरराष्ट्रीय मान्यता के लिए ही तालिबानी लड़ाकों ने इस वक्त तक काबुल में प्रवेश नहीं किया है। तालिबानी नेतृत्व की कोशिश यही है, और अमेरिका भी संभवतः यही चाहता है कि अब और खून-खराबा न हो, और अफगानिस्तान की बागडोर तालिबान के हाथ में आ जाए। मुमकिन है कि काबुल में प्रवेश करने के बाद तालिबान अपनी आगामी हुकूमत में कुछ अफगान नेताओं को भी शामिल करे, लेकिन नई सरकार की जो भी रूपरेखा होगी, उस पर पूरी तरह से तालिबान हावी होंगे। अफगानिस्तान अब पूरी तरह से तालिबान के अधीन होगा और उनकी इस्लामी विचारधारा पर ही आगे बढ़ेगा। एक बात और, अफगानिस्तान के सामरिक और रक्षा क्षेत्र पूरी तरह से तालिबान के अधीन होंगे। पाकिस्तान भी यही चाहता है। खेद है कि भारत की विदेश और सामरिक नीतियों के प्रबंधक, जो वैसे बहुत कार्य-कुशल हैं, अफगानिस्तान की बदलती परिस्थिति को भांप न सकें। जबकि, अमेरिका, यूरोपीय देश, चीन, रूस, ईरान जैसे तमाम राष्ट्र तालिबान से खुलकर बातचीत करने लगे थे, लेकिन भारत ने ऐसा नहीं किया।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



1. वैश्वानर- स्थूल जगत रूप शरीर वाले सर्वरूप परमात्मा, 2. तैजस-समस्त ज्योतियों की ज्योति, सब को प्रकाशित करने वाले परम प्रकाशमय हिरण्यगर्भ रूप परमेश्वर, 3. प्राज्ञ- विज्ञानधन, आनन्दमय कारण जगत के अधिष्ठाता परमेश्वर। ओइम्कार की अ, उ, म ये तीन मात्रा ही वैश्वानर, तैजस एवं प्राज्ञ नाम से वर्णित परमेश्वर के तीन पाद यानि उनके नाम हैं 4. परमात्मा का निर्गुण निराकार स्वरूप ही उनका चतुर्थ पाद है। ओम्कार की पहली मात्रा अकार ही समस्त जकत के नामों से अर्थात् शब्द मात्र में व्याप्त होने के कारण और आदि वाला होने से जाग्रत की भांति स्थूल जगत रूप शरीर वाला वैश्वानर नामक पहला पाद है। ओम्कार की दूसरी मात्रा उकार अ से उत्कृष्ट औह दोनों भाव वाला अ और म के बीच में होने के कारण उन दोनों से इसका घनिष्ठ संबंध है। अतः यह उभय रूप है। इसी प्रकार वैश्वानर (स्थूल जगत) तैजस (हिरण्यगर्भ चेतन) उत्कृष्ट है तथा वैश्वानर और प्राज्ञ के मध्यगत होने से उभय संबंधी भी है। इस समानता के कारण ही उनको तैजस नाम दूसरा पाद कहा गया है। उ सूक्ष्म जगत का बोध कराता है, जो कारण जगत और स्थूल जगत दोनों में अवस्थित है। ओम्कार की तीसरी मात्रा मकार अन्तिम मात्रा है। अ और उ के पीछे उच्चारित होती है इस कारण इन दोनों का माप इसमें आ जाता है, अतः यह उनको जानने वाला है। म का उच्चारण होते-होते मुख बन्द हो जाता है अतः अ और उ दोनों उसमें विलीन हो जाते हैं। अ बोलने के साथ मुख खुलता है जो सृष्टि की उत्पत्ति दर्शाता है।

**क्रमशः**

## जागरूक Selfie विद सन



कुश सन रक्षिता-केशव अरोड़ा, जयपुर

## हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

# तुम कब ,कहां ,कैसे और कब आओगे उम्मीद है मुझे ?



विकास कुमार
रिसर्च स्कॉलर
@jagrukjanta.net

व्यक्ति कोई आदर्श नहीं होता। उसका एक विशेष समय और समय विशेष में किया गया कार्य जो परिस्थितियों से निकल करके उमंग भरी मनोगति और क्षणिक सुख की कामना करते हुए मानव सेवा और समर्थ के लिए समर्पित व्यक्ति का व्यक्तित्व ही आदर्श बन जाता। परंतु उस व्यक्ति को क्या कहेंगे? जिसमें यह कार्य करने की कार्य क्षमता तो थी परंतु परिस्थिति आते ही अपने सबसे करीबी और निकटतम के लिए कुछ कर ना सके। दुनिया में सबसे निकृष्ट रूप में दुःख को देखा जाता है। इसके भी कई मायने होते, लेकिन जिसने अपने प्रिय विशेष को सदैव दुखों से वंचित करने के लिए उत्प्रेरित रहता हो और वही दुख की ज्वाला में झुका हुआ मिले वह चाह करके भी कुछ ना कर सके। वह देख रहा हूं अपने प्रिय वस्तु को अपने अधिकार क्षेत्र से वंचित होने में, वह सहन कर रहा हूं उस असहाय पीड़ा को जिसे पीड़ा भी देखकर मुंह मोड़ ले। ऐसा ही एक दुर्भाग्यसाली व्यक्ति था । जिसके पास उम्मीदों का गट्ठर था उसके लिए कुछ सोचा था। मगर क्या करें? सब लुट जाता है कुछ क्षडों मैं। दुनिया भी कितनी स्वार्थी है न जब अपने होते हैं सपनों में खो जाएंगे और जब सपने मिट जाते हैं तब अपनों की याद करते हैं। शायद उसके साथ ऐसा नहीं था! एक छोटे से गांव में जन्मा एक लड़का जिसे प्यार से सब रिंकू कहते थे मगर अचानक नाम का अस्तित्व मिट जाना। यह क्या हो जाता? कहते हैं प्रकृति का सिद्धांत 'सर्वाइवल आफ दी फिटेस्ट' है मगर नहीं। यह एक कृतिम अवधारणा जिसको इस रूप में गढ़ा गया कि व्यक्ति भागता है और जब भागते हुए वह इतना दूर निकल जाए कि वह उन भागे हुए सपनों में अपनों की तलाश करें तो अधूरेपन, अकेलापन और सिवाय निराशा के कुछ हाथ नहीं लगता। कोई कहता है भाग्य का खेल है , कोई कहता है कर्म का फल है, कोई कहता है जो लिखा है वही होता है कोई कहता है उम्मीदें रखो और कोई कहता है जो हो गया रहने दो आगे की सोचो। यह ठीक उसी प्रकार मध्ययुगीन विधवा को दिलाई गई दिलासा के समान वह आश्वासन होता है जिसके बारे में समाज परिचित है क्या हुआ? मृत्यु के भी कई मायने एक समय विशेष और एक जगह विशेष पर हुई व्यक्ति की मृत्यु कब हुई सौभाग्यशाली कहा जाता है, परंतु समय अवधि और समुदाय विशेष के सुख के क्षणों में हुई मृत्यु को दुर्भाग्य कहा जाता । किसी के बिछड़ने के बाद ( जैसे रिंकू था) भी कुछ लोगों को उम्मीद होती तुम आओगे ,बात करोगे , मुस्कुराओगे और ताना मारोगे मेरी मूर्खता पर, क्या सोचते हो? यह सभी ताने शायद मंजूर कर लेगा प्रत्येक व्यक्ति जो कुछ क्षणों के लिए मूर्ख बना था , परंतु ऐसा नहीं हो सकता ।जैसे मेरे पास उम्मीद है तुम्हारे पास ही है। नहीं ना! तो क्या पीड़ा ज्यादा तुमने सही या मैंने? मैं तो अपने सुख दुख को साझा कर सकता। कुछ स्वार्थिओं से, कुछ चाहने वालों से, कुछ तुम्हारे चाहने वालों से, शिक्षकों से, मित्रों से, और उन अडिग रिश्तेदारों से जिन्हें तुम्हारे जाने का दुख और आने की उम्मीद , मुझसे ज्यादा है। अब सिर्फ तुम्हारे लिए संवेदना ही बची हैं।



*लेखक- केंद्रीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में रिसर्च स्कॉलर हैं एवं राजनीतिक विज्ञान में गोल्ड मेडलिस्ट हैं*

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद्
अक्षय शास्त्री



अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 18/08/2021**

**सूर्योदय :** 06:03 **सूर्यास्त :** 18:36 **चन्द्रोदय :** 15:13 **चन्द्रास्त :** 01:30 **शक सम्वत :** 1943 पलवा **अमान्ता महीना :** श्रावण **पूर्णिमांत :** श्रावण **सूर्य राशि :** सिंह **चन्द्र राशि :** धनु **पक्ष :** शुक्ल **तिथि :** एकादशी, 25:06 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1943 प्लव **विक्रम सम्वत :** 2078 आनन्द **गुजराती सम्वत :** 2077 परिधावी **द्रिक ऋतु :** वर्षा **वैदिक ऋतु :** वर्षा **द्रिक अयन :** दक्षिणायण **वैदिक अयन :** दक्षिणायण

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** मूल, 24:00 तक
**योग :** विष्कंभ, 21:08 तक
**प्रथम करण :** वणिजा, 14:13 तक
**द्वितिय करण :** विष्टि, 25:06 तक

## शुभ समय

**ब्रह्म मुहूर्त :** 04:25 ए एम से
**प्रातः सन्ध्या :** 04:47 ए एम स
**अभिजित मुहूर्तः** कोई नहीं
**विजय मुहूर्त :** 02:36 पी एम से
**गोधूलि मुहूर्त :** 06:44 पी एम से
**सायाह्न सन्ध्या :** 06:58 पी एम से
**अमृत कालः** 06:07 पी एम से
**निशिता मुहूर्त :** 12:03 ए एम, अगस्त 19 से
**रवि योग :** 05:52 ए एम से

**निवास और शूल**
दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
चन्द्रवास : पूर्व में
होमाहुतिः शनि

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 06:02 - 07:36 | उद्वेग : 06:35 - 08:01 |
| अमृत | : 07:36 - 09:10 | शुभ : 08:01 - 09:27 |
| काल काल वेला | : 09:10 - 10:45 | अमृत : 09:27 - 10:53 |
| शुभ | : 10:45 - 12:19 | चार : 10:53 - 12:19 |
| रोग वार वेला | : 12:19 - 01:53 | रोग : 12:19 - 01:45 |
| उद्वेग | : 01:53 - 03:27 | काल : 01:45 - 03:11 |
| चार | : 03:27 - 05:01 | लाभ : 03:11 - 04:36 |
| लाभ | :05:01 - 06:35 | उद्वेग : 04:36 - 06:02 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज एकादशी

### आज कौन सा कार्य करें

एकादशी : व्रत, उपवास, धार्मिक कृत्य, देवोत्सव, उद्यापन तथा कथा एकादशी में शुभ है।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

समाजसेवी स्व. इन्द्रपाल चौधरी की प्रथम पुण्य तिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित

# 335 यूनिट रक्त एकत्रित

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net




**जयपुर।** समाजसेवी स्व. इन्द्रपाल चौधरी की प्रथम पुण्य तिथि 15 अगस्त के दिन मुरलीपुरा स्कीम स्थित आर.के. फर्नीचर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 335 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ जो चिकित्सालय में जरूरतमंदों के लिए प्राणदायी साबित होगा। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम श्रीश्याम मित्र परिवार सेवा समिति मुरलीपुरा, समाज सेवा समिति मुरलीपुरा स्कीम, संत मेहरदार ट्रस्ट पूज्य सिंधी पंचायत मुरलीपुरा स्कीम, जांगीड़ विकास समिति मुरलीपुरा के सहयोग से सम्पन्न हुआ। शिविर में समाजसेवी एवं कांग्रेस के सीताराम अग्रवाल, सुरेश चौधरी, भवानीसिंह राठौड़, कैलाश जांगीड़, लोकचंद हरिरामानी, नगेन्द्र वशिष्ठ एवं स्थानीय पार्षद दीपमाला शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। रक्तदाताओं को प्रोत्साहन स्वरूप एक घड़ी तथा गौदान पात्र भेंट किया गया।

## बगड़ नगरपालिका में समय पर सैलरी नहीं मिलने को लेकर सफाई कर्मियों ने दिया धरना प्रदर्शन



**बगड़ @जागरूक जनता।** नगर पालिका में सफाई कर्मियों ने मंगलवार को बगड़ नगर पालिका कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन दिया। नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने समय पर सैलरी नही मिलने पर धरने पर बैठ कर प्रदर्शन किया। इस संबंध में कर्मचारियों ने ईओ को हर 2 तारीख को सैलरी देने की मांग की है। साथ ही आरोप लगाया कि साथ के ऊंच वर्ग के सफाई कर्मियों को जमादार बना दिया। उनसे काम भी नहीं करवाते है जब तक इन दोनों समस्याओं का समाधान नहीं होता तब तक काम पर नहीं लौटेंगे। इस मौके पर अबिता, सुनीता, वंदना, संजू जयप्रकाश, राजेश, मनोज, विजय, सोनू चंदेलिया, रमेश कुमार, प्रीतम प्रीतम, कमलेश चंदेलिया मौजूद रहे।

## बगड़ में शहीद स्मारक पर किया श्रमदान



**बगड़ @जागरूक जनता।** कस्बे के पीरामल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने चिड़ावा रोड विजय कॉलोनी स्थित शहीद प्रशांत बुंदेला के स्मारक पर साफ सफाई अभियान चलाया गया। एनसीसी कैडेट्स ने एक अनूठी परंपरा का शुभारंभ किया। जिसके अंतर्गत क्लीनिंग ऑफ द स्टैचू ऑफ अवर हीरोज का नाम रखा गया। संस्था प्रधानाचार्य रवि कुमार ओझा के निर्देशों पर स्वतंत्रता दिवस पर शहीद स्मारक स्थलों पर सफाई अभियान चलाया गया। एनसीसी के 40 कैडेट्स ने विद्यालय प्रांगण से कोरोना वायरस गाइड लाइन का पालन करते हुए रैली के रूप में प्रशांत बुंदेला की स्मारक पर पहुंचे। जहां पर कैडेट्स व प्रधानाचार्य ने मिलकर पूरे प्रांगण की सफाई की ओर शहीद प्रशांत बुंदेला स्मारक का माल्यार्पण किया। प्रधानाचार्य ने शहीद प्रशांत बुंदेला की जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहां कि शहीद प्रशांत बुंदेला ने अपना फाइटर प्लेन को उड़ाते समय उसमें लगी आग को एक स्कूल को बचाने और एक गांव को बचाने के लिए आग की लपटों में विवान को उड़ाया। उसके बाद पैराशूट से जब जमीन पर आते जाते उनकी रीड की हड्डी टूट गई और जीवन में मौत के बीच संघर्ष करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि एक शक्ति का त्याग केवल अपने पति के लिए होता है लेकिन एक शहीद 125 करोड़ भारतवासियों की रक्षा के लिए अपने प्राण निछावर करता है इसलिए उसका दर्जा ईश्वर के बराबर होता है इसलिए प्रत्येक नौजवान को सहित में इस मार्ग पर जाकर उनके नमन करना चाहिए कि जिनके कारण आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं । इसके साथ ही आज रानी लक्ष्मीबाई जी की जयंती के अवसर पर उनको भी नमन किया गया। शहीद प्रशांत बुंदेला स्मारक की साफ सफाई स्कूल के प्रधानाचार्य रवि कुमार ओझा के सानिध्य में शुरू हुआ कार्यक्रम एनसीसी अधिकारी चंद्रेश शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ।

# जागरूक खबरें

## सामूहिक सुंदरकांड पाठ आयोजित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** श्री जगदम्बा मातेश्वरी मन्दिर समिति नया खेडा द्वारा सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया।टीम शंकर यादव द्वारा बालाजी महाराज का सुंदरकांड पढा गया। समिति उपाध्यक्ष मुकुल सिंह साँचोरा ने बताया कि कोरोना काल के बाद भगवान का धन्यवाद ज्ञापित किया गया भगवान ने इस भयंकर महामारी से आमजन को सुरक्षित रखा।आगे भी सभी पर अपना आशीर्वाद बनाये रखे।काफी संख्या में भक्तों ने सुंदरकांड का पाठ एक साथ पढा।समिति अध्यक्ष भवर सिंह सचिव नवरतन सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह सयुक्त सचिव हेमंत सिंह दरियाव सिंह व्यसवस्थापक मंन्त्री गणपत सिंह संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह प्रचार मंत्री दुर्गा सिंह श्रवण सिंह और अजय सिंह राजू सिंह अर्जुन सिंह आदि पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## एससीए ने अमृत महोत्सव बनाया लाइव और वर्चुअली



**जयपुर @ जागरूक जनता।** संस्कृति चिल्ड्रंस एकेडमी ने कोविड 19 के कारण लगातार दूसरी बार डिजीटल प्लेटफार्म पर लाइव स्वतंत्रता दिवस अमृत महोत्सव धूमधाम से बनाया। इस अवसर पर विद्यालय संयोजक ने बताया कि सभी कक्षा के विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। कक्षा 8 की छात्राएं अदिति दीक्षित व वंशिका अग्रवाल ने डिजीटल मंच संचालन किया। इस दौरान विद्यालय प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने स्वतंत्रता दिवस का महत्व बताया। विद्यालय के छात्रों ने कार्यक्रम में विभिन्न प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, गीत, गायन कविता, शारीरिक सौष्ठव प्रदर्शन एवं भाषण सम्मिलित हैं।

## भींडर पंचायत समिति के 2 उप स्वास्थ्य केन्द्र होंगे पीएचसी में क्रमोन्नत

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उदयपुर जिले की भींडर पंचायत समिति में 2 उप स्वास्थ्य केंद्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में क्रमोन्नत करने के लिए नॉर्म्स में शिथिलता प्रदान की है। गहलोत ने बाठेरडा कलां एवं नीमड़ी के उप स्वास्थ्य केंद्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने के लिए यह मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से उदयपुर जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सकेंगी।





















# जागरूक खबरें

## ब्रह्माकुमारीज ने मनाया स्वतंत्रता दिवस और रक्षाबंधन त्योहार



**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रजापति ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय पीस पैलेस रोड नंबर 6 पर 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस और रक्षाबंधन कार्यक्रम एकसाथ आयोजित किए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अजमेर से आए राजयोगिनी शान्ता दीदी ने अपने प्रवचनों से सबको तृप्त किया। केन्द्र संचालिका हेमा बहन ने स्वतंत्रता दिवस के बारे में जानकारी देते हुए सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। बी.के. कविता बहन ने राखी का आध्यात्मिक अर्थ समझाया। शिबा एवं सिल्वर सटॉक के मालिक मदनलाल शर्मा ने अपने आध्यात्मिक अनुभव साझा किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर बालिकाओं ने देशभक्ति गीत गीतों पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने राखी बांधी और बंधवाई।

## सैल्यूट तिरंगा राजस्थान व व्यापार मंडल वैशाली नगर ने मनाया स्वतंत्रता दिवस




**जयपुर @ जागरूक जनता।** सैल्यूट तिरंगा राजस्थान और वैशाली नगर व्यापार मंडल ने सामूहिक रूप से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वैशाली नगर में झंडारोण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड और कारगिल योद्धा, दशरथ सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैल्यूट तिरंगा प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष ललित सिंह, संगठन मंत्री जयंत, महामंत्री अमित आजाद, प्रभारी विरक्षा, महिला अध्यक्ष रेणु, महिला सचिव विनीता, सचिव मुकेश, जगदीश, युवा अध्यक्ष महेश तोमर, उपाध्यक्ष हेमंत एवं संजीव उपस्थित रहे।

## सरयूपाणी ब्राह्मण समाज राजस्थान के चुनाव सम्पन्न



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सरयूपाणी ब्राह्मण समाज राजस्थान जयपुर के चुनाव आम सहमति से सम्पन्न हो गए। कृष्णा विहार कालोनी स्थित हनुमान मन्दिर में सम्पन्न हुए चुनावों में ओम प्रकाश त्रिपाठी अध्यक्ष एवं सुरेन्द्र प्रसाद चौबे को महासचिव सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। वहीं चुनाव अधिकारी के. आर. पाण्डेय ने अपनी जिम्मेदारी निष्पक्षता से निभाई।

## देवांश ने 75वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधान मंत्री के साथ किया सैलिब्रेट



**जयपुर @ जागरूक जनता।** होनहार बालक बचपन में ही दिखने लग जाता है। चार वर्षीय देवांश ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ किस तरह अपने आपको जोड़ा है। देवांश ने पहले तो अपने स्कूल ग्रूमवेल के साथ आन लाइन भारत का स्वतंत्रता दिवस मनाया। इसके बाद जिस समय प्रधानमंत्री देश को संबोधित कर रहे थे उसी दौरान टीवी के नीचे खड़े होकर प्रधानमंत्री को सैलीब्रेट किया। देवांश के दादा समाजसेवी प्रदीप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और देवांश दोनों का जन्म दिन 17 सितम्बर को आता है।

## भारतीय जीवन बीमा निगम झोटवाड़ा में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस




**जयपुर @ जागरूक जनता।** भारतीय जीवन बीमा निगम झोटवाड़ा शाखा ने आजादी का जश्न हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर वरिष्ठ शाखा प्रबंधक ने शाखा से जुड़ी टीम के सदस्यों का मैडल विनर्स देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में दिनेश ठठेरा, पद्मेश गौड़ एवं महावीर नामा ने सपत्नीक भाग लिया। इन्हें स्वयं शाखा प्रबंधक ने मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

## भगवा रक्षा दल में अनिल शर्मा को कई पदों की मिली जिम्मेदारी



**जयपुर @ जागरूक जनता।** भगवा रक्षा दल में अनिल शर्मा (पूर्व पालिका पार्षद चिड़ावा) को राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी दिल्ली प्रदेश व हरियाणा के पद पर मनोनीत किया गया है। दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। शर्मा ने आशा व्यक्त की कि अनिल शर्मा निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए दल को मजबूत करेंगे तथा अगली सूचना तक अपने पद पर कार्य करते रहेंगे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस



**जयपुर @ जागरूक जनता।** पीपीपी मोड पर विकल्प इंडिया सोसाइटी जयपुर द्वारा संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंबाबाड़ी में 75वां स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया। ध्वजारोहण शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ निपुण शर्मा दनव किया। समारोह में पीपीपी पार्टनर संजय कटारा अध्यक्ष विकल्प इंडिया सोसाइटी मौजूद रहे। समारोह में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हेमा अग्रवाल एवं स्वास्थ्य केंद्र के कार्मिकों ने हर्षोल्लास के साथ समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर आसपास के लोगों ने भी भाग लिया।



# कोरोना योद्धाओं का किया सम्मान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समाज सेवा समिति मुरलीपुरा ने मुरलीपुरा स्कीम स्थित राजकीय चिकित्सालय, आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं होम्योपैथी के स्टाफ का सम्मान किया।इस अवसर पर संस्था ने 75वे स्वतंत्रता दिवस पर कोरोना वारियर्स का प्रशस्ति पत्र देकर डॉ सतीश शर्मा, डॉ. विपिन चन्द्र त्रिवेदी, डॉ. सुभाष चन्द्र शर्मा, डॉ. सुनील गुप्ता, डॉ. महेन्द्र दादरवाल, डॉ. आशीष दीक्षित एवं अस्पताल स्टाफ का सम्मान किया। कार्यक्रम की शुरुआत में स्थानीय पार्षद दीपमाला शर्मा व चिकित्सालय प्रभारी डॉ सतीश शर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर समाज सेवा समिति के अध्यक्ष हरफूल सिंह, कोषाध्यक्ष भवानीसिंह राठौड़, सहसचिव नगेन्द्र वशिष्ठ, सदस्य मोहनलाल नामदेव, भंवरअली निर्वाण एवं ओमप्रकाश खत्री सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## राजेंद्र अध्यक्ष, नैनीवाल महासचिव नियुक्त, चाकसू जार विधानसभा ईकाई गठित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** जर्नलिस्टस एसोसिएशन ऑफ राजस्थान जार के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा की अध्यक्षता एवं प्रदेश महासचिव संजय सैनी, प्रदेश सचिव भाग सिंह एवं जयपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष जगदीश शर्मा के आतिथ्य में चाकसू क्षेत्र के पत्रकारों की बैठक हुई । बैठक में मौजूद पत्रकारों ने सर्व सहमति से जार की चाकसू विधानसभा क्षेत्र की कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें अध्यक्ष पद पर डॉ राजेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, महामंत्री विनोद नैनीवाल, कोषाध्यक्ष शंकर लाल बैरवा व संगठन मंत्री महादेव सैनी को चुना गया । कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अनिल नैनीवाल व खेमराज दाधीच को लिया गया। कार्यकारिणी संरक्षक अनिल पारीक को बनाया गया। चाकसू अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि शीघ्र ही कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा।

## एक शाम शहीदों के नाम



**जयपुर @ जागरूक जनता।** आजादी की 75 वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में श्याम नगर मंडल द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया जिसमें पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी के नेतृत्व में गुर्जर की थड़ी पर एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम रखा गया है। जिसमे पोलिश कर्मियों का सम्मान किया गया कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी ,श्याम नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव, धीरज पाण्डेय एवम् समस्त पार्षद , श्याम नगर मंडल के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राशिफल

श्रावण, शुक्ल, एकादशी, 2078 बुधवार, 18 अगस्त - 24 अगस्त, 2021

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
**आंखों** का विशेष ध्यान रखें। चोट व रोग से बचें। सुख के साधन जुटेंगे। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। सरकारी कामकाज में अनुकूलता रहेगी। स्थिति नियंत्रण में रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
**जीवनसाथी** को भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लापरवाही न करें। कोर्ट व कचहरी तथा सरकारी कामों में अनुकूलता रहेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
**कार्यक्षेत्र** के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। बिगड़े काम बन सकते हैं। समाजसेवा करने का मन बनेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
**तत्काल** लाभ नहीं होगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यकारी नए अनुबंध हो सकते हैं। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यावसायिक** प्रवास सफल रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। कोई नई समस्या आ सकती है। शारीरिक कष्ट भी आशंका है, लापरवाही न करें। नौकरी में चैन रहेगा।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**रोजगार** प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। व्यावसायिक प्रवास हो सकता है। काम में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति हो सकती है।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**कार्य** के प्रति उत्साह रहेगा। जल्दबाजी न करें। भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना सफल रहेगी। कुबुद्धि हावी रह सकती है इसलिए कोई भी निर्णय सोम-समझकर करें।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**व्यवस्था** में मुश्किल होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। गुस्से पर काबू रखें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। धनहानि की आशंका बन सकती है। व्यापार ठीक चलेगा।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
**समय** पर कर्ज चुका पाएंगे। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देंगे। निवेश शुभ फल देगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। भाग्य का साथ मिलेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**दूर** से दुःखद समाचार मिल सकता है। भागदौड़ रहेगी। समय पर काम नहीं होने से तनाव रहेगा। गुस्से पर काबू रखें। व्यापार-व्यवसाय में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी में अधिकारी अधिक की अपेक्षा करेंगे।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**घर** में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता बढ़ेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आनंद और उल्लास के साथ जीवन व्यतीत होगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**यात्रा** मनोरंजक रहेगी। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य को नजरअंदाज न करें। बेवजह विवाद हो सकता है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

## 50 वर्षीय मरीज के कुल्हे के जोड़ को किया प्रत्यारोपण, 48 घंटे में मिली छुट्टी

**सवाई माधोपुर @ जागरूक जनता।** सवाई माधोपुर जिले के एक अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने एक मरीज के कुल्हे के खराब हो चुके जोड़ का सफल ऑपरेशन कर उसे नया जीवन प्रदान किया है। इतना ही नहीं मरीज को जटिल ऑपरेशन के बाद 48 घंटों के भीतर ही घर के लिए छुट्टी भी दे दी गई। बताया जा रहा है कि मलारना डूंगर निवासी 50 वर्षीय केदार गुर्जर लगभग 5 वर्षों से इस गंभीर समस्या से जूझ रहा था। मरीज की स्थिति इतनी गंभीर तक हो गई थी कि उसका खड़ा हो पाना भी मुश्किल हो गया था। वहीं ऑपरेशन करने वाले डॉ. यू एस मीना, हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ, ने बताया कि मरीज केदार गुर्जर कुल्हे में गंभीर तकलीफ के चलते अस्पताल में भर्ती हुआ था। जांच करने पर पता चला कि मरीज के कुल्हे का जोड़ पूरी तरह खराब हो चुका था। इस कारण मरीज का एक पैर छोटा भी पड़ गया था एवं स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी थी कि मरीज खड़ा ही नहीं हो पा रहा था। ऐसे में परिजनो की सहमति से अस्पताल में मरीज का ऑपरेशन कर कुल्हे के जोड़ का सफल प्रत्यारोपण किया गया।

**मरीज** केदार के कुल्हे के एक हिस्से में ज्वाइंट पूरी तरह खराब हो चुका था, जिसका जटिल ऑपरेशन कर जोड़ प्रत्यारोपण किया गया है। अब मरीज पूरी तरह से स्वस्थ हैं और दो दिन निगरानी में रखने के बाद छुट्टी भी दे दी गई है। - **डॉ. यू एस मीना,** हड्डी एवं स्पाइन (नसों के) रोग विशेषज्ञ, सवाई माधोपुर

## सादगी से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**जयपुर @ जागरूक जनता।** शिवशक्ति पैराडाइस वेलफेयर सोसाइटी के निवासियों ने देश का 75 वां स्वाधीनता दिवस हर साल के भांति झंडारोहण कर सादगी से मनाया। इस अवसर पर कर्नल फूल सिंह मेहला (रिटायर्ड) और हृष्टष्ट कैडेट हर्षिका जालान ने झंडा रोहन किया और तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर गोविंद केजरीवाल,संजय पेड़ीवाल,अशोक शर्मा,भास्कर शर्मा,कमलेश सोमानी, कमल किशोर मूंधड़ा, शंकर अग्रवाल, डॉ अश्वनी जालेवा और मनिष कुमार जालान ने सभी को लड्डू बांटे और बच्चों को टॉफियों भी बांटी।

## युवा संकल्प यात्रा के तहत निकाली साईकिल रैली

**भीनमाल @ जागरूक जनता।** आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तरह भारतीय जनता पार्टी जालोर जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह राव, भीनमाल विधायक पुराराम चौधरी एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार पर भाजपा युवा मोर्चा भीनमाल द्वारा स्वाधीनता दिवस की 75वीं वर्षगाँठ पर साईकल रैली का आयोजन किया गया। रैली अम्बाजी मंदिर तवाव से रवाना होकर गांव में निकाली गई जिसमे वरिष्ट वचनाराम राजपुरोहित, मण्डल उपाध्यक्ष निसार चौहान, तवाव उपसरपंच जोराराम देवासी, महामंत्री मदनसिंह, विकास सोलंकी, सयोजक अशोक प्रजापत, बुथ अध्यक्ष गणपत सिंह, राणाराम देवासी, मेहन्द्रसिंह, दलपत सिंह, रामलाल सुथार, कैलाश सुथार, बगदाराम, विक्रम लष्कार, भावेश, समलाराम, सलीम, किशनलाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


# कार्यालय नगरपरिषद, बालोतरा जिला-बाडमेर (राज.)

क्रमांक : नपबा/2021/1679-1680 दिनांक: 17.8.21

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। नगर परिषद सीमा क्षेत्र में निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा विभिन्न खसरों में भूमि नियमन की पत्रावलियां प्रस्तुत की गई हैं। जिसका खसरा वाईज विवरण निम्न प्रकार है:-

## नोटिस एतराज

| क्र.सं. | पत्रावली सं. | खसरा सं. | प्रार्थी का नाम | वार्ड | भूमि का नाप | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1381 | 898/434 | जेठी देवी / नन्द किशोर चौहान | बालोतरा | 138.88 | आवासीय |
| 2. | 1382 | 674 | गफूर खां / बरकत खां तेली | बालोतरा | 138.88 | आवासीय |
| 3. | 1383 | 220 | जितेन्द्र / लच्छा राम जी | बालोतरा | 133.33 | आवासीय |
| 4. | 1384 | 220 | जितेन्द्र / लच्छा राम जी | बालोतरा | 133.33 | आवासीय |
| 5. | 1385 | 609 | हितकारी हॉस्पिटल | बालोतरा | 802.13 | आवासीय |
| 7. | 1387 | 435 | गौतम चन्द / रिखब चंद | बालोतरा | 150 | आवासीय |
| 8. | 1388 | 276 | धीरज गुप्ता / चन्द्र प्रकाश | बालोतरा | 175 | आवासीय |
| 9. | 1389 | 247 | बाबूलाल / तुलसाराम प्रजापत | बालोतरा | 213.33 | आवासीय |
| 10. | 1390 | भूखण्ड संख्या 20 | दिनेश / नरपत लाल | बालोतरा | 105.55 | आवासीय |
| 11. | 1391 | 293 | मंजू कंवर /मांगीलाल जी | बालोतरा | 166.66 | आवासीय |
| 12. | 1392 | 364 | मो. सुबान / अयूब जी | बालोतरा | 138.27 | आवासीय |
| 13. | 1393 | 294 | जेठाराम / मोतीराम | बालोतरा | 133.33 | आवासीय |
| 14. | 1394 | 994 | ढलीराम / लादूराम | बालोतरा | 133.33 | आवासीय |
| 15. | 1395 | 300/1 | राधेश्याम / सांवलाराम | बालोतरा | 138.88 | आवासीय |
| 16. | 1396 | 381 | भगराम / पुनमाराम | बालोतरा | 138.88 | आवासीय |
| 17. | 1397. | 353 | गीता / दोलाराम | बालोतरा | 155.55 | आवासीय |
| 18. | 1398 | 02 | सुमन / कहराराम | बालोतरा | 1676 | आवासीय |
| 19. | 1399 | 547/332 | टीकम सिंह / मानसिंह | बालोतरा | 138.88 | आवासीय |
| 20. | 1400 | 749/3 | देवी लाल सिंह / ओमप्रकाश | बालोतरा | 138.88 | आवासीय |
| 21. | 1401 | 749/3 | दीपिका अमरावत / देवपाल सिंह | बालोतरा | 138.88 | आवासीय |
| 22. | 1402 | 754/564 | दयाल चंद / छगन लाल सोनी | बालोतरा | 223.04 | आवासीय |
| 23. | 1403 | 567 | परमेश्वरी / किशनलाल | बालोतरा | 303.01 | आवासीय |
| 24. | 1404 | 680/128 | राजेश / रामगोपाल | बालोतरा | 358.88 | आवासीय |
| 25. | 1405 | 680/128 | कमलेश/ रामगोपाल जी | बालोतरा | 362.22 | आवासीय |
| 26. | 1406 | 755 | यशोदा / राणविजय सिंह | बालोतरा | 166.66 | आवासीय |
| 27. | 1407 | 680/128 | इन्द्रा / जगदीश चन्द्र | बालोतरा | 133.33 | आवासीय |
| 28. | 1408 | 755 | सुशील / जीवराज सिंह | बालोतरा | 166.66 | आवासीय |
| 29. | 1409 | 680/128 | सोहन लाल / रामगोपाल | बालोतरा | 352.93 | आवासीय |
| 30. | 1410 | 1574/729 | प्रवीण / देवी चन्द चौपड़ा | बालोतरा | 605.55 | आवासीय |
| 31. | 1411 | 755 | शकुंतला / नगेन्द्र सिंह | बालोतरा | 294.44 | आवासीय |
| 32. | 1412 | 1627 | मापी देवी / विक्रम भारती | बालोतरा | 133.33 | आवासीय |
| 33. | 1413 | 330/2 | डॉ. नीतू / डॉ. राकेश ओसवाल | बालोतरा | 266.66 | आवासीय |
| 34. | 1414 | 42 | धर्मेन्द्र / मोतीलाल | बालोतरा | 577.77 | आवासीय |
| 35. | 1415 | 535/6/1 | प्रदीप / राणभारती | बालोतरा | 204.93 | आवासीय |
| 36. | 1416 | 434/2 | रामकिशोर / बडीराम जाखड़ | बालोतरा | 1006.24 | आवासीय |
| 37. | 1417 | 1043/447 | मोहनी / हिम्मताराम | बालोतरा | 138.88 | आवासीय |
| 38. | 1418 | 840/331 | भूपेन्द्र / सोनाराम | बालोतरा | 138.88 | आवासीय |
| 39. | 1419 | 417 | मंजू देवी / भीमाराम | बालोतरा | 138.88 | आवासीय |
| 40. | 1420 | 60 | नन्द किशोर / मदनलाल | बालोतरा | 2222.22 | औद्योगिक |
| 41. | 1421 | 60 | जुगल किशोर / मदनलाल | बालोतरा | 2222.22 | औद्योगिक |
| 42. | 1422 | 60 | राम प्रकाश / जगदीश प्रसाद | बालोतरा | 4444.44 | औद्योगिक |
| 43. | 1423 | 75 | गौरव / रामकिशोर | बालोतरा | 355.56 | औद्योगिक |
| 44. | 1424 | | कांत गुप्ता / दिलीप गुप्ता | बालोतरा | 888.88 | औद्योगिक |
| 45. | 1425 | 75 | मुस्ताक अहमद / हबीब मो. | बालोतरा | 444.44 | औद्योगिक |
| 46. | 1426 | 498/175 | जितेन्द्र / अम्ब सिंह | बालोतरा | 4447.63 | औद्योगिक |
| 47. | 1427 | 75 | सुलेमान / सफी मो. | बालोतरा | 444.44 | औद्योगिक |
| 48. | 1428 | 75 | निरंजन / रतनलाल मोदी | बालोतरा | 888.88 | औद्योगिक |
| 49. | 1429 | 75 | मेड़ता टेक्सटाईल | बालोतरा | 733.33 | औद्योगिक |
| 50. | 1430 | 70 | गौतम चंद / रतन चंद | बालोतरा | 12059.67 | औद्योगिक |
| 51. | 1431 | 75 | अनिता / अमित कुमार | बालोतरा | 444.44 | औद्योगिक |
| 52. | 1432 | 75 | रेणु / अनिल अग्रवाल | बालोतरा | 408.88 | औद्योगिक |
| 53. | 1433 | 199/77 | राजकुमार / खीमराज | बालोतरा | 2627.78 | औद्योगिक |
| 54. | 1434 | 625 | घीसूलाल / मिश्रीमल | बालोतरा | 147.77 | आवासीय |
| 55. | 1435 | 625 | घीसूलाल / मिश्रीमल | बालोतरा | 190 | आवासीय |
| 56. | 1436 | 625 | घीसूलाल / मिश्रीमल | बालोतरा | 147.77 | आवासीय |
| 57. | 1437 | 625 | घीसूलाल / मिश्रीमल | बालोतरा | 190 | आवासीय |
| 58. | 1438 | 625 | घीसूलाल / मिश्रीमल | बालोतरा | 147.77 | आवासीय |
| 59. | 1439 | 625 | घीसूलाल / मिश्रीमल | बालोतरा | 222.22 | आवासीय |
| 60. | 1440 | 487/198 | भरत कुमार / अयोध्या प्रसाद | बालोतरा | 2575.12 | औद्योगिक |
| 61. | 1441 | 880/394 | धर्माराम / कोजाराम | बालोतरा | 116.17 | आवासीय |
| 62. | 1442 | 464 | भंवरलाल / चिमनाराम | बालोतरा | 92.94 | आवासीय |
| 63. | 1443 | 464 | गिगी / भंवरलाल मेघवाल | बालोतरा | 74.35 | आवासीय |
| 64. | 1444 | 1387/318 | एलसी / रामाराम विश्नोई | बालोतरा | 133.33 | आवासीय |
| 65. | 1445 | 318 | जबर सिंह / भीखसिंह | बालोतरा | 200.00 | आवासीय |
| 66. | 1446 | 318 | रावल सिंह / लाल सिंह | बालोतरा | 200.00 | आवासीय |
| 67. | 1447 | 998/385 | कमला / बाबूलाल जाट | बालोतरा | 188.88 | आवासीय |
| 68. | 1448 | 1721/507 | गजेसिंह / भूरसिंह | बालोतरा | 116.17 | आवासीय |
| 69. | 1449 | 273 | कुलदीप / रेखाराम | बालोतरा | 188.88 | आवासीय |
| 70. | 1450 | 275 | बाबूलाल / मानाराम | बालोतरा | 138.88 | आवासीय |
| 71. | 1451 | 273 | भुवनेश / रेखाराम जाट | बालोतरा | 188.88 | आवासीय |
| 72. | 1452 | 998/385 | भंवराराम / मगाराम जाट | बालोतरा | 222.22 | आवासीय |
| 73. | 1453 | 998/385 | जितेन्द्र / गंगाराम | बालोतरा | 166.66 | आवासीय |
| 74. | 1454 | 998/385 | शंकर लाल / बाबूलाल | बालोतरा | 172.22 | आवासीय |
| 75. | 1455 | 275 | रेखाराम / मानाराम | बालोतरा | 138.88 | आवासीय |
| 76. | 1456 | 998/385 | राजूराम / गंगाराम | बालोतरा | 166.66 | आवासीय |
| 77. | 1457 | 997/385 | गुड्डी / हुकम सिंह | बालोतरा | 138.88 | आवासीय |
| 78. | 1458 | 997/385 | गुड्डी / हुकम सिंह | बालोतरा | 138.88 | आवासीय |
| 79. | 1459 | 843/331 | गुड्डी / हुकम सिंह | बालोतरा | 138.88 | आवासीय |
| 80. | 1460 | 998/385 | वगताराम / पदमाराम | बालोतरा | 130.55 | आवासीय |
| 81. | 1461 | 1048/14 | मांगीदेवी / सखाराम भील | बालोतरा | 181.22 | आवासीय |
| 82. | 1462 | 312 | संजय / मोहनलाल | बालोतरा | 288.88 | आवासीय |
| 83. | 1463 | 312 | गौरव / श्याम लाल राठी | बालोतरा | 271.25 | आवासीय |
| 84. | 1464 | 312 | सुश्री पूजा / सत्यनारायण | बालोतरा | 283.88 | आवासीय |
| 85. | 1465 | 312 | ममता / गौतम चंद | बालोतरा | 180.55 | आवासीय |
| 86. | 1466 | 312 | गौतम / गौतम चंद | बालोतरा | 1745.33 | आवासीय |
| 87. | 1467 | 312 | गौतम / बच्छाराज | बालोतरा | 1785.51 | आवासीय |
| 88. | 1468 | 312 | गौतम / बच्छाराज | बालोतरा | 1367.38 | आवासीय |
| 89. | 1469 | 1069/14 | राहुल / किशोर भंसाली | बालोतरा | 242.00 | औद्योगिक |
| 90. | 1470 | 318 | शैतानसिंह / भंवर सिंह | बालोतरा | 266.66 | व्यवसायिक |
| 91. | 1471 | 337 | कालू / गुणेशा मिल | बालोतरा | 185.80 | आवासीय |
| 92. | 1472 | 337 | आनंदवीर / निम्बाराम | बालोतरा | 185.80 | आवासीय |
| 93. | 1473 | 850/336 | जेठीदेवी / अचलाराम | बालोतरा | 138.88 | आवासीय |
| 94. | 1474 | 338 | गौतम चंद / मूलाराम | बालोतरा | 111.11 | आवासीय |
| 95. | 1475 | 432 | सुपाकंवर / उत्तम सिंह | बालोतरा | 138.88 | आवासीय |
| 96. | 1476 | 432 | पर्वत सिंह / खुमान सिंह | बालोतरा | 277.77 | आवासीय |
| 97. | 1477 | 432 | मेवा कंवर / लादू सिंह | बालोतरा | 138.88 | आवासीय |
| 98. | 1478 | 673 | सताराम / जोराराम | बालोतरा | 13.33 | आवासीय |
| 99. | 1479 | 240 | संतोष कुमार / मोहन लाल | बालोतरा | 138.88 | आवासीय |
| 100. | 1480 | 289 | सवाई राम / अचलाराम | बालोतरा | 166.66 | आवासीय |
| 101. | 1481 | 89 | पुष्पा देवी / बांकाराम | बालोतरा | 535.5 | आवासीय |
| 102. | 1482 | 319 | महेश कुमार / जोगाराम | बालोतरा | 133.33 | आवासीय |
| 103. | 1483 | 319 | दिनेश कुमार / जोगाराम | बालोतरा | 133.33 | आवासीय |
| 104. | 1484 | 1065/14 | शुभम गुप्ता / पवन कुमार गुप्ता<br>किशन कुमार / अशोक कुमार गुप्ता<br>विपुल गुप्ता / चतुर्भुज गुप्ता | बालोतरा | 4999.15 | औद्योगिक |

**उपरोक्त 104 पत्रावलियों नियमन हेतु प्राप्त हुई है। अतः किसी व्यक्ति को इस बाबत कोई एतराज हो तो 07 दिवस के अन्दर अपना एतराज परिषद् कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा म्याद बाद गुजरने के एतराज मान्य नहीं होगा तथा परिषद् द्वारा नियमन की कार्यवाही की जाएगी।**

ह./-
(शिवपाल सिंह)
आयुक्त
नगर परिषद्, बालोतरा

## जागरूक खबरें

### बिरला अस्पताल पिलानी के फिजिशियन डॉ. राजेंद्र सम्मानित



**पिलानी @ जागरूक जनता।** बिरला कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग पिलानी परिसर में 75 वा स्वंत्रता दिवस मनाया गया अस्पताल के फिजिसियन डॉ. राजेंद्र शर्मा द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. के. जैन ने बताया कि मुख्य मंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत अच्छा कार्य करने एवं कोविड -19 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने के उपलक्ष में स्वाधीनता दिवस समारोह 2021 के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा अस्पताल निदेशक डॉ मधुसूदन मालानी को प्रशस्ति- पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी उपलक्ष में खुशी जाहिर करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. के. जैन द्वारा कोविड महामारी के समय अस्पताल में भर्ती मरीजों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए अस्पताल के फिजिसियन डॉ. राजेंद्र शर्मा को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया व अस्पताल की पूरी टीम को बधाई देकर आभार जताया इस अवसर पर बिरला कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग की छात्राओं ने राष्ट्र भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी।

### अंजुमन सदर शोएब लाला ने किया अंजुमन में ध्वजारोहण

**निम्बाहेडा @ जागरूक जनता।** आजादी की 75 वी वर्षगाँठ पर अंजुमन इस्लाम कमेटी के सदर शोएब लाला ने अंजुमन परिसर में स्थिति अन्जुमन माद्यमिक विधालय में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के इस कार्यक्रम में शहर काज़ी आबिद हुसैन, हाफिज सईद मेव, अन्जुमन सेकेट्री ख़्वाजा हुसैन, समाजसेवी हाजी कल्लू बा, डॉ ए एच् खान, एडवोकेट वज़ाहत उल्ला खान सहित विद्यालय स्टाफ़ सहित अंजुमन इस्लाम कमेटी के सदस्य सलाम मुल्तानी, हाशम लोहार,रफ़ीक मेव सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष दशोरा का स्वागत



**चित्तौड़ @ जागरूक जनता।** भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष वीणा दशोरा का गुप्ता के बंगले पर अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र वैष्णवअमराणा प्रदेश मंत्री महेंद्रसिंह सूरजनियास चित्तौड़ जिलाध्यक्ष राजू अग्रवाल शंभूपुरा उदयपुर संभाग महिला प्रभारी रेनू मिश्रा भाजपा महिला नेता प्रतिमा गुप्ता मधु पारीक विधादेवी अग्रवाल चित्तौड़ रामेशवर मीणा तहसील मंत्री रतन लाल गुर्जर सामरी और कई कार्यकर्ताओं ने वीणा दशोरा का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। भा.ज.पा जिलाध्यक्ष वीणा दशोरा ने बताया कि भाजपा की रीति नीति केंद्र सरकार की योजनाओं को हर कार्यकर्ताओं के पास पहुंचाने की कोशिश करूंगी। गरीब महिलाओं की हर समय मदद करने की तत्पर रहूंगी।

### एनएसएस में ध्वजारोहण



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** नारायण सेवा संस्थान में 75वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मानव मंदिर परिसर में संस्थापक पद्मश्री कैलाश मानव ने अंकुर कॉम्प्लेक्स में अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल व सेवाधाम में निदेशक वंदना अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसी तरह बड़ी व बलीचा स्थित संस्थान भवन परिसरों में तिरंगा फहराए गए। महिम जैन ने राष्ट्र भक्ति कविता पाठ किया।

### महावीर लिंब सेंटर में मनाया 75वां स्वतंत्रता दिवस



**हुबली @ जागरूक जनता।** आल इंडिया जैन युथ फेडरेशन हुबली द्वारा किम्स परिसर में संचालित महावीर लिंब सेंटर 75 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चेयरमैन वीरेंद्र जैन द्वारा तिरंगा फहराया गया। इस दौरान वीरेंदर जैन ने कहा की महावीर लिंब सेंटर पिछले 25 वर्षो से लिंब सेंटर के संथापक अध्यक्ष महेन्द्र सिंघी के नेतृत्व में दिव्यांग सेवा में अनवरत लगा हुआ है हमारे सेंटर के मध्यम्स से हजारो दिव्यांगों को स्वावलंबवि जीवन जीने के लिए प्रेरित कर रहा है, अनेक दानदाताओ का आभार जताते हुए जैन ने कहा की दानदाता दिल खोलकर दान दे रहे है जिनके माध्यम से हम अनेक दिव्यांगों को कृत्रिम पाँव लगाकर उनको स्वावलम्बी बना रहे है। फेडरेशन के उपाध्यक्ष अशोक कोठरी ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाये देते हुए कहा की लिंब सेंटर में आकर कृत्रिम पैर लगा कर अनेक लाभान्वित दिव्यांग बंधू सिलाई का कार्य, खेती का कार्य सहित अनेक कार्य करकर अपना जीवन निर्वहन बिना किसी के ऊपर आधारित होकर खुद निर्वहन कर रहे है यह देखकर हमे खुशी होती है । इस अवसर पर फेडरशन उपाध्यक्ष अशोक कोठारी, निर्मल जैन, जीतेन्द्र पोरवाल, सुभाषचन्द्रा डंक सहित अन्य उपस्तिथ थे।

### वंडर सीमेंट लि. में ध्वजारोहण कर मनाया "75वां स्वतंत्रता दिवस"



**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** वंडर सीमेंट लिमिटेडआर. के. नगर, निम्बाहेड़ा में 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यूनिट हेड़ नितिन जैन द्वारा कम्पनी के प्रशासनिक भवनमें ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद जैन ने देश के स्वतन्त्रता सेनानियों को याद किया तथा इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस की थीम"नेशन फर्स्ट, ऑलवेज फर्स्ट"को प्राथमिकता देते हुए वंडर सीमेंट के कार्मिक होने के नाते वंडर को भी फर्स्ट रखकर देशहित में कार्य करते रहने हेतु अपील की। कार्यक्रम में वंडर सीमेंट के वरिष्ठ अध्यक्ष (वर्क्स) एस.एम. जोशी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। वंडर सीमेंट के प्रतिनिधि ने बताया की कम्पनी में समारोह के दौरान कोविड-19 महामारी के दौर में उत्कृष्ट सेवाओं हेतुवंडर सीमेंट चिकित्सालय के चिकित्सा प्रभारी डॉ. विश्वास जैन एवं उनकी टीम को प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कम्पनी के ऐसोसिएट महाप्रबन्धक (एच.आर.) कपिल व्यास ने किया तथा महाप्रबन्धक (एच.आर.) श्रीविनय कुमार शर्मा द्वारा समारोह में पधारे अतिथियों, आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्वतंत्रता दिवस पर ज़िला कलेक्टर एकादश बनाम पत्रकार एकादश के बीच मैत्री क्रिकेट आयोजित

# 18 साल इंतजार के बाद प्रशासन से पत्रकारों ने मारी बाजी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** हर वर्ष की तरह इस बार भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर एकादश व पत्रकार एकादश के बीच एक मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया इस मैत्री मैच में पत्रकारों ने 18 वर्ष का इतिहास बदल दिया और 5 विकेट से मैच को जीत लिया जानकारी के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिंक नगर ग्राउंड में जिला कलेक्टर एकादश और पत्रकार एकादश के बीच 20-ट्वेंटी ओवर का मैत्री क्रिकेट में खेल गया जिसमें प्रशासन एकादश के कप्तान ताराचंद मीणा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय किया।

प्रशासन एकादश की ओर से कोतवाली सीआई तुलसीराम प्रजापति व उपखंड अधिकारी श्यामसुंदर विश्नोई ओपनिंग बल्लेबाजी करने आए कोतवाली सीआई ने पहले ही और में एक चौका और एक छक्का जड़ा, लेकिन सलामी बल्लेबाजी आगे तक नहीं जा पाई। दूसरे ही ओवर में एसडीएम श्यामसुंदर विश्नोई मात्र 4 रन पर आउट हो गए। तीसरे नंबर के बल्लेबाज तहसीलदार शिव सिंह बल्लेबाजी करने उतरे। लेकिन 1 रन के स्कोर पर ही रन चुराने के चक्कर में क्रीच में पहुँचने के लिए वे गिरे उनके हाथ में चोट लग गई, जिसके बाद उन्हें रिटायर्ड हर्ट किया गया। इसके बाद अच्छी बल्लेबाजी कर रहे कोतवाली सीआई तुलसीराम ने हवा में शॉट खेला लेकिन सीमा रेखा के पास ही अमित दशोरा ने कोई गलती नहीं करते हुए कैच कर लिया। सेकेंड डाउन पर जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा बल्लेबाज़ी करने आये और स्कोर को आगे बढ़ाने लगे। उनका साथ बखूबी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अरविंद सनाढ्य ने निभाया। दोनों की 51 रन की साझेदारी से जिला प्रशासन एकादश ने 123 रन 20 ओवर में बनाएं। पत्रकार एकादश की ओर से सबसे अधिक विकेट रोहन ने लिए जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अरविंद सनाढ्य ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 51 रन की साझेदारी की बदौलत प्रशासन एकादश ने कुल 20 ओवर में 124 रन का टारगेट पत्रकारों को दिया। पत्रकारों की ओर से गोलू सनाढ्य व खलील सलामी बल्लेबाजी करने उतरे लेकिन दूसरे ही ओवर में शहर डीएसपी मनीष शर्मा ने गोलू को सीआई तुलसीराम के हाथों कैच आउट करवा दिया और अगली बॉल पर खलील को पॉइंट पर चलता बना किया। डीएसपी मनीष शर्मा ने सबसे अधिक 3 विकेट लिए । वहीं एसडीएम श्यामसुंदर विश्नोई ने भी बहुत अच्छी गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। शहर कोतवाल तुलसीराम प्रजापति ने एक विकेट झटका।

पत्रकारों ने 124 रन का पीछा करते हुए 18 वे ओवर में 5 विकेट से जीत दर्ज कर ली और 18 साल का इतिहास बदल लिया पत्रकारों की ओर से रोहन ने सबसे अधिक 35 रन व शाहरुख ने 10 रन बनाए। पत्रकार इलियास मोहम्मद ने विकेट कीपिंग कर अच्छा प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला परिषद सीईओ ज्ञानमल खटीक अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार स्वामी, RAS सीडी चारण,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिम्मत सिंह देवल, हिंदुस्तान जिंक के सीएसआर हेड विशाल अग्रवाल वरिष्ठ पत्रकार पीके अग्रवाल, नरेश ठक्कर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों कर्मचारियों ने दोनों टीमों का बाहर से उत्साह वर्धन किया।

## अजंलि ने देशभर में बढ़ाया सिरोही का मान

### राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में किया बेहतरीन प्रदर्शन



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सिरोही।** लफ्ज़ द इंडियन स्पीकर फोरम के तत्वावधान में दूसरे संस्करण के तहत स्पीक इंडिया 2.0 के नाम से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भारत देश के विभिन्न वक्ताओं ने भाग लिया। जिन प्रतिभागी वक्ताओं की स्पीच को लफ्ज़ के ऑफिशियल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया गया। जहां पर भारतभर के दर्शकों ने बेहतरीन दस वीडियो को जमकर सराहा और प्रतिक्रिया दी। जिसके माध्यम से लफ्ज़ ने क़रीब सात से आठ लाख दर्शकों तक पहुंच बनाई। इसी संदर्भ में राजस्थान के सिरोही से अजंलि माली के वीडियो को खूब सराहा गया। जिसके तहत 8077 दर्शकों के साथ 6 स्थान हासिल किया। वही राजस्थान को भारत मे टॉप 10 में जगह मिली। प्राप्त जानकारी अनुसार अजंलि माली के वीडियो को यूट्यूब पर 1100 लाइक 8000 दर्शक मिले, सोशल मीडिया प्लेटफार्म इस्ट्राग्राम पर 3300 दर्शक व फेसबुक पर 500 दर्शकों ने देखा। अजंलि माली ने देसभर में राजस्थान का नाम रोशन किया ।

## मोहनलाल सुखाड़िया विवि में श्री कल्लाजी वैदिक निजी विवि का होगा विलय

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**उदयपुर।** प्रदेश में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के उन्नयन, युवाओ को उच्च शिक्षा के सुलभ और समुचित अवसर प्रदान करने, उत्कृष्ट शैक्षणिक व्यवस्था, रोजगार नियोजन के नवीन अवसरों के सृजन के साथ सुविवि के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने प्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था में प्रथम बार विश्वविद्यालय विस्तार की नवीन परिभाषा और मानक तय कर दिए हैं। हाल ही में हुए समझौते के तहत श्री वैदिक कल्लाजी विश्वविद्यालय मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में विलय होने जा रहा, इसको लेकर दोनों विश्वविद्यालय प्रबंधन के मध्य सहमति बनी है। जिसके अंतर्गत राज्य में परंपरागत भारतीय ज्ञान-विज्ञान, वैदिक साहित्य और संस्कृति के लिए समर्पित कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय निंबाहेड़ा शीघ्र ही मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर में समायोजित होने जा रहा है। इस संबंध में सुविवि के कुलपति प्रो.अमेरिका सिंह तथा श्रीकल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय के प्रायोजक निकाय शेषावतार कल्लाजी वेदपीठ की ओर से चेयरपर्सन कैलाश मूंदड़ा तथा विश्वविद्यालय प्रेसीडेंट प्रो. लक्ष्मी शर्मा, बोम सदस्य -सुविवि के संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. नीरज शर्मा ने राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र तथा प्रदेश के उच्चशिक्षा मंत्री भंवर सिंह भाटी से मुलाकात की और विलय की कार्ययोजना से उन्हें अवगत कराया। राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र से भेंट के दौरान श्रीकल्लाजी वैदिक विवि के चेयरपर्सन कैलाश मूंदड़ा ने निम्बाहेड़ा - उदयपुर हाईवे पर मौजूद विवि के 50 बीघा भूमि पर सवालाख वर्गफुट में निर्मित और विकसित भव्य परिसर सहित विवि की समस्त चल - अचल सम्पत्ति और मानव संसाधन का विलय एवं समायोजन मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में करने का समर्पण पत्र राज्यपाल को सौंपा। कुलाधिपति एवं राज्यपाल कलराज मिश्र ने संपूर्ण प्रस्ताव के अवलोकन और परिचर्चा के बाद प्रसन्नता जाहिर करते हुए शीघ्र क्रियान्वयन के लिए आश्वस्त किया और निम्बाहेड़ा आगमन का भी आमंत्रण स्वीकार किया।

# प्राणी मात्र की सेवा के भाव को आत्मसात् करने का भाव ही सच्चा जन्मदिवस है-आचार्य पुरुषोत्तमदास

### रक्तदान शिविर में 101 यूनिट रक्तदान एकत्र हुआ, विगत आठ दिन में खेड़ापा ग्राम में 1100 पेड़ लग चुके हैं

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**पीपाड़शहर।** रामस्नेही संप्रदाय आचार्य पीठ रामधाम खेड़ापा के वर्तमान आचार्य पुरुषोत्तमदास रामधाम खेड़ापा पीठ के नवम पीठाधीश्वर के 80 वें प्राकट्य दिवस के अवसर पर विगत 8 दिन से चल रहे पर्यावरण सरंक्षण अभियान में 1500 पेड़ पोधे लगाने का लक्ष्य जो सोमवार को पूरा हो हुआ। श्रावण सुदी पंचमी शुक्रवार को आचार्य महाराज के प्राकट्य दिवस पर रामधाम खेड़ापा निज मंदिर परिसर में संगीतमय करुणासागर पाठ हुआ उसके लिए मंदिर - देवालय में पूजा आरती हुई आचार्य पुरुषोत्तम दास महाराज ने अपने जन्म दिवस पर अपने प्रवचन में बताया की मानव के इस जीवन में प्रत्येक व्यक्ति के व्यक्तित्व में अच्छाई और बुराई दोनो गुणों का समावेश होता है अपने जीवन में कई बार नहीं चाहते हुई भी नहीं करने वाला काम हो जाता है इस लिए व्यक्ति का हर संभव यही प्रयास रखना चाहिए की अपने द्वारा हर संभव यही प्रयास करना चाहिए कि को कोई काम हो वह प्राणीमात्र के लिए सेवार्थ के लिए काम करना चाहिए।

रामधाम खेड़ापा उत्तराधिकारी संत गोविंदराम शास्त्री ने बताया की यह जन्म दिवस कोई भौतिकयुग में मनाया जाने वाला जन्म दिन नहीं है गुरु महाराज का प्राकट्य दिवस मनाने का एक मात्र उद्देश्य की समाज में व्याप्त भौतिकवादी जन्म दिन का चलन में यह जन्म दिवस सभी के लिए प्रेरणा बने ताकि हर व्यक्त अपने जन्म दिन पर अपने द्वारा प्राणीमात्र की सेवा करे। जन्म दिवस पर खेड़ापा ग्राम के सरपंच जेठाराम माचरा व सत्यम एकेडमी नदियां जाजड़ा के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें रामस्नेही भक्तों, ग्राम के युवाओं ने उत्साह से भाग लिया उम्मेद अस्पताल जोधपुर के लिए 101 यूनिट रक्त एकत्र हुआ साथ में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए फ्यूचर प्लस कोचिंग जोधपुर के सोशल साइट्स एप का शुभारंभ किया गया व दोपहर में आचार्य व जोधपुर पूर्व महापौर घनश्याम ओझा के कर कमलों से दयालु गुफा की तलहटी में पीपल बरगद इत्यादि पेड़ लगाए गए। राजस्थान एसीबी डीजी बीएल सोनी ने परिवार के सदस्यो के साथ गुरु महाराज पुरुषोत्तमदास को जन्म दिन पर दूरभाष से बधाई दे आशीर्वाद प्राप्त किया। रामधाम पधारे परिवार के सदस्यों ने राजस्थानी संस्कृति की परम्परा अनुसार गुरूवर का साफा सादर से अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और रामधाम में चल रहे पर्यावरण सरंक्षण वृक्षारोपण अभियान में अपनी भागीदारी निभाई धाम परिसर व रामधाम द्वारा संचालित सेठ रामसुख राठी विद्यालय परिसर में परिवार के सदस्य गणपत लाल सोनी, लक्षित सोनी, सुनीता सोनी, सरिता सोनी, किरण, पीयूष, पलक, अंजलि सहित खारिया खंगार के सोनी परिवार द्वारा पौधारोपण किया गया । आयोजन में संतो व क्षेत्र के गणमान्य जनों ने भी अपनी भागीदारी निभाई जिसमें संत रामप्रसाद महाराज सूरसागर, रामदास शास्त्री देवरी, रामरतन मसूरिया, पारसराम परिहार नगर, रामगोपाल जोध्यासी, गोविंदगोपाल, श्रवणराम गुलाब सागर, सम्मुखराम, हनुमानदास, काशीराम, पूर्व पाली सांसद बद्रीराम जाखड़, भेराराम कास्ट, शिवकरण सैनी, कमल किशोर चांडक, पूर्व जिला प्रमुख पुनाराम चौधरी, बालूराम पीपाड़, ऋ अमृतलाल साखंला, प्रकाश बेनीवाल,राजूराम खोजा, केशर सिंह रूदिया, शिवराज सिंह यादव जेएन बावड़ी, राधेश्याम डागा, समस्त महाजन सेवा ट्रस्ट मुंबई के सदस्य देवेंद्र जैन, अजय गहलोत, चेतन ग्वाला, पुखराज योगी, रामप्रसाद सेवर गोटन, गोपालराम कुलरीय सूरत, सोनाराम कुरड़िया, मूलाराम कुरड़िया, भूराराम सियाग, रेवतराम बुडीया, श्याम सिंह राजपुरोहित, काशीराम झाला, जयवीर मुंडन, रक्षा शर्मा, खुशी शर्मा, श्रवण सेन, गणपत माली, भागीरथ मेगवाल, श्रवण मेगवाल, श्रवण सिंह सहित कई भक्त गणो ने अपनी पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाई ।

## 15 अगस्त पर मैत्री वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**भीनमाल @ जागरूक जनता।** स्थानीय शिवराज स्टेडियम में75वें स्वतंत्रता दिवस पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन माघ स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में हुआ। माघ स्पोर्ट्स क्लब के सचिव गुमानसिंह गूंदाउ ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 4 टीमो ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्धघाटन मुकाबला माघ क्लब रैड व युवा शक्ति बी के बीच खेला गया ,जिसमे माघ क्लब रेड ने बाजी मारी । दूसरा मुकाबला माघ क्लब ब्लू व युवा शक्ति सीनियर के बीच खेला गया ,जिसमे माघ क्लब ब्लू ने बाजी मारी । देर शाम तक चली प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला माघ क्लब ब्लू vs माघ क्लब रेड के बीच हुआ। जिसमे माघ क्लब ब्लू 2-0 से विजयी रहा। प्रतियोगिता के बेस्ट प्लेयर का खिताब रमेश मंडा को और बेस्ट नेटर का खिताब सोनू माहेश्वरी को दिया गया। इस अवसर पर माघ स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष भंवरसिंह राव ने सभी खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों को धन्यवाद ज्ञापित किया व खेल की गतिविधियों को बढ़ावा देने व स्टेडियम में खेलों के नियमित आयोजन की बात की। विजेता व उपविजेता टीमों को नगरपालिका प्रशासन द्वारा मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बुधाराम हेडमास्टर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अर्जुनसिंह गुंदाऊ, कोषाध्यक्ष बंसीलाल गौड़, प्रकाश मांजू, ओमप्रकाश पुनिया, जगदीश राही, राजूराम जाट, जगदीश डारा, सांवलाराम, श्याम पुनिया, नरपतसिंह , दलाराम, अपसा, हनुमान, सुनील पुनिया, हार्दिक, ओमप्रकाश सारण, सुरेश गोदारा, सुनील डारा, जेठाराम सेखाणी सहित कई खेल प्रेमी मौजूद थे। निर्णायक की भूमिका दिनेश मांजू व पुखराज साहू ने व स्कोरर की भूमिका चेतराम ने निभाई।

## चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** हिन्दुस्तान ज़िंक चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर के उपमुख्य प्रचालन अधिकारी स्मेल्टर्स एवं लोकेशन हेड सी चंद्रु ने जिंक नगर स्थित विद्यालय मैदान पर ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चंद्रु ने अभिभाषण में कहा की हम देश के लिए उत्पादन कर अपना कर्तव्य पूरा कर रहे है। हमारी कंपनी पर्यावरण, सुरक्षा के मामले में विश्व स्तर के मापदंड पूरा करते हुए उत्पादन करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होनें देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की बाजी लगाने वाले देशभक्तों के बलिदान को याद करते हुए बताया कि इस आजादी में हासिल की गयी गौरवपूर्ण संप्रभुता को बरकरार रखतें हुए चंदेरिया लेड जिंक स्मेलटर ने उत्पादन और उत्पादकता के साथ साथ सुरक्षा, कार्य संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कई नवाचार और कीर्तिमान स्थापित किए है जिसके पिछे पुरे ज़िंक टीम का सतत प्रयास सम्मिलित है। उन्होंने कंपनी द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व का विवरण देते हुए कोविड-19 महामारी, शहर को पेयजल उपलब्ध कराने, किले के ऐतिहासिक स्मारक पर तड़ित चालक लगवाने के कार्य, सीएसआर के कार्यो का उल्लेख किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि यूनियन के महामंत्री घनश्याम सिंह राणावत ने भी संबोधित किया। जिंक स्कूल के बच्चों ने देश भक्ति का गीत प्रस्तुत किया। समारोह में वेदांता समूह द्वारा देश को आत्मनिर्भर बनाने में किये जा रहे योगदान और हम हिन्दुस्तानी गीत की प्रस्तुति सभी के आकर्षण का केंद्र रही। आयोजन में बीस वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारी, यशद सुझाव योजना एवम् उल्लेखनीय कार्य हेतु प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। परेड कमांडर अंजली मीणा थी। संचालन जीएनएस चौहान, पीनल प्रजापति ने किया। धन्यवाद आयोजन समिति के चेयरमैन दीप अग्रवाल ने किया।

### सफाई कर्मचारियों का किया सम्मान



**परबतसर @ जागरूक जनता।** 75वें स्वतत्रंता दिवस की पूर्व संध्या पर नगर पालिका परबतसर के सफाई कर्मचारियों द्वारा कोविड-19 महामारी के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने के उपलक्ष में सम्मान सामारोह आयोजित किया गया। जिसमें पुरूष सफाई कर्मचारियों को साफा पहनाकर व महिला सफाई कर्मचारियों को साडी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कोविड महामारी के दौरान कार्यालय नगरपालिका द्वारा जरूरतमंद लोगो को नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराने में भामाशाहो द्वारा आर्थिक सहयोग किया गया। जिसके उपलक्ष में नगर पालिका मण्डल परबतसर द्वारा कुल 49 भामाशाहों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष, अधिशाषी अधिकारी, समस्त पार्षद गण, पालिका कर्मचारी व समस्त संवाददाता उपस्थित रहे।

### आवश्यकता वाले बच्चों को दिए स्कूल ड्रेस एवं बैग

**भुसावर @ जागरूक जनता।** भुसावर उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मैनापुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मैं गांव के लोग विद्यालय विकास के साथ विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में विशेष हिस्सा ले रहे हैं जिससे विद्यालय का वातावरण खुशनुमा बनने के साथ विद्यालय का सौंदर्य करण बढ रहा है। प्राचार्य कमल लालची जी वाला ने बताया कि स्कूल के सैकड़ों से अधिक आवश्यकता वाले बच्चों के लिए 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गांव के निवासी भारतीय रेल सेवा में कार्यरत शेर सिंह मीणा ने बच्चों के लिए विद्यालय गणवेश एवं स्कूल बैग वितरण किए एक अन्य रेलवे कर्मी रामेश्वर मीणा की ओर से विद्यालय को 1 किलो वाट का इनवर्टर वेट किया गया, 2 दिन पूर्व ही गांव के निवासी कनिष्ठ अभियंता द्वारा डेढ़ दर्जन सीसीटीवी कैमरे का सेट एवं एलईडी वेट की थी जिसका स्वतंत्र दिवस के अवसर पर प्रेम चंद पटेल द्वारा रिमोट कंट्रोल बटन दबाकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मीणा समाज के युवा नेता अखिलेश मीणा प्रेम चंद पटेल वार्ड पंच विजय मीणा पूर्व सरपंच सुल्तान मीणा सहित विद्यालय विकास समिति सदस्य व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### इंदिरा गांधी क्रेडिट कार्ड योजना में मिलेगा 50 हजार का ब्याज मुक्त ऋण

**भीनमाल/जालोर @ जागरूक जनता।** कोरोना के दौरान लॉकडाउन की वजह से आर्थिक संकट में फंसे थडी-ठेला व्यापारी, वेडर्स और खोमसा वालों के लिए ब्याज मुक्त ऋण देने के लिए सरकार द्वारा इंदिरा क्रेडिट कार्ड येजना की शुरूआत की गई है जिसजे तहत 50 हजार रू. का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया जायेगा। नगर परिषद आयुक्त महिपाल सिंह एवं जिला परियोजना प्रबंधक नरेन्द्र परिहार ने बताया कि योजना में 50 हजार रू. तक का बिना ब्याज के ऋण बिना गांरटी के मिल सकेगा। वित्त विभाग द्वारा योजना का परिपत्र जारी किया गया है जिसके तहत शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले, अनौपचारिक क्षेत्र में सेवा प्रदान करने वाले व्यापारी जैसे कि हैयर ड्रेसर, रिक्शा वाला, कुम्हार, खाती, मोची, धोबी, रंग पेंट करने वाले नल-बिजली मरम्मत करने वाले आदि एवं बेराजगार युवक जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच हो एवं बेरोजगारी भत्ता नहीं मिल रहा है, उन्हें बैंको के माध्यम से 50 हजार रू. तक का ब्याज मुक्त ऋण एक वर्ष की अवधि के लिए उपलब्ध करवाया जाएगा। इसमें ऋण वितरण के बाद 3 माह का मोरेटोरियम का लाभ दिया जायेगा। ऋण के पूर्व भुगतान की अवधि मोरेटोरियम के बाद 12 माह की होगी।

राज्य सरकार द्वारा जिला स्तर पर जिला कलक्टर को इस योजना के क्रियान्वयन व मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया हैं जिनके द्वारा नगर निकायों को आंवटित लक्ष्यों के आधार पर प्रत्येक वर्ग के स्ट्रीट वेंडर्स, बेरोजगार युवा अथवा अनौपचारिक क्षेत्र मे जुड़े लोगों की गाइडलाईन के अनुसार संबंधित नगर निकाय द्वारा की जायगी। योजना में आवेदन के लिए आवेदक राजस्थान राज्य के शहरी क्षेत्र का निवासी होना चाहिए। आवेदन ऑनलाइन भरे जाएंगे। इसमें आवेदक जन आधार कार्ड, आधार कार्ड, राजस्थान के मूल निवास से संबंधित दस्तावेज एवं बैंक, स्थाई निवास से संबंधित दस्तावेज एवं बैंक खातों की पास बुक उपलब्ध करवाई जानी है। साथ ही विक्रय के लिए प्रमाण पत्र, वेडिंग आई कार्ड, नगर निकाय द्वारा जारी सिफारिश पत्र एवं जिला रोजगार केन्द्र पर दर्ज की गई पंजीकरण संख्या तथा स्व प्रमाणित शपथ पत्र लगाना होगा। साथ की वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार आवेदनों की स्क्रिनिंग के लिए आयुक्त की अध्यक्षता में स्क्रीनिंग कमेटी गठित की गई है जिसमें आयुक्त, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र प्रतिनिधि एवं संबंधित बैंक वरिष्ठ, शाखा प्रबंधक तथा जिला परियोजना अधिकारी अथवा जिला प्रबंधक एन.यू.एल.एम. संयोजक होंगे। योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल एवं वेब डीयूआई द्वारा शीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा। योजना से संबंधित अन्य को जानकारी के लिए जिला परियोजना प्रबंधक नरेन्द्र परिहार के मो. न. 9079997569, 9413409320 व एनयूएलएम अनुभाग नगर परिषद कार्यालय से सम्पर्क करें।

/jagrukjantanews  jagruk_janta  /jagrukjanta
Jagruk Janta
# जागरूक जनता
Digital Edition
Reliable Weekly News Paper
jagrukjanta.net
जयपुर, बुधवार, 18 अगस्त, 2021

## जागरूक खबरें

### अरूण जोशी ने डीपीआर में अतिरिक्त निदेशक का कार्यभार संभाला



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सूचना एवं जनसम्पर्क सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अरूण जोशी ने विभाग में अतिरिक्त निदेशक का पदभार ग्रहण कर लिया। जोशी इससे पूर्व राज्यपाल, मुख्यमंत्री कार्यालय, विधानसभा, जयपुर विकास प्राधिकारण, निर्वाचन विभाग, विद्युत विभाग में अपनी सेवाएं दे चुके है। माणक अलंकरण से पुरस्कृत अरूण जोशी को उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय सेवाओं के लिए राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय ने किया बजट मंजूर

## पैलेस ऑन व्हील को 7 करोड से 10 साल बाद मिलेगा नया लुक

बदला जाएगा ट्रेन का सम्पूर्ण इंटीरियर

लेकिन संचालन कब से शुरू होगा यह नहीं हो सका तय

विदेशी पर्यटकों से ही होती है ट्रेन की मोटी कमाई



लॉकडाउन के बाद से ही अजमेर में वर्कशॉप में खडी है। ट्रेन की कमाई नहीं होने से ट्रेन के स्टॉफ को आरटीडीसी के होटलों में भेज दिया गया है।

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** शाही ट्रेन 10 साल बाद जल्द ही अपने में दिखेगी। ट्रेंन को नए लुक में लाने के लिए तीन दिन पहले केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय ने राजस्थान पर्यटन निगम को 7 करोड का बजट मंजूर कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार यह बजट अगले सप्ताह मिल जाएगा और फिर ट्रेन को नया लुक देने की कवायद शुरू होगी। फिलहाल विदेशी पांवणों की बुकिंग नहीं मिलने से ट्रेन का संचालन बंद है और संचालन कब से होगा यह तय नहीं हो सका है।

#### बदला जाएगा इंटिरियर

आरटीडीसी अधिकारियों के अनुसार केन्द्र से मिलने वाले बजट से ट्रेन का सम्पूर्ण इंटीरियर बदला जाएगा। नया रंग रोगन होगा, और भी ज्यादा आरामदायक सीटें लगाई जाएंगी और ट्रेन को राजस्थानी अंदाज में सजाया जाएगा। जिससे विदेशी पावणों को ज्यादा से ज्यादा आकर्षित किया जा सके। ट्रेन अभी बीते साल कोरोना

#### अभी कोरोना ने थाम रखे हैं पहिए, कब चलेगी पता नहीं

फिलहाल बीते डेढ वर्ष से पैलेस ऑन् व्हील के पहिए कोरोना ने थाम रखे हैं। पिछले साल अनलॉक के बाद नए पर्यटन सीजन में देसी पर्यटकों से चलाने की कोशिश की गई। तीन स्लेब में किराया कम भी किया गया। लेकिन ट्रेन को चलाने लायक बुकिंग नहीं मिली। अब नए पर्यटन सीजन में ट्रेन के संचालन को लेकर फिलहाल आरटीडीसी की कोई तैयारी नहीं है। हांलाकि कहा जा रहा था कि किराए में और कमी करके इसे देसी पर्यटकों से ही चलाया जाएगा।

#### कभी कमाई के रिकार्ड तोडे,अब घाटे का पहाड

पैलेस ऑन व्हील ने दो साल पहले तक कमाई के रिकार्ड तोडे हैं। ट्रेन से 4 करोड रुपए तक की सालाना कमाई हो चुकी है। लेकिन ट्रेन के पहिए थमने से अब यह निगम के लिए घाटे के पहाड जैसी हो गई है।

## राखी बाजार सजकर तैयार, इस बार दिनभर बंधेंगी राखी

रक्षा बंधन का त्योहार 22 अगस्त को

इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया नहीं

बाजार में 5 से 200 रुपए तक की राखी



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** श्रावण शुक्ल पूर्णिमा पर 22 अगस्त को रक्षा बंधन का त्योहार मनाया जाएगा। इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा का साया नहीं होने से दिनभर राखी बंध सकेगी। वहीं रक्षाबंधन को लेकर शहर में राखी बाजार सजकर तैयार है। बाजारों में राखियों की दुकानों पर भीड़ भी नजर आने लगी है। राखी का त्योहार नजदीक आने के साथ ही सुबह से देर रात तक राखी बाजारों में रोनक देखने को मिल रही है। परकोटा क्षेत्र में नाहरगढ़ रोड, झालानियों का रास्ता, चांदपोल बाजार, किशनपोल बाजार, त्रिपोलिया बाजार सहित अन्य बाजारों और गलियों में राखियों की दुकानें है, जहां सुबह से देर शाम तक ग्राहकी हो रही है। पिछले साल के मुकाबले इस बार ग्राहकी अच्छी होने से दुकानदार भी खुश नजर आ रहे है। झालानियों के रास्ते में एक माह पहले से ही दुकानें खुली हुई है। हालांकि दुकानदारों की मानें तो शुरुआत में गिने–चुने ही ग्राहक आते थे, अब ग्राहकी ने रफ्तार पकड़ी है। झालानियों का रास्ता में दुकानदार श्याम मोदी ने 5 रुपए से लेकर 200 रुपए तक की राखी है, हालांकि महिलाएं 5 से 30 रुपए तक की ही राखी अधिक पसंद कर रही हैं।

#### प्रदोषकाल में राखी बांधना श्रेष्ठ

ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि 22 अगस्त को पूर्णिमा तिथि शाम 5 बजकर 32 मिनट तक है, जो तीन मुहूर्त्त से अधिक होने से रक्षाबन्धन इसी दिन मनाया जाएगा। रक्षाबन्धन पर इस वर्ष भद्रा सुबह 6 बजकर 13 मिनट तक ही है। ऐसे में इस बार दिनभर राखी बांधी जा सकेगी। हालांकि अपराह्न काल समय दोपहर एक बजकर 46 मिनट तक और प्रदोष काल के समय शाम 6 बजकर 54 मिनट से रात 9 बजकर 08 मिनट तक राखी बांधने का समय शास्त्र सम्मत होगा। साथ ही अभिजित मुहूर्त दोपहर 12.04 बजे से 12.55 बजे के अलावा चौघडियों के अनुसार भी राखी बांधी जा सकेगी।

अफगानिस्तान पर मोदी की मीटिंग, बोले...

## काबुल से भारतीयों की वापसी का इंतजाम करें

भारत से उम्मीद लगा रहे अफगान भाई-बहनों की भी मदद करें

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद बने हालात पर कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की मीटिंग की। यह कमेटी नेशनल सिक्योरिटी के मामले देखने वाली सबसे बड़ी गवर्नमेंट बॉडी है। मीटिंग के दौरान प्रधानमंत्री ने अफगान मामलों से जुड़े अधिकारियों से कहा कि वे आने वाले दिनों में अफगानिस्तान से भारतीयों की सुरक्षित वापसी के लिए सभी जरूरी उपाय करें।

एक सीनियर अफसर के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को न सिर्फ अपने लोगों की सुरक्षा करनी चाहिए, बल्कि हमें उन सिख और हिंदू अल्पसंख्यकों को भी शरण देनी चाहिए जो भारत आना चाहते हैं। हमें अपने अफगान भाइयों और बहनों की भी हर संभव मदद करनी चाहिए, जो इसके लिए भारत की ओर देख रहे हैं।



#### अमित शाह, राजनाथ और अजित डोभाल शामिल हुए

इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर अजित डोभाल शामिल हुए। विदेश मंत्री एस जयशंकर देश से बाहर होने की वजह से इस बातचीत में शामिल नहीं हुए। अफगानिस्तान में भारत के राजदूत रहे रुद्रेंद्र टंडन भी बैठक में मौजूद थे। टंडन मंगलवार को ही काबुल से भारत लौटे हैं। सरकार के वरिष्ठ सूत्रों ने बताया कि कमेटी को अफगानिस्तान में सुरक्षा के हालात और राजनीतिक स्थिति के बारे में जानकारी दी गई।

#### अपने लोगों को काबुल से ला रहा भारत

अफगानिस्तान में बढ़ते तनाव और बिगड़ते सुरक्षा हालात के मद्देनजर भारत ने दो मिलिट्री ट्रांसपोर्ट एयरक्र्फ्ट भेजे थे। इनसे काबुल के दूतावास से भारतीय राजदूत और सभी स्टाफ को वापस लाया गया है। इंडियन एयरफोर्स का एक विमान मंगलवार को काबुल से भारतीय राजनयिकों, अधिकारियों, सुरक्षाकर्मियों और कुछ फंसे भारतीयों सहित लगभग 150 लोगों को लेकर आया। एक और फ्लाइट से सोमवार को काबुल से लगभग 40 कर्मचारियों को निकाला गया था। मंगलवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि अभी सरकार की प्राथमिकता अफगानिस्तान में रह रहे सभी भारतीयों के बारे में पूरी जानकारी जुटाना है।

## विधानसभा के मानसून सत्र का आगाज 9 सितंबर से, 4 से 5 दिन का रहेगा सत्र

**जयपुर @ जागरूक जनता।** 15 वीं राजस्थान विधानसभा के मानसून सत्र का आगाज 9 सितंबर को सुबह 11 बजे से होगा। सत्र बुलाने को लेकर विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी है। सूत्रों के मुताबिक कोरोना संक्रमण के चलते मानसून सत्र छोटा रह सकता है। बताया जा रहा है कि 4 से 5 दिन तक चलने वाले मानसून सत्र में गहलोत सरकार लगभग एक दर्जन बिल लाने की तैयारी में है, जिसमें जवाबदेही कानून भी शामिल है।

मानसून सत्र में लगभग एक दर्जन बिल लाएगी गहलोत सरकार, जवाबदेही कानून बिल भी लाने की तैयारी

#### कैबिनेट की बैठक में लगेगी सत्र बुलाने के प्रस्ताव पर मुहर

**सूत्रों** की माने तो आज कैबिनेट की बैठक बुलाकर विधानसभा के मानसून सत्र बुलाए जाने के प्रस्ताव पर कैबिनेट की मुहर लग सकती है। गौरतलब है कि 15 वीं विधानसभा के छठे सत्र जो बजट सत्र के रुप में बुलाया गया था उसका सत्रावसान नहीं होने की स्थिति में इस इसे षष्टम सत्र ही कहा जाएगा। दरअसल 19 मार्च को विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था। 6 महीने के प्रावधान के चलते 19 सितंबर से पहले सत्र बुलाना जरूरी था, जिसके बाद 9 सितंबर से मानसून सत्र शुरू करने का फैसला लिया गया। वहीं दूसरी ओर सत्र में जहां विपक्ष फसल खराबा-बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरेंगे तो वहीं सत्ता पक्ष देश में किसान आंदोलन, बढ़ती महंगाई के मुद्दे पर भाजपा का घेरने की तैयारी में हैं।

टीसी को लेकर शिक्षा विभाग का यू-टर्न

## देनी होगी फीस, पेरेंट्स में नाराजगी

### जिन हजारों स्टूडेंट्स ने प्राइवेट को छोड़ सरकारी स्कूल में एडमिशन लिया, उन्हें टीसी के लिए फिर जाना होगा स्कूल



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**बीकानेर।** प्राइवेट स्कूल्स के दबाव में आकर शिक्षा विभाग ने आखिरकार ऐसा निर्णय कर लिया है, जिससे हजारों गार्जन को एक बार फिर उसी प्राइवेट स्कूल में जाना होगा, जहां बिना फीस जमा कराये उन्होंने रिश्ता तोड़ लिया था और सरकारी स्कूल में एडमिशन लिया था। दरअसल, शिक्षा विभाग ने अब TC की अनिवार्यता लागू करने का आदेश निकालकर यूटर्न लिया है। इस निर्णय से एक ओर जहां प्राइवेट स्कूल संचालक खुश है क्योंकि उनकी लाखों रुपए की डूबी हुई फीस वापस आ जायेगी, वहीं पेरेंसट्स परेशान हैं क्योंकि कोरोना के दौर में हुए आर्थिक नुकसान पर ये निर्णय तकलीफ देने वाला है।

दरअसल, शिक्षा विभाग ने पहले एक आदेश जारी किया था कि कोई भी स्टूडेंट अब किसी भी स्कूल में बिना टीसी के एडमिशन ले सकता है। यह आदेश किसी सरकारी या गैर सरकारी स्कूल के लिए नहीं था बल्कि सभी के लिए था। फिर भी सबसे ज्यादा स्टूडेंट्स प्राइवेट से निकले और सरकारी स्कूल में चले गए। इन स्टूडेंट्स के गार्जन को खुशी थी कि उन्हें हजारों रुपए की बकाया फीस अब नहीं देनी होगी। दो महीने बाद ही शिक्षा विभाग ने यूटर्न लेते हुए अब कहा है कि स्टूडेंट्स को टीसी हर हाल में लेनी होगी।

#### अब क्या बोला विभाग

माध्यमिक शिक्षा निदेशक सौरभ स्वामी ने आदेश में कहा है कि कक्षा एक से आठ तक दिए गए अस्थायी प्रवेश लेने वाले स्टूडेंट्स को अब एसआर नंबर (स्कोलर नंबर) नहीं दिया जाये। स्कोलर नंबर देने से पहले उनसे टीसी ली जायेगी। टीसी के अभाव में स्कूल में स्थायी प्रवेश नहीं होगा।

#### पंद्रह दिन में दें टीसी, उसी सत्र की फीस लें

शिक्षा विभाग ने इस निर्णय में प्राइवेट स्कूल को बाध्य किया है कि वो पंद्रह दिन के अंदर इन स्टूडेंट्स को टीसी दें। साथ ही ये भी निर्देश दिया है कि इन स्टूडेंट्स से उसी सत्र तक की फीस वसूली की जाये। अगर किसी स्टूडेंट ने स्कूल को सूचना दिये बिना ही अप्रैल में सरकारी स्कूल में एडमिशन ले लिया है और अब टीसी लेने आ रहा है तो उसे इस सेशन की फीस नहीं देनी है।

#### बिना सूचना कैसे कम होगी फीस

उधर, प्राइवेट स्कूल संचालकों के संगठन प्राइवेट एज्यूकेशनल इंस्टीट्यूट्स प्रोसपेरिटी एलायंस (पैपा) के संयोजक गिरिराज खैरीवाल का कहना है कि अगर स्टूडेंट ने लिखित में स्कूल छोड़ने की सूचना दी है तो उससे इस सेशन की फीस नहीं ली जा सकती। अगर किसी ने सूचना ही नहीं दी है तो उससे तो फीस ली जा सकती है। सरकारी स्कूल में सत्र पर्यंत एडमिशन के आदेश है, ऐसे में अब तक ऑनलाइन पढ़ाई कर चुके स्टूडेंट्स की फीस कैसे माफ हो सकती है। वहीं एक अन्य संगठन स्कूल एज्युकेशन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कोडाराम भादू का कहना है कि दो बातें इस आदेश में स्पष्ट होनी चाहिए। पहली ये कि पंद्रह दिन में फीस जमा करवाकर ही टीसी दी जा सकेगी। दूसरी ये कि जब स्कूल छोड़ने की जानकारी दी है, तब तक की फीस ली जायेगी।

ANCHOR | नोटिस

## राजस्थान के 40 आरएएस को शो कॉज नोटिस

### राजस्थान में तबादले के बाद भी जॉइन नहीं करने वाले अधिकारियों से मांगा गया जवाब, कार्मिक विभाग एक्शन में आया

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में प्रशासनिक तबादले के बावजूद RAS अधिकारियों ने समय पर पदभार ग्रहण नहीं किया। अब कार्मिक विभाग सख्ती के मूड में आ गया है। 40 RAS अधिकारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिसमें उनसे समय पर पदभार ग्रहण नहीं करने का कारण भी पूछा गया है। दरअसल, शहरी निकाय के उपचुनाव के बाद बड़ी संख्या में RAS अधिकारियों के तबादले हुए थे। इनमें से 40 अधिकारियों ने सरकार के आदेश के बावजूद नए पदों पर पदभार ग्रहण नहीं किया। इन्हें लेकर अब कार्मिक विभाग एक्शन में आ गया है।

#### इन्हें जारी हुए नोटिस

भागीरथ साख, छोटू लाल शर्मा, नंदकिशोर राजोरा, राजकेश मीणा, रामदयाल मीणा द्वितीय, रामकुमार टाडा, रविकांत सिंह, सीमा तिवारी, चेतन त्रिपाठी, दौलतराम, देवी सिंह, गोमती शर्मा, हरि सिंह शेखावत, हरविंदर सिंह, हेमेंद्र नागर, जयसिंह द्वितीय, जनक मीणा, मणिलाल तीर, मुकेश मीणा द्वितीय, नरेंद्र मीणा प्रथम, पुष्पा हरवानी, रामसुख गुर्जर, रमेश सीरवी, रामजस विश्नोई, संदीप कुमार, संतोष कुमार मीणा, सत्यनारायण, शैलेश सुराणा, शिवचरण मीणा, श्वेता खगड़िया, सुभाष चंद्र, सुदर्शन सिंह तोमर, सुरेश कुमार हरसोलिया, सुरेश कुमार प्रथम, उमेद सिंह बीपी, उत्तम सिंह शेखावत, विनीत कुमार सुखाड़िया शामिल है। राजस्थान में 27 जुलाई को 259 RAS अधिकारियों के तबादले हुए थे। इनमें 24 प्रमोटेड RAS अधिकारियों को पोस्टिंग दी गई थी। वहीं 2 अगस्त को 38 RAS अधिकारियों के तबादले हुए थे। वहीं 40 अधिकारियों ने अब तक जॉइनिंग नहीं दी, इनके खिलाफ अब कार्मिक विभाग ने नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। ऐसे में समय रहते अगर RAS अधिकारियों ने जवाब नहीं दिया तो कार्मिक विभाग अनुशासनात्मक कार्रवाई भी कर सकता है।



# जागरूक खबरें

## संपर्क के कार्यक्रम जश्न ए आजादी में देशभक्ति से सराबोर हुए सभी



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सामाजिक सरोकारों में सदैव अग्रणी देश के सबसे बड़े साहित्यिक ग्रुप सम्पर्क संस्थान के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक शाम आजादी के नाम जश्न ए आज़ादी का आयोजन समारोह पूर्वक वर्चुअल प्लेटफार्म पर सम्पन्न हुआ। साहित्यिक संस्थान के सतत कार्यक्रमों की श्रृंखला में15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की 75 वे अमृत महोत्सव जयंती पर एक शाम आजादी के नाम में देश भर की कवियत्रियों ने देशभक्ति काव्य प्रतियोगिता में स्वतंत्रता, देशप्रेम तथा देश भक्ति पर मौलिक स्वरचित प्रस्तुति देकर माहौल को देश भक्ति से सरोबार कर दिया । संस्थान अध्यक्ष अनिल लढ़ा ने कोरोना काल के चलते सोशल मीडिया पर हो रहे कार्यक्रमों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यकम की संयोजक व संचालक रेनू शब्द मुखर ने आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी का परिचय देते हुए वर्तमान परिपेक्ष्य में आज़ादी के मायने बताते हुए देश प्रेम को सबसे बड़ी जरूरत बताया। जश्ने आज़ादी कार्यक्रम की निर्णायक गायत्री कौशल (भाव मंजरी अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक मंच की संस्थापक)ने कहा कि आयोजन की जितनी तारीफ की जाए कम है ।सभी प्रतिभागियों ने जिस जोश उत्साह उमंग से देश भक्ति के गेटअप में अपनी प्रस्तुति दी उस से कार्यक्रम में चार चांद लग गए। उन्होंने निर्णय सुनायाकि प्रथम नीलम मुकेश वर्मा द्वितीय सलोनी क्षितिज तृतीय डॉ. लता सुरेश व विशेष पुरस्कार डॉ सूरज माहेश्वरी विजय लक्ष्मी जांगिड़ को दिया गया। अध्यक्ष अनिल लढ़ा ने बताया कि आगामी 5 सितम्बर को जयपुर में होने वाले कार्यर्क म में विजेताओ के साथ ही आज शामिल सभी प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। इस आयोजन की सूत्रधार रेनू शब्दमुखर ने आभार जताया। कार्यक्रम में डॉ. जय श्री शर्मा, डॉ.सुषमा शर्मा, एकता शर्मा,जीनस कंवर, शोभा गोयल,डॉ.आरती भदोरिया,नेहा पारीक, डॉअंजु सक्सेना,आशा शर्मा, डॉ शशि सक्सेना, डॉ लता श्री माली, नंदिता चौहान,दीपा गोयल भी उपस्थित थी ।

## आतंकियों द्वारा अफगानिस्तान में बेकसूरों पर ज़ुल्म "इस्लाम" का हिस्सा नहीं-मलिक



**जयपुर @ जागरूक जनता।** तालिबानी दहशतगर्द आतंकवादियों द्वारा अफगानिस्तान में महिलाओं व बच्चों पर अत्यचार पर आक्रोश जताते हुए भाजपा नेता व समाजसेवी समीर मलिक ने कहा सभी इस्लामिक देश ही नही सभी देशो को एकत्रित होकर इन आतंकवादियों के ख़िलाफ़ कार्यवाही करनी चाहिए ताकि बेकसूरों पर ज़ुल्म का खात्मा हो आज जो अफगानिस्तान में शरीयत के नाम पर बेकसूरों पर अत्याचार ज़ुल्म किये जा रहे है यह इस्लाम धर्म को बदनाम करने की साज़िश है इस्लाम बेक़सूरो पर ज़ुल्म की इजाज़त नही देता ये वे लोग है जो पाकिस्तान, चीन द्वारा पाले गए आतंकवाद व दहशतगर्दी को बढ़ावा देते आये है भारत सहित दुनियाभर में अमन चैन वाले देशों में आतंकवादियों ने बेक़सूरवारो को ही नही इस्लाम धर्म को भी शर्मसार करने का काम किया है।

## राजसमंद में नए औद्योगिक क्षेत्र के लिए रीको को 228 बीघा भूमि का आवंटन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजसमंद जिले के कुरंज गांव में नए औद्योगिक क्षेत्र के लिए राजस्थान औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम लिमिटेड (रीको) को 228.11 बीघा भूमि सशर्त कीमतन आधार पर आवंटित करने की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री की इस स्वीकृति से राजसमंद जिले की रेलमगरा तहसील के इस गांव में नवीन रीको औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा सकेगा। इससे इस क्षेत्र के औद्योगिक विकास को गति मिल सकेगी।

मेहंदीपुरा बालाजी: सरकारीकरण की कवायद का स्थानीय स्तर पर विरोध

# किसी भी स्थिति में मंदिर का सरकारीकरण मंजूर नहीं

जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**मेहंदीपुर बालाजी।** पूर्वी राजस्थान के विश्व प्रसिद्ध आस्थाधाम मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के महंत किशोरपुरी के ब्रह्मलीन होते ही सरकार ने मंदिर के सरकारीकरण की कवायद शुरू कर दी। जिसको लेकर शनिवार को स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर मंदिर का सरकारीकरण नहीं किए जाने की मांग की। इसी संदर्भ में दूसरे दिन शनिवार को बालाजी कस्बे के व्यापारियों ने भी मंदिर के सरकारीकरण को लेकर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर मंदिर का सरकारीकरण नहीं किए जाने की मांग की। व्यापारियों ने बताया कि सरकार द्वारा मंदिर का सरकारीकरण करने के लिए जो कवायद शुरू की गई है इससे व्यापारियों एवं आम जनता में सरकार के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। बालाजी क्षेत्र के सर्वसमाज के लोगों एवं व्यापारियों ने मंदिर के सरकारीकरण को धर्म विरोधी बताते हुए सरकार से मंदिर का सरकारीकरण नहीं किए जाने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार मंदिर के विकास के लिए प्रयास करती है तो उसमें वे सरकार के साथ हैं। लेकिन मंदिर का सरकारीकरण करने की सरकार की मंशा के बिलकुल खिलाफ है। व्यापारियों ने कहा कि वे मंदिर का सरकारीकरण किसी भी सूरत में नहीं होने देंगे। उन्होंने बताया कि राजस्थान में आज तक किसी भी सरकार ने मंदिरों का अधिग्रहण नहीं किया लेकिन कांग्रेस सरकार द्वारा बालाजी मंदिर का अधिग्रहण करने की जो कोशिश की जा रही है वह क्षेत्र के लोगों के साथ घोर अन्याय है। उन्होंने बताया कि बालाजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा बालाजी धाम में आने वाले यात्रियों के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं बहुत ही अच्छे ढंग से की जा रही है। मंदिर ट्रस्ट द्वारा बालाजी धाम में बेहतर प्रबंधन किया जा रहा है जिसके चलते मंदिर के अधिग्रहण की कोई आवश्यकता नहीं है।

भाजपा नेता कालीचरण सर्राफ व विश्व हिंदू परिषद के सुरेश उपाध्याय, ब्यावर प्रचारक उमाकांत शर्मा, प्यारे लाल मीणा मूलचंद सोनी, अखिल भारतीय संत समिति गौरव महाराज जी सहित कई वीएचपी के कार्यकर्ता शनिवार को दिवंगत महंत किशोरपुरी महाराज को श्रद्धा सुमन अर्पित करने आस्था धाम मेहंदीपुर बालाजी पहुंचे कालीचरण सर्राफ व विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने ब्रह्मलीन महंत किशोर पुरी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, वही महंत महाराज के उत्तराधिकारी महंत नरेशपुरी महाराज से मिलकर दुख जताया, मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के महंत किशोरपुरी के ब्रह्मलीन होते ही सरकार ने मंदिर के सरकारीकरण की कवायद शुरू शुरू करने की बात सुनी है। उन्होंने कहा मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के प्रमुख महंत किशोरपुरी महाराज के पार्थिव शरीर को समाधिलीन इतना भी समय नहीं हुआ था कि प्रदेश सरकार मेहंदीपुर बालाजी मंदिर को सरकारी दायरे में लाने पर विचार बना लिया है। मेहंदीपुर बालाजी के प्रबंधन को लेकर राज्य सरकार ने बालाजी मंदिर को नोटिस जारी कर दीया है। यह पाप है। मंदिर का सरकारीकरण किसी भी सूरत में नहीं होने देंगे।

इस मौके पर उन्होंने कहा बालाजी मंदिर के सरकारीकरण को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता कालीचरण सराफ ने कहा कि भाजपा किसी भी सूरत में बालाजी मंदिर का अधिग्रहण नहीं होने देगी इसके लिए चाहे भारतीय जनता पार्टी को आंदोलन ही क्यों ना करना पड़े। विश्व हिंदू परिषद के सुरेश उपाध्याय ने कहा विश्व हिंदू परिषद मंदिर अधिग्रहण मामले का कड़ा विरोध जताती है। संपूर्ण हिंदू समाज व संत समाज इसका विरोध करेगा और आवश्यकता पड़ी आंदोलन करेगा।बालाजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा बालाजी धाम में आने वाले यात्रियों के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं बहुत ही अच्छे ढंग से की गई है। बालाजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा बालाजी धाम में बेहतर प्रबंधन कीये गये है जिसके चलते मंदिर के अधिग्रहण की कोई आवश्यकता नहीं है। बालाजी मंदिर के ब्रह्मलीन महंत के उत्तराधिकारी महंत नरेशपुरी महाराज इसके प्रमुख हैं ।

विश्व हिंदू परिषद उमाकांत शर्मा ने कहा कि इसी प्रकार विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने भी बालाजी मंदिर के सरकारी करण को लेकर विरोध जताते हुए कहा कि राज्य सरकार को बालाजी मंदिर का अधिग्रहण नहीं करने देंगे विश्व हिंदू परिषद की स्थापना हिंदू धर्म के अस्तित्व को बचाने के लिए दी गई है इसके साथ ही देश के सभी मंदिरों को लेकर विश्व हिंदू परिषद राज्य सरकार से अपील करती है कि देश के किसी मंदिर का अधिग्रहण सरकार नहीं करें मंदिरों से होने वाली आय हिंदू धर्म के उत्थान में खर्च की जाती है इसलिए मंदिरों का अधिग्रहण सरकार को नहीं करना चाहिए।

# आजाद हिन्दी फौज का किया आयोजन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** ACHIEVE (Association for culture, health, information, education, values and environment) संस्था द्वारा सुबोध पी जी कॉलेज में कार्यक्रम आज़ाद हिन्द फौज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आज़ाद हिन्द फौज-आई एन ए के द्वारा राष्ट्र को किये गये योगदान को याद करते हुए सेना के नायको को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गीत और कविता के माध्यम से भारतीय सेना का गुणगान किया गया इस अवसर पर मेजर जनरल अनुज माथुर (सेवानिवृत) एवं कर्नल ऋषि भरद्वाज (से नि) द्वारा आज़ाद हिन्द फौज पर व्याख्यान दिया गया एवं शहीदो के परिवारो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आयोजन अचीव के निदेशक देवव्रत शर्मा द्वारा एवं संचालन अनुपमा शर्मा किया गया। दर्शको ने आज़ाद हिन्द फौज के योगदान और बलिदान को समझा और सराहना की। देश भक्ति की भावना पूरे माहोल मे छाई हुई थी।

# 8 साल बाद जन्माष्टमी पर बना है यह दुर्लभ संयोग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** भाद्रपद मास के कृष्ण की अष्टमी तिथि को भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ था इसलिए प्रत्येक वर्ष भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि को बहुत ही श्रद्धा भाव से श्रद्धालुजन भगवान श्री कृष्ण का जन्मदिन जन्माष्टमी के नाम से मनाते हैं। इस वर्ष जन्माष्टमी 30 अगस्त को लग रही है। इस वर्ष जन्माष्टमी के अवसर पर कई वर्षों के बाद ऐसा संयोग बना है जो बहुत ही दुर्लभ है। श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्र कृष्ण अष्टमी तिथि, बुधवार, रोहिणी नक्षत्र एवं वृष राशि में मध्य रात्रि में हुआ था। शास्त्रों में कहा गया है कि जन्माष्टमी के अवसर पर 6 तत्वों का एक साथ मिलना बहुत ही दुर्लभ होता है। ये 6 तत्व हैं भाद्र कृष्ण पक्ष, अर्धरात्रि कालीन अष्टमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र, वृष राशि में चंद्रमा, इनके साथ सोमवार या बुधवार का होना। इस बार ऐसा संयोग बना है कि ये सभी तत्व 30 अगस्त को मौजूद रहेंगे। इस दिन सोमवार है, सुबह से अष्टमी तिथि व्याप्त है, रात में 2 बजकर 2 मिनट तक अष्टमी तिथि व्याप्त है जिससे इसी रात नवमी तिथि भी लग जा रही है। चंद्रमा वृष राशि में मौजूद है। इन सभी संयोगों के साथ रोहिणी नक्षत्र भी 30 अगस्त को मौजूद है। ऐसे में इन संयोगों को लेकर धार्मिक विषयों के जानकार इस बार जन्माष्टमी को बहुत ही उत्तम मान रहे हैं।

### जन्माष्टमी पर दुर्लभ संयोग में व्रत का फल

निर्णय सिंधु नामक ग्रंथ के अनुसार ऐस संयोग जब जन्माष्टमी पर लगते हैं तो इस अवसर को हाथ से जाने नहीं देना चाहिए। इस संयोग में जन्माष्टमी व्रत करने से 3 जन्मों के जाने-अनजाने हुए पापों से मनुष्य मुक्त हो जाता है। इस संयोग में जन्माष्टमी व्रत करने से प्रेत योनी में भटक रहे पूर्वजों को भी मनुष्य व्रत के प्रभाव से मुक्त करवा लेता है।

### जन्माष्टमी व्रतियों के लिए खास बातें

जो लोग जन्माष्टमी व्रत आरंभ करना चाह रहे हैं उनके लिए इस वर्ष व्रत आरंभ करना बहुत ही उत्तम रहेगा। जो लोग पहले से जन्माष्टमी व्रत कर रहे हैं उनके लिए इस बार जन्माष्टमी का व्रत अति उत्तम रहेगा। इस वर्ष सप्तमी वृद्धा और नवमी वृद्धा का चक्कर भी नहीं है ऐसे में स्मार्त और वैष्णव दोनों के लिए 30 अगस्त का दिन ही जन्माष्टमी व्रत के लिए उत्तम है।

कॉलेजों में एडमिशन प्रक्रिया आज से

# 18 सितम्बर से शुरू होंगी क्लासेज; सरकार ने 1 सितम्बर से खोल दिए हैं कॉलेज

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** कोविड-19 की दूसरी लहर के बाद पहली बार अब प्रदेशभर के कॉलेज दोबारा से ट्रैक पर लौटेंगे। एक ओर जहां सरकार ने कॉलेज-यूनिवर्सिटीज को 1 सितम्बर से खोलने की मंजूरी दे दी है। वहीं आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा विभाग ने ग्रेजुएट प्रोग्राम में एडमिशन के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। राजस्थान के सभी कॉलेजों में बुधवार यानी 18 अगस्त से एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। राजस्थान भर से 12वीं पास कर कॉलेज जाने वाले स्टूडेंट्स बुधवार से ऑनलाइन फॉर्म भर सकेंगे। फॉर्म भरने की लास्ट डेट 31 अगस्त होगी।

### 18 सितम्बर से शुरू होगी प्रथम वर्ष की पढ़ाई

**सामान्य** तौर पर छात्रों के लिए 1 सितम्बर से कॉलेज खुल जाएंगे। मगर ग्रेजुएशन फर्स्ट ईयर के छात्रों की कॉलेज में पढ़ाई 18 सितम्बर से शुरू होगी। 31 अगस्त तक फॉर्म भरने के बाद कॉलेज 6 सितम्बर तक मेरिट लिस्ट जारी करेंगे। 14 सितम्बर तक उन छात्रों की लिस्ट जारी हो जाएगी जिन्हें कॉलेज में एडमिशन मिल गया है। इसके बाद 18 सितम्बर से इनकी क्लासेज शुरू होंगी। अगर कॉलेज में सीटें खाली रहती हैं तो उन्हें के लिए दोबारा ऑनलाइन फार्म 15 सितम्बर से भरे जाएंगे।

### छात्रों के 2.5 महीने खराब हुए

**कोविड** की दूसरी लहर के चलते 12वीं के बाद कॉलेज आने वाले छात्रों के लगभग ढाई महीने खराब हो चुके हैं। आम तौर पर जुलाई में फर्स्ट ईयर की क्लासेज शुरू हो जाती हैं। वहीं अभी के प्लान के अनुसार देखें तो फर्स्ट ईयर की क्लासेज 18 सितम्बर से शुरू होंगी। ऐसे में यह सामान्य से ढाई महीने बाद होगा जब स्टूडेंटस कॉलेज जॉइन करेंगे।

# विवि में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चौमू।** उदयपुरिया मोड चोमू स्थित निजी विश्विद्यालय यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम) में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम बड़े हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार प्रो डॉ प्रदीप कुमार शर्मा ने प्रातः 09:00 बजे झंडारोहण किया। कार्यक्रम में विद्यार्थिओं ने सामाजिक दुरी व मास्क का उपयोग करते हुए मार्च पास्ट कार्यक्रम आयोजित किया। आज के दिन विश्विद्यालय के विद्यार्थिओं, स्टाफ के सदस्यों व शिक्षको द्वारा जयपुर वैशाली नगर स्थित खेल मैदान में वृक्षारोपण कार्यकम भी आयोजित किया गया जहाँ विश्विद्यालय परिवार सदस्यों द्वारा लगभग 200 से अधिक पेड़ पौधे लगाए गये। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी डायरेक्टर शारीरिक शिक्षा डॉ बी एस यादव, प्रो दिप्तो मुख़र्जी, प्रो डॉ मृणाल कांति सरकार, प्रो संदीप दास, प्रो चिरोदीप मुख़र्जी, प्रो सायक प्रामाणिक, प्रो रिया सेन, श्रीराम, राजेंद्र महतो, जय कुमार, नन्द किशोर यादव के साथ साथ यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे और अपने हाथों से पेड़ लगाए। आज का दिन एक और विशेष दिन रहा जिसमे 75वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर, इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) ने इंजीनियर्स भवन में एक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया और जिसमे प्रो. (डॉ.) बिस्वजय चटर्जी (कुलपति, यूईएम जयपुर) को उत्कृष्ट इंजीनियरिंग सर्विसेज टू सोसाइटी अवार्ड से सम्मानित किया। प्रो चटर्जी की और से यह पुरस्कार प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार शर्मा (रजिस्ट्रार, यूईएम जयपुर) ने प्राप्त किया।

# श्री माहेश्वरी युवा मंच के तत्वावधान में सामूहिक गोठ आयोजित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चौमू।** स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर सामोद के पास व्रज सामोद रिसोर्ट में चौमू तहसील के सभी माहेश्वरी परिवारों के लिए सामूहिक गोठ का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के कार्यक्रमों और सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के सभी आयु वर्ग के बंधुओं, महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया एवं सभी लोगो ने एकजुट होकर समाज के उत्थान एवं विकास पर चर्चा की गई। इस अवसर पर माहेश्वरी युवा मंच चौमू के विशेष आमंत्रण पर प्रदेश मंत्री राम अवतार आगीवाल और जयपुर जिला माहेश्वरी सभा समिति से जिला अध्यक्ष नवल किशोर झंवर एवं माहेश्वरी नवयुवक मंडल जयपुर के अध्यक्ष आशीष मंत्री एवं उनकी सम्पूर्ण कार्यकारिणी टीम ने कार्यक्रम में पहुंच कर महासभा एवं जिला सभा के द्वारा जारी विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। सभी अतिथियों का युवा मंच अध्यक्ष रवि शारदा एवं सचिव सूर्या आगीवाल एवं गोठ संयोजक अभिषेक खटोड के साथ ही चौमू समाज के प्रतिष्ठित लोगों तथा जिला सभा उपाध्यक्ष श्री विनोद खटोड़ द्वारा साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# मोहर्रम को लेकर पुलिस थाने में हुई मीटिंग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चौमूं।** पुलिस थाने में मोहर्रम को लेकर पुलिस थाने में मीटिंग का आयोजन हुआ। मीटिंग में शांति समिति और मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में मोहरम पर ताजिया जुलूस नहीं निकालने पर चर्चा हुई। जिस पर है मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने ताजिया जुलूस नहीं निकालने का निर्णय लिया कहा सरकार और कोरोना गाइडलाइन की पूरी पालना की जाएगी। इसके चलते जुलूस निकालने के लिए आश्वस्त किया।इस दौरान एसडीएम राहुल जैन ,एसीपी राजेंद्र सिंह निर्माण,साह्व हेमराज सिंह मौजूद रहे।

ANCHOR

स्वतंत्रता दिवस पर समारोह में सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने किया ध्वजारोहण

# 37 प्रतिभाएं सम्मानित, राज्यपाल का पढ़ा गया संदेश

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में सहकारिता एवं इंदिरा गांधी नहर परियोजना मंत्री उदयलाल आंजना ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों में क्षेत्रीय सांसद सी पी जोशी, जिला प्रमुख सुरेश धाकड़, पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत, नगर सभापति संदीप शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे। अधिकारियों में जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा, एडीएम (प्रशासन) रतन कुमार स्वामी, एडीएम (भूमि अवाप्ति) ज्ञानमल खटीक, जिला परिषद सीईओ, एसडीएम श्यामसुन्दर विश्नोई सहित कई अधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि आंजना ने प्रातः 9:05 बजे ध्वजारोहण किया। उन्होंने ध्वजारोहण के पश्चात परेड का निरीक्षण किया व मार्च पास्ट की सलामी ली। आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन रतन कुमार स्वामी ने महामहिम राज्यपाल का प्रदेशवासियों के नाम संदेश का पठन किया। महामहिम राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को 75वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी व संदेश दिया कि कोरोना से बचाव जरूरी है। उन्होंने अपने संदेश में राज्य सरकार द्वारा कोविड-19 से बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों का वर्णन किया। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का वर्णन किया।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि आंजना ने आमजन को सम्बोधित किया एवं वीर शहीदों को याद किया। मंत्री आंजना ने आमजन से मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना से अधिक से अधिक जुड़ने की अपील की। इसी के साथ उन्होंने राज्य सरकार द्वारा जनहित में उठाए गए विभिन्न कदमों की भी जानकारी दी। मुख्य समारोह से पूर्व प्रातः 8 बजे जिला कलेक्टर निवास पर एवं 8:30 बजे कलेक्ट्रेट पर जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने ध्वजारोहण किया। इसके साथ समस्त राजकीय कार्यालयों पर भी 8:15 पर ध्वजारोहण किया गया। मुख्य समारोह में परेड कमांडर आर आई इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह रहे। मंच संचालन अब्दुल सत्तार, अजय गगरानी, पूजा राजोरा ने किया, कार्य संयोजन अखिलेश श्रीवास्तव ने किया।

### राजकीय योजनाओं पर गीत एवं नृत्य

राजस्थान सरकार आमजन के कल्याण हेतु नित नए कदम उठा रही है। किसानों, महिलाओं और स्टूडेंट्स सहित समाज के हर वर्ग के लिए नई-नई योजनाएं लाकर जीवन स्तर को बेहतर किया जा रहा है। इसी को लेकर लोक कलाकार लक्ष्मीनारायण रावल की टीम द्वारा राजकीय योजनाओं जैसे घर-घर औषधि योजना, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना आदि कई योजनाओं को सम्मिलित करते हुए एक शानदार गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस प्रस्तुति को सभी ने काफी सराहा। प्रस्तुति से प्रसन्न होकर मुख्य अतिथि आंजना ने टीम को पुरस्कृत भी किया।

### 37 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

मुख्य समारोह में 37 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इसमें के.आर. मीना अधीक्षण अभियन्ता अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, अशोक कुमार लोढ़ा जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, प्रवेश परदेशी जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी (पीआरओ), सौरभ गुर्जर नायब तहसीलदार रावतभाटा, डॉ. मन्सुर अहमद खान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी निम्बाहेडा, डॉ. सौरभ सिंह हाड़ा आयुर्वेदिक चिकित्सक चित्तौड़गढ़, रामकृष्ण सिंह औषधि नियंत्रण अधिकारी, डॉ. सुमेर सिंह रावत वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी, डॉ. रामसिंह चुण्डावत अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (प्रथम) कपासन, ओमप्रकाश पालीवाल व्याख्याता स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विधालय निम्बाहेड़ा को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार द्वारकाधीश स्वर्णकार सहा. प्रशा. अधिकारी कार्यालय पुलिस अधीक्षक चित्तौड़गढ़, सीमा राणावत सहा. प्रशा. अधिकारी कार्यालय पुलिस अधीक्षक, चित्तौड़गढ़, जीवन राम मीणा प्रोग्रामर कार्यालय सूचना प्रौधोगिकी और संचार विभाग चित्तौड़गढ़, खुशवन्त कुमार हिण्डोनिया जिला डाटा प्रबन्धक चित्तौड़गढ़, कमल परिहार, भू-अभिलेख निरीक्षक, भू अभिलेख अनुभाग, चैन सिंह चौहान छात्रावास अधीक्षक राजकीय जनजाति बालक आश्रम छात्रावास लक्ष्मीपुरा पंचायत समिति भैसरोड़गढ को सम्मानित किया गया। इसके अलावा रामसिंह गुर्जर सूचना सहायक सूचना प्रौधोगिकी और संचार विभाग, शीतल कुमारी सूचना सहायक सहायक निदेशक लोक सेवाऐं चित्तौड़गढ़, नाना लाल धाकड़ ग्राम विकास अधिकारी पंचायत समिति चित्तौड़गढ़, दिलीप कुमार निहलानी अध्यापक राउमावि लुहारिया पंचायत समिति भैसरोड़गढ़, अजय सिंह राठौड़ अध्यापक राउमावि पारसोली, सुभाष लीलू, पटवारी पटवार हल्का लालास तहसील- गंगरार, चन्द्रपाल चौधरी पटवारी पटवार मण्डल-फाचर अहीरान तहसील- निम्बाहेड़ा, ग्यारसी लाल हेड कांस्टेबल बेल्ट नं.-27 पुलिस विभाग, मोडू लाल मेघवाल केटलगार्ड, ममता मेनारिया पुत्री सागरमल मेनारिया छात्रा, आयुष सोनी पुत्र रमेश चन्द्र सोनी, शाकिर हुसैन पत्रकार रावतभाटा, भगवान दास झंवर पर्यावरण-प्रेमी चित्तौड़गढ़, लक्ष्मीनारायण रावल (भवाई) लोक कलाकार, मंजरी फाउण्डेशन संस्थान चित्तौड़गढ़, पेंशनर समाज ईकाई जिला शाखा चित्तौड़गढ़, राधास्वामी सत्संग व्यास, ईकाई चित्तौड़गढ़, सुरभि महिला स्वयं सहायता समूह निम्बाहेड़ा, हज खिदमत कमेटी निम्बाहेड़ा, श्री सांवलियाजी राजकीय सामान्य चिकित्सालय चित्तौड़गढ़, उप जिला चिकित्सालय निम्बाहेड़ा को सम्मानित किया गया।

## जागरूक खबरें

### पीपाड़ के शिक्षक अमरसिंह हुए जिला स्तर सम्मानित



**आहोर(जालोर)।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय कोराणा में पदस्थापित पीपाड़ शहर निवासी शिक्षक अमर सिंह का 75 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन जालौर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय समारोह में जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, वन एवं पर्यावरण मंत्री सुखराम बिश्नोई एवं एस.पी.श्री श्याम सिंह द्वारा कार्मिक को भामाशाह प्रेरक एवं पूर्ण निष्ठा व समर्पण भाव से कार्य करने के उपलक्ष्य में प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया । अध्यापक ने स्थानीय गांव कोराणा के भामाशाहों को प्रेरित कर विद्यालय में कक्षा-कक्ष निर्माण,फर्नीचर सेट, (टेबल स्टूल),बेंचे, संपूर्ण विद्यालय में लाइट फिटिंग,पंखे,लैपटॉप,साउंड सिस्टम,वाद्य यंत्र के साथ विद्यालय सौंदर्यकरण हेतु डिवाइडर, पौधों के गमले,पानी टैंक,विभिन्न प्रजातियों के फूलदार पौधे एवं जरूरतमंद बालकों हेतु नि:शुल्क स्टेशनरी बैंक की स्थापना करवाने में अपना अहम योगदान दिया । पूर्व में अध्यापक उपखंड अधिकारी आहोर द्वारा भी सम्मानित हो चुके हैं अध्यापक के जिला स्तर पर सम्मानित होने पर पीपाड़ वासियों और विधालय स्टाफ सहित मित्र मंडल ने फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

### कोविड-19 में उत्कृष्ट कार्य के लिए सिरोही सीईओ भागीरथ विश्नोई हुए संभाग स्तर पर सम्मानित



**सिरोही @ जागरूक जनता।** जिले में 75वां स्वाधीनता दिवस समारोह हर्ष,उमंग और उत्साह से मनाया गया। अरविंद पेवेलियन में आयोजित मुख्य जिला स्तरीय समारोह में जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट भगवती प्रसाद ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर कोविड-19 के संक्रमण काल में जिन लोगों ने खुद से अधिक दूसरों के साथ समाज के बारे में सोचा और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सभी लोगों की सुरक्षा के लिए काम किया, उन प्रशासनिक अधिकारियों को संभागीय आयुक्त की ओर से सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जोधपुर संभाग स्तर पर जोधपुर संभागीय आयुक्त डॉ राजेश शर्मा द्वारा सिरोही जिले के मुख्य कार्यकारी अधिकारी CEO भागीरथ विश्नोई को कोविड-19 संक्रमण काल के दौरान मास्क वितरण,कोई भूखा न सोये इसके तहत जरूरत मंदो को भोजन की व्यवस्था, इस दौरान सुरक्षा, बिजली, जलापूर्ति, परिवहन, ऑक्सीजन आपूर्ति और मरीजों के इलाज जैसी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने में अनेक विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी विश्नोई के दिशानिर्देश में टीम बनाकर महत्वपूर्ण योगदान दिया है और इसके साथ ही वैक्सीन अभियान के तहत टीकाकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने, टीकाकरण के लिए लोगों को जागरूक करने और फैलाए गए भ्रम के खिलाफ अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने वाले मुखिया के रूप में प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सिरोही जिले के सीईओ भागीरथ विश्नोई ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं और मेरी पूरी प्रशासनिक टीम एवं पंक्ति में अंतिम लाइन में खड़े अधिकारी की और से जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करता हु। साथ ही कहा कि संभाग स्तर पर सम्मानित किया जाना उनके लिए गौरवान्वित पल है। वह आगे भी निश्चित रूप से समाज हित में काम करते रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न अधिकारियों,परिवारजनों और मित्र गणों ने ष्टश्वह्र विश्नोई को फोन एवं सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं व बधाई प्रेषित की।

## एक हजार सीसीटीवी कैमरों में 'नजरबंद' होगी इंदिरा रसोई

### गरीब की भोजन थाली में से मुनाफाखोरी रोकने, जनता से सीधे फीडबैक के लिए आगे बढ़ी सरकार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गरीबों के भोजन की थाली से मुनाफाखोरी रोकने और लोगों से सीधे फीडबैक लेने के लिए अब राज्य में संचालित इंदिरा रसोईयां 1 हजार से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की जद में होगी। इसके जरिए भोजन के लिए कूपन काटने वाले संचालक, रसोई में भोजन की गुणवत्ता और लोगों के फीडबैक की सीधी मॉनिटरिंग की जाएगी। यह सरकार का महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट है, इसलिए अफसर निर्देश की अक्षरश: पालना करने में जुटे हैं। राज्य सरकार के निर्देश के बाद स्वायत्त शासन विभाग इस पर 11 करोड़ रुपए खर्च करेगी। सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग के जरिए यह काम होगा। सस्ता भोजन उपलब्ध कराने के लिए सरकार इंदिरा रसोई का संचालन कर रही है। इसमें आठ रुपए जनता से और 12 रुपए बतौर सब्सिडी सरकार दे रही है।

#### इस तरह चलता रहा रेवड़ी बंटोरने का काम

**1. सब्सिडी का फायदा :** कई जगह रसोई संचालक इसी सब्सिडी राशि में से रेवड़ी बंटारेने का काम करते रहे। इसके लिए एक व्यक्ति के नाम पर दो कूपन काटे गए। यानि, एक व्यक्ति ने एक थाली ली लेकिन संचालक ने उसके नाम से दो कूपन काट दिए।




एक कूपन खुद ने रख लिया और बिना भोजन खिलाए ही सरकार से पैसे लेते गए।

**2. मोबाइल नम्बर अंकित करन से बच रहे :** इंदिरा रसोई में पहुंच रहे लोगों में से औसतन 23 प्रतिशत के मोबाइल नम्बर लिए जा रहे हैं। इनमें भी कई शहर तो ऐसे हैं जहां यह आंकड़ा 2 से 4 प्रतिशत के बीच ही है। मोबाइल नम्बर अंकित करते ही स्वायत्त शासन विभाग और स्टेट डेटा सेंटर में भोजन करने वाले व्यक्ति की पहचान पहुंच जाती है। इसके जरिए सीधे चैकिंग कर सकते हैं। इसी से बचने के लिए ज्यादातर संचालक मोबाइल नम्बर अंकित ही नहीं कर रहे।

#### कागजों में पेनल्टी

-गबन की मंशा से गलत कूपन काटा तो रसोई संचालक पर प्रति कूपन 2000 रुपए की पेनल्टी।
-इंदिरा रसोई पोर्टल पर कम से कम 15 प्रतिशत लोगों के मोबाइल नम्बर अंकित करना होगा। इससे कम आंकड़ा होने पर 10 रुपए प्रति माह पेनल्टी।

#### फैक्ट फाइल

- » 213 निकायों में संचालित है इन्दिरा रसोई
- » 358 रसोई संचालित है अभी प्रदेश में
- » 25 एक्सटेंशन काउंटर हैं इन रसोईयों के
- » 8 रुपए में उपलब्ध करा रहे एक समय का भोजन।

**राजस्थान यूनिवर्सिटी: जयपुर के 22 सरकारी कॉलेजों में 14 हजार सीट**

# आज से सरकारी कॉलेजों में प्रवेश प्रकिया शुरू होगी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान यूनिवर्सिटी के बाद अब प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो रही है। बुधवार से यूजी फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए फॉर्म भरे जाएंगे। फॉर्म 31 अगस्त तक भरे जाएंगे और 6 सितंबर को अंतिम वरीयता सूची व प्रतीक्षा सूची प्रकाशित की जाएगी। प्रदेशभर के 300 से ज्यादा सरकारी कॉलेजों में 1.91 लाख सीटें हैं। कॉलेज आयुक्तालय के अनुसार जिन छात्रों के माता/पिता या दोनों की तथा जिन महिला अभ्यर्थियों के पति की कोरोना से मौत हो गई है, उन्हें कॉलेज में न्यूनतम उत्तीर्णांक पर अतिरिक्त सीटों पर एडमिशन दिया जाएगा।



#### पूरे प्रदेश में पहले साल के लिए 1.91 लाख सीटें हैं

प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए करीब 1.91 लाख सीटें हैं। वहीं जयपुर जिले की बात करें तो 22 कॉलेजों में करीब 14 हजार सीटें हैं। जेएलएन मार्ग स्थित राजकीय कॉलेज जयपुर में बीए में 200, बीकॉम में 100, बीएससी बायो और मैथ्स में 88-88 सीटें हैं। कॉलेज प्रिंसिपल पुष्पा पारीक ने बताया कि मूक बधिर छात्रों के लिए सीटें निर्धारित नहीं है।

#### आरयू में 30 हजार फॉर्म आए, 19 आखिरी तिथि है

राजस्थान यूनिवर्सिटी के संघटक कॉलेजों में एडमिशन के लिए 30 हजार से ज्यादा छात्रों ने रजिस्ट्रेशन करवा दिया। 19 अगस्त तक छात्र ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद कट ऑफ लिस्टें जारी की जाएगी। राजस्थान यूनिवर्सिटी में यूजी में करीब 7 हजार सीटें हैं। ऐसे सभी छात्रों को एडमिशन दिया जाएगा। वहीं किशनपोल गर्ल्स कॉलेज में बीए में 200 सीटें हैं। ब्रह्मपुरी राजकीय कॉलेज में भी 200 सीटें हैं। इधर एक्सपर्ट का कहना है कि इस साल काफी संख्या में 12वीं में बच्चे पास हुए हैं। ऐसे में प्रवेश के लिए मारा-मारी मचनी तय है। हर स्ट्रीम में एडमिशन के लिए लंबी कतार है। एक बार फॉर्म आने के बाद तय हो पाएगा कि एडमिशन की प्रक्रिया क्या होगी?

**मोती डूंगरी गणेशजी मंदिर में जन्मोत्सव 10 सितम्बर को**

# जन्मोत्सव पर मोती डूंगरी गणेशजी मंदिर दर्शनार्थियों के लिए रहेगा बंद

### 3 दिन भक्तों के लिए मंदिर के पट रहेंगे बंद

### 9 सितम्बर को सिंजारा महोत्सव

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भाद्रपद चतुर्थी पर 10 सितम्बर को गणेश चतुर्थी मनाई जाएगी। इसदिन मोती डूंगरी गणेशजी मंदिर में गजानन महाराज का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। वहीं एक दिन पहले 9 सितम्बर को सिंजारा महोत्सव मनाया जाएगा। हालांकि मंदिर में भक्तों के प्रवेश पर पाबंदी रहेगी। 9 से 11 सितंबर तक भक्तों के लिए मंदिर के पट बंद रहेंगे। यह निर्णय कोविड 19 के चलते सरकार के निर्देशानुसार श्रीमोती डूंगरी गणेश मंदिर ट्रस्ट की ओर से लिया गया है। मंदिर महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि मंदिर में 9 सितम्बर को सिंजारा महोत्सव, 10 सितम्बर को गणेश चतुर्थी और 11 सितम्बर को मंदिर भक्तों के लिए बंद रहेगा। उन्होंने भक्तों से अपील भी की है कि सभी भक्त घर पर ही रह कर गणेशजी महाराज का पूजन करें। भक्त मंदिर में शोभायात्राएं नहीं लेकर आये।

# स्वतंत्रता दिवस समारोहपूर्वक सम्पन्न



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी) के तत्वावधान में संचालित माहेष्वरी उच्च माध्यमिक विद्यालय, तिलक नगर, जयपुर में समारोपूर्वक स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। राज्य सरकार द्वारा जारी कोविड-19 गाइड लाइन की पालना करते हुए यह सादगीपूर्ण समारोह विद्यालय के लाहोटी सभागार में मनाया गया। इस पुनीत अवसर पर मुख्यअतिथि सुप्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी सम्माननीय मनोज बिड़ला, विषिष्ट अतिथि माहेष्वरी समाज के वाइस प्रेसिडेंट (फाइनेंस) मुरलीधर राठी, विद्यालय के वाइस चेयरमैन रमेष कुमार सोमानी, मानद सचिव अषोक कुमार फलोड़, भवनमंत्री अजय नोवाल, का. प्राचार्य अजय कुमार गुप्ता तथा उपस्थित महानुभावों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण कर राष्ट्र के प्रति सम्मान प्रकट किया। इसके पश्चात् विद्यालय के मानद् सचिव अषोक कुमार फलोड़ ने माल्यार्पण कर उनकाअभिनन्दन किया। समारोह में मुख्य अतिथि महोदय ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी तथा कोरोना काल में तकनीक आधारित नवाचारी षिक्षण संसाधनों के माध्यम से विद्यार्थियों को घर बैठे षिक्षा प्रदान करने के लिए एम.एच.एस. के प्रयासों की सराहना की।

विद्यालय के वाइस चेयरमैन रमेश कुमार सोमानी ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि माहेश्वरी शिक्षण संस्थानों में उत्कृष्ट शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराने के आवश्यक संसाधनों के लिए ई.सी.एम.एस. हमेशा आगे रहा है और भविष्य में भी किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

विद्यालय के मानद् सचिव ने कहा कि भारत का भविष्य युवा और विद्यार्थी हैं। उन्हें ज्ञानवान बनाने के साथ-साथ संस्कारवान बनाना होगा। हमें अपने बौद्धिक कौशल से देश को ज्ञान, विज्ञान, तकनीकी आदि के साथ ही अब खेलों में भी अग्रणी बनाना है। इसके लिए युवाओं की प्रतिभा को तराषकर उन्हें उचित मार्गदर्षन देते हुए आगे बढ़ाना होगा। इस कार्य में माहेश्वरी शिक्षा समितिहर पथ पर आपके साथ कदम से कदम और कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

विद्यालय के षिक्षकों द्वारा विभिन्न देशभक्ति गीतों एवं राष्ट्रीयता से ओत-प्रोत एक लघुनाटिका की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में का. प्राचार्य अजय कुमार गुप्ता ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी तथा विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाष डालते हुए समारोह में पधारेसभीआगन्तुकों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिसर राष्ट्रगीत वंदेमातरम की मधुर स्वर लहरी से गुंजरित हो उठा ।

**सघन वृक्षारोपण के तहत विभिन्न किस्मों के लगाए 500 पौधे**

# वेटरनरी कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया गया 75वां स्वतंत्रता दिवस

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**नवानियां।** पशुचिकित्सा और पशुविज्ञान महाविद्यालय, नवानियां, उदयपुर में स्वतंत्रता दिवस समारोह सोशल डिस्टेंसिंग और कोविड गाइडलाइंस की पालना करते हुए हर्षोल्लास से मनाया गया। महाविद्यालय अधिष्ठाता (प्रो.) डॉ. राजीव कुमार जोशी ने महाविद्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और सलामी दी।समारोह का शुभारंभ राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। इसके बाद राजुवास गान, माननीय राज्यपाल महोदय के संदेश का वाचन तथा माननीय कुलपति महोदय के शुभ कामनाएं डिजिटल मीडिया द्वारा प्रेषित की गई। डॉ. जोशी ने सभी संकाय सदस्यों और कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने शहीदों को याद करते हुए कहा कि इस दिन हर भारतीय के मन में देशभक्ति की लहर एवं मातृभूमि के प्रति अपार स्नेह व सम्मान जाग उठता है हर भारतीय अपने देश के प्रति कुछ कर गुजरने की तमन्ना रखता है इसी जोश एवं जज्बे के साथ देश को उन्नति के नए शिखर पर पहुंचाने का हम सभी को संकल्प लेना है। उन्होंने महाविद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों और गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला और आगामीवर्ष की मुख्य गतिविधियों के बारे में बताया। स्वाधीनता समारोह के इस अवसर पर महाविद्यालय कैंपस में संकाय सदस्यों, अधिकारियों तथा प्रत्येक कर्मचारी द्वारा 11-11 पौधे लगाए तथा उनकी सुरक्षा और जीवित रखने का संकल्प लिया गया। उल्लेखनीय है कि इस दौरान महाविद्यालय परिसर में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न किस्मों के लगभग 500 पौधे लगाये गये। इस अवसर पर संकाय सदस्यों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत मधुर प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर गैर-शैक्षणिक कर्मचारी मगनीराम, केशुलाल, बाबूलाल डांगी को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।इस अवसर पर राजुवास स्थापना दिवस पर आयोजित कविता लेखन प्रतियोगिता में चतुर्थ वर्ष के सत्यनारायण को तथा स्वाधीनता दिवस पर वैक्सीनेशन थीम पर आयोजित ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष के आयशा हाशमी, प्रियंका बुरानियां व अमजद खान को पुरुस्कृत किया गया।समारोह और कार्यक्रम में 2 राज. आर. एंड वी. एनसीसी रेजीमेंट के स्टाफगण सहित विभिन्नसंकाय सदस्य उपस्थित रहें। इस अवसर पर मंच संचालन डॉ. अभिषेक गौरव द्वारा किया गया।




# जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था ने किया करोना योद्धाओं का सम्मान



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चौमूं।** जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था के द्वारा मुख्य सलाहकार आनंद मिश्रा एवं संस्था अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा के सानिध्य में राजकीय उप स्वास्थ्य केंद्र स्टेशन रोड चोमू मैं प्रभारी डॉ नीतू चौधरी के मुख्य अतिथि में कोरोना योद्धा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी लॉकडाउन में जब हम सब घरों में थे तब स्वास्थ्य कर्मी अपनी स्वास्थ्य एवं परिवार की चिंता किए बिना राष्ट्रहित एवं जन सेवा के लिए संकल्पित होकर दिन- रात सेवारत थे। स्वास्थ्य कर्मियों ने सामाजिक सरोकारों में एक नया अध्याय जोड़ते हुए हम सबको मानव सेवा की सीख दी ऐसे कोरोना योद्धाओं का सम्मान करके संस्था अपने आपको गौरवान्वित महसूस करती है। इस अवसर पर राजकीय उप स्वास्थ्य केंद्र के अधीनस्थ आने वाले a.n.m., आशा सहयोगिनी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, योगा टीचर एवं अन्य स्टाफ का संस्था का दुपट्टा उड़ा कर, स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र एवं पर्यावरण संवर्धन के लिए एक-एक पौधा भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रभारी सुभाष तिवारी, चौमू तहसील प्रभारी गजानंद शर्मा, भविष्यवक्ता रविंद्रआचार्य, चौमू तहसील समन्वयक राजेंद्र शर्मा, विमलपुरा शाखा अध्यक्ष मुकेश मेहता, बनवारीलाल बागड़ा, गोविंदगढ़ शाखा अध्यक्ष देवानंद शर्मा, रवि कुमार कुमावत रितेश योगेश्वर कमलेश कुमारी, मुकेश कुमारी, महिंद्रा कुमारी रविंद्र यादव सहित गणमान्य बंधु एवं अस्पताल स्टाफ उपस्थित था चोमू तहसील प्रभारी गजानंद शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

ANCHOR | उदासीनता

# राष्ट्रीय चिह्नों का अपमान, कहां सो रहे श्रीमान?

### लाखों की लागत से बने अशोक स्तंभ की नही हो रही सार संभाल, राष्ट्रीय प्रतीक के अपमान से लोग नाराज

जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**पीपाड़ शहर।** पुरे भारत वर्ष में आजादी का 75 वॉ जश्न अमृत महोत्सव के तौर पर मनाया गया लेकिन हमारे शहर के कई नेता, जनप्रतिनिधिगण और अधिकारी अभी भी गहरी नींद में सोए हुए हैं बात ही कुछ ऐसी है पीपाड़ शहर में हृदय स्थल अम्बेडकर सर्किल के पास शहर का मुख्य बस स्टेण्ड है जो 1984 के लगभग बना हुआ वह तो जर्जर हालत में ही और मुख्य द्वार जो जलदाय विभाग की और खुला हुआ है यहा चारी दिवारी पर लाईटे और तारबंदी कर एक सुन्दर आकर्षित स्वरूप दिया गया। इस पर अतिसुदंर भारत के राष्ट्रीय चिन्ह अशोक स्तंभ की प्रतिमाऐ दोनो तरफ स्थापित की गयी और उनके नीचे हाथी की स्वागत करती हुई खुदाई की गई प्रतिमा यह लगभग 20 वर्षो के आसपास से यहां स्थापित है, फिर भी इसकी देखरेख नहीं हो रही है। अशोक स्तंभ की अनदेखी का यह आलम है कि उस पर बड़ी-बड़ी दरारे और पुन: रंग रोगन भी नही हुआ एवम चार दीवारी में घास उग आई है। सर्दी-गर्मी एवं बारिश में यह धरोहर यूं ही पड़ी रहती है कई कार्यकाल में नगर पालिका अध्यक्ष एवं पढ़े-लिखे पार्षदों के होने के बावजूद यह शहर की बड़ी विडंबना है कि इस और ध्यान नही दिया गया जबकि इसके सामने ही अंबेडकर सर्किल है जहां पर हर वर्ष 26 जनवरी, 15 अगस्त और जयंति और पुण्यतिथि पर कई नेता गण, जनप्रतिनिधि गण, अधिकारी माल्यार्पण कर कार्यक्रम मनाते हैं इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

लेकिन राष्टीय चिन्ह एवं राष्टीय प्रतीकों का अपमान किया जा रहा है। राष्ट्रीय चिन्ह को खंभा समझकर लोग उससे अपना धर्म ध्वज, पार्टी के नेता अपने पार्टी का झंडा और तिरंगी बांधकर राष्ट्रीय प्रतीक का अपमान कर रहे हैं। पालिका प्रशासन भी इसकी तरफ ध्यान नहीं देता है। राष्ट्रीय चिन्ह और स्मारकों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर कोई पहल नहीं की जा रही है। अशोक स्तंभ लगाने से प्रेरणा तो मिलती और साथ ही हमारी पीढ़ी को अपने इतिहास के बारे में जानकारी मिल सके। इतिहासकारों ने बताया कि 'अशोक स्तंभ' हमारी सांस्कृतिक विरासत का अंग, भारत की शान राष्ट्रीय चिन्ह है। यह चिन्ह हमें महान सम्राट अशोक भगवान बुद्ध की राह पर चलने की प्रेरणा देता है।

#### शहरवासियों और शिक्षाविदों की जुबानी

**भवानीसिंह कच्छावाह : इतिहास विषय अध्यापक-** आजादी के 75 साल गुजर जाने के बाद भी जनप्रतिनिधियों को राष्ट्रीय चिन्हों के प्रति जानकारी का इस कदर अभाव है कि वह जाने अनजाने इसका अपमान कर बैठते हैं राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ असहज अवस्था में है प्रशासन और पालिका को राष्ट्रीय चिन्ह और स्मारकों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर कोई पहल नहीं की जा रही है।

#### निष्कर्ष क्लासेज डायरेक्टर

**जितेंद्र सिंह कच्छावाह-** राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न के प्रति इस तरह के व्यवहार से शहर नगर पालिका की इस कार्यशैली से न सिर्फ पीपाड़ की मर्यादा तार-तार हुई है बल्कि राष्ट्र के प्रतीक का भी अपमान हुआ । पार्षद पीयूष शर्मा, विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड पीपाड़ संयोजक अरविंद टाक, समाजसेवी अजय सिंह टाक, रामकिशोर का कहना है कि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो जिला कलेक्टर के समक्ष इसकी सार संभाल की लापरवाही को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा।

#### भारत के राजचिह्न अशोक स्तंभ के हैं कई मायने, यहां जानें कुछ खास बातें

- » अशोक स्तंभ हमें यह बताता है कि सत्य ही सर्वोच्च है. आज हम आपको अशोक चक्र से जुड़ी कुछ खास बातों को बताने वाले हैं जिन्हें जानकर आपको इसकी सारगर्भिता का अंदाजा हो जाएगा।
- » लायन कैपिटल की अगर बात रें तो पूरे अशोक स्तंभ को कमल के फूल की आकृति के ऊपर बनाया गया है. इसमें बनाए गए बड़े स्तंभ को लायन कैपिटल कहा जाता है. बता दें कि तीसरी शताब्दी में इसका निर्माण भारत के महान शासक अशोक द्वारा करवाया गया था।
- » इस स्तंभ में चार शेर हैं. हालांकि सामने से केवल इसमें 3 ही शेर दिखाई देते हैं। क्योंकि एक शेर की आकृति पीछे की तरफ छिप जाती है. ये चार शेर शक्ति, साहत, आत्मविश्वास और गौरव के प्रतीक हैं।
- » इस स्तंभ में घोड़ा और बैल की भी आकृति आपको दिखाई पड़ती है. घोड़े और बैल के बीच एक पहिया की आकृति को भी देखा जा सकता है। स्तंभ की पूर्व दिशा की ओर हाथी, पश्चिम की ओर बैल, दक्षिण की ओर घोड़ा और उत्तर की ओर शेर दिखाई पड़ते हैं जिन्हें पहियों के माध्यम से अलग होते दिखाया गया है।
- » अशोक स्तंभ के निचले भाग पर भारतीय परंपरा का सर्वोच्च वाक्य यानी आदर्श वाक्य सत्यमेव जयते लिखा गया है। इसका मतलब है सत्य की विजय. बता दें कि इसे मुण्डका उपनिषद से लिया गया है।

## जागरूक खबरें

### वृद्ध महिलाओं को तीर्थ यात्रा करवाना है पुण्य का कार्य - एएसपी कस्वां




**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान टीम के 5 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वृद्ध महिलाओं को तीर्थ यात्रा करवाई जा रही हैं।सामाजिक कार्यकर्ता रवि कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के 5 वर्ष पूर्ण होने पर वृद्ध महिलाओं को मथुरा, वृंदावन व मेहंदीपुर बालाजी आदि जगह तीर्थ यात्रा करवाई जा रही है। तीर्थ यात्रा पर जाने वाली वृद्ध महिलाओं की बस को मंगलवार को एएसपी रामकुमार कस्वां एवं डीएसपी दिनेश कुमार यादव ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।इस मौके पर एएसपी कस्वां ने कहा कि वृद्ध महिलाओं का सम्मान करना व उन्हें तीर्थ यात्रा करवाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है।वहीं एएसपी रामकुमार कस्वां व डीएसपी दिनेश कुमार यादव द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस अवसर पर कुसुम शर्मा,शर्मिला कुमावत,सरोज देवी,सुमन देवी,राधा सोनी,उर्मिला कुमारी,रीशाल देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

### धर्मसिंह सैनी ने भंडारे का आयोजन कर मनाया जन्मदिन



**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** स्वयंसेवी संस्था आओ साथ चलें द्वारा कस्बे के मुख्य चौराहे स्थित राजकीय बीडीएम अस्पताल पुलिया के नीचे आयोजित किए जा रहे प्रसाद्म अभियान में अपने जन्मदिवस पर भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान केक काटकर घुमंतू जाति के बच्चों को वितरित किया गया।उल्लेखनीय है कि संगठन के राष्ट्रीय संयोजक विष्णु मित्तल की पहल पर विगत 5 जुलाई 2019 से उक्त अभियान का आयोजन किया जा रहा है।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत को स्थानीय संयोजक आनंद मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान में लोग जन्मदिवस, पुण्यतिथि,वर्षगांठ सहित अन्य उल्लेखनीय दिवसों पर स्वयं की ओर से भंडारे का आयोजन कर रहे हैं उक्त अभियान को क्षेत्रवासियों की काफी सराहना मिल रही है साथ ही बड़ी संख्या में लोग भी इससे जुड़ रहे हैं। इस दौरान अशोक अवाना, विक्रम, अमित यादव, देवा, शेरसिंह, बलवीर, यशपाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य के लिए हरिसिंह भाटी को किया गया सम्मानित



**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** कस्बे के निकटवर्ती गॉव दांतिल निवासी नर्सिंग ऑफिसर हरिसिंह भाटी को कोरोना महामारी के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने पर 75 वें स्वतंत्रता दिवस पर सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज,जयपुर के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ.सुधीर भंडारी द्वारा दक्षता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।भाटी वर्तमान में राजकीय सवाई मानसिंह हॉस्पिटल जयपुर में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस मौके पर अतिरिक्त प्रधानाचार्य डॉ.अमरजीत मेहता,डॉ.एस. एम.शर्मा,डॉ.दीपक माथुर,डॉ.आई. डी.गुप्ता,डॉ.अजीत सिंह शक्तावत, डॉ. राजेश गुप्ता,डॉ.रणधीर राव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### आर्यन फाउंडेशन एंड हेल्थ केयर वॉलिंटियर्स टीम ने किया वृक्षारोपण



**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** 75 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आर्यन फाउंडेशन एंड हेल्थ केयर वॉलिंटियर्स टीम के संस्थापक आर्यन चौधरी के नेतृत्व में विभिन्न गांवों में वृक्षारोपण किया गया।इस दौरान भीम आर्मी जिलाध्यक्ष एवं पार्षद तारा पूतली ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए युवाओं को प्रेरित किया।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस मौके पर राहुल वर्मा, पवन वर्मा,कपिल वर्मा,प्रिंस भारद्वाज, अभिषेक राठौड़,कपिल वर्मा,महेश वर्मा,हरिकेश गुर्जर,प्रदीप गुर्जर, जाकिर हुसैन, सोनू मीणा, उसमान खान, सोनू, दीपक, बबलू, रहीम खान, संदीप, अजय, अनिल,अर्जुन, ब्रह्मदत्त, योगेश वर्मा, पवन आदि मौजूद रहे।

जागरूक जनता फेसबुक पेज
jagrukjanta.com
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

# विधायक मुरावतिया ने चरवाहे को दिए लाठीबाजी के टिप्स

## मकराना से जयपुर आते समय रास्ते में दिखे चरवाहे से की मुलाकात

जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**नागौर।** विधानसभा में तेजा गायन और 68 साल की उम्र में पुश अप चर्चा में रहने वाले रूपाराम मुरावतिया एक बार फिर से बीच सड़ पर लाठीबाजी की करतब दिखा सुर्खियों में आए है। इसका इन्होंने वीडियो भी बनाया और इसे रिपोर्टर के साथ शेयर भी किया। जब चरवाहे को लाठी से कालाबाजी करते देखा तो वे अपने आप को रोक नहीं सके और खुद ने लाठीबाजी करते हुए युवक को टिप्स भी दिए। विधायक मुरावतिया मकराना से जयपुर जा रहे थे। तभी उनकी नजर रास्ते में नावां बाईपास पर एक बकरियां चरा रहे चरवाले पर पड़ी। वह करतब दिखाते हुए लाठी घुमा रहा था। इसे देख विधायक खुद को रोक नहीं पाए और वहीं गाड़ी रोक दी। पहले तो उन्होंने युवक को दोबारा कलाबाजी दिखाने का बोला। इसके बाद खुद ने हाथों में लाठी ली और कलाबाजी दिखाने लगे। इसके साथ ही उन्होंने टिप्स भी दिए कि यह सारा कलाइयों का खेल होता है। उन्होंने बताया कि बड़ी तेज एवं कलात्मक तरीके से अपनी कलाइयों के सहारे लाठी घुमाना बहुत ज्यादा कठिन है। पहले के दौर में इस प्रकार की लाठी चलाने की कई गांवों में प्रतियोगिताएं होती थी, लेकिन अब यह बंद हो चुकी है।

### 68 साल के विधायक मुरावतिया पुश अप लगाते हैं, विधानसभा में तेजा गायन भी कर चुके हैं

**मकराना** विधायक रूपाराम मुरावतिया 68 साल की उम्र में भी पुश अप लगाते हैं। पिछले दिनों कुछ ग्रामीण युवाओं के साथ पुश अप और उनके साथ दौड़ लगाते हुए का भी उन्होंने एक वीडियो बनाया था। संगीत में भी रूचि हैं। वे विधानसभा में तेजा गायन भी कर चुके हैं। भजन संध्या और कार्यक्रमों में भजन भी गाते हैं।

## धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस पर्व

# एडीएम आर्य ने ध्वजारोहण कर ली मार्च पास्ट की सलामी

### उत्कृष्ठ कार्य करने वाले राजकीय कर्मचारियों, आमजन,अधिकारियों व छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**कोटपूतली।** कस्बे सहित समूचे उपखण्ड क्षेत्र में देश की आजादी का पर्व 75 वें स्वतंत्रता दिवस को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।हालांकि कोरोना गाईडलाईन के चलते विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों में केवल ध्वजारोहण कार्यक्रम का ही आयोजन किया गया। अतिरिक्त जिला स्तर पर मुख्य समारोह कस्बे के राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ।जहाँ एडीएम जगदीश आर्य ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली।इस दौरान कोरोना पाबंदी के चलते सीमित कार्यक्रम ही आयोजित किये गये।आयोजन में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस मौके पर उत्कृष्ठ कार्य करने वाले राजकीय कर्मचारियों, आमजन,अधिकारियों व छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एडीएम जगदीश आर्य व अध्यक्षता करते हुए पालिकाध्यक्ष पुष्पा सैनी ने 92 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस मौके पर बीडीएम अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉ.अश्वनी गोयल व मेलनर्स श्रीराम सराधना को कोरोना काल में विशेष योगदान पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम सुनीता मीणा, डीएसपी दिनेश कुमार यादव, राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या मनोरमा यादव, पालिका ईओ फतेह सिंह मीणा, बीडीओ शशीबाला वर्मा, एडवोकेट दुर्गा प्रसाद सैनी सहित अन्य मौजूद रहे। वहीं कस्बा स्थित नगर पालिका कार्यालय पर पालिकाध्यक्ष पुष्पा सैनी द्वारा ध्वजारोहण कर पालिका कार्मिकों को सम्मानित किया गया।इस दौरान पार्षदगण व पालिका कार्मिक मौजूद रहे। दूसरी ओर कस्बे के अमरपुरा रोड़ पर स्थित सजना पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल में विद्यालय के संरक्षक दुर्गा प्रसाद कुमावत ने ध्वजारोहण किया।इस मौके पर प्रधानाचार्य सजना कुमावत,देवराज कुमावत,रणजीत सैनी, मुकेश कुमार सैनी,अजय कुमार, दिनेश कुमार सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

### वीनस मिस इंडिया 2021 के रजिस्ट्रेशन शुरू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजधानी जयपुर की टॉप मॉडलिंग एजेंसी वीनस फिल्म एंड इवेंट्स की ओर से नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट वीनस मिस इंडिया 2021 का आयोजन जल्द ही होने जा रहा है। जिसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और जल्द ही वर्चुअल ऑडिशन सेशन का आयोजन भी किया जाएगा। शो आयोजक जेजे कश्यप ने बताया कि इस प्रतियोगिता के ऑडिशन 10 बड़े शहरों में आयोजित किए जाएंगे। जिसमें दिल्ली,चंडीगढ़, अहमदाबाद, गुवाहाटी, नासिक, पुणे, बेंगलुरु, जयपुर एवं उदयपुर शामिल हैं। ग्रैंड फिनाले में बॉलीवुड हस्तियां एवं फैशन जगत से जुड़े लोग शिरकत करेंगे। इस प्रतियोगिता में जो भी प्रतिभागी भाग लेता है और जो जीतता है उसे नगद पुरस्कार एवं फिल्मों में काम करने का मौका दिया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि वीनस फिल्म एंड इवेंट्स 20 वर्षों से फैशन इंडस्ट्री में अपना मुकाम रखता है। जयपुर में कंपनी ने बहुत सारे फैशन इवेंट ऑर्गेनाइज किए हैं। अब कंपनी द्वारा नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट वीनस मिस इंडिया का आयोजन किया जा रहा है, जिसका ग्रांड फिनाले गोवा में आयोजित किया जाएगा।

# क्लब अध्यक्ष मीणा ने किया झण्डारोहण



### कोविड़ से काल का ग्रास बने पत्रकारों के प्रति जताई संवेदना

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** 75वें स्वाधीनता दिवस पर प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा ने प्रेस क्लब परिसर में झण्डारोहण कर पत्रकार समाज को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रेस क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी पत्रकार हितों के लिए कृत संकल्पित है। कोरोनाकाल में भी मीडियाकर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर 24×7काम कर अपने दायित्व का निर्वहन किया। प्रदेशभर में कई पत्रकार साथियों की कोविड़-19 से मौत हुई। प्रेस क्लब परिवार इस विषम परिस्थिति में पत्रकारों के परिजनों के साथ है। प्रेस क्लब में सुविधाओं को पहले से बेहतर किया जाएगा। पत्रकार सदैव सरकार एवं समाज में समन्वय का सेतु है। प्रेस क्लब महासचिव रामेन्द्र सोलंकी ने कहा कि हमारा उद्देश्य प्रेस क्लब में अन्य सुविधाओं के साथ पत्रकारिता के नए आयाम स्थापित करना है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब कर्मचारियों को पारितोषित दिया गया। हम पत्रकार समाज के हित के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। हम पत्रकारों के बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करेंगे। पत्रकारों के सर्वांगिण विकास के लिए प्रेस क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी एवं क्लब परिवार हमेशा सहयोग करेगा। मीडिया ने हमेशा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का कार्य किया है। इस अवसर पर संस्थापक सदस्य एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण चन्द छाबड़ा ने अपना आशीर्वाद देते हुए युवा पत्रकारों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है। आजादी से लेकर आज तक पत्रकारों ने अपने दायित्व का निर्वहन किया है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य मांगीलाल पारीक, पुष्पेन्द्र सिंह, राहुल भारद्वाज, अनिता शर्मा, ओमवीर भार्गव, वसीम अकरम कुरैशी, पूर्व अध्यक्ष नीरज मेहरा, किशोर शर्मा, राधारमण शर्मा पूर्व महासचिव सत्यनारायण शर्मा, रोशन लाल शर्मा, जार के अध्यक्ष राकेश शर्मा, पूर्व कोषाध्यक्ष राहुल गौतम, वरिष्ठ पत्रकार बृहस्पति शर्मा, श्रीमती आशा पटेल, बृज भूषण शर्मा, श्याम सुन्दर शर्मा, विजय शर्मा किक्की, आर.के. चौधरी सहित पत्रकार एवं अनेक प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

## 75 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिया गया पुरूस्कार

# एएसपी रामकुमार कस्वां को डीजीपी डिस्क पुरूस्कार से किया गया सम्मानित



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोटपूतली।** स्थानीय एएसपी रामकुमार कस्वां को राजस्थान पुलिस द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डीजीपी डिस्क पुरूस्कार से सम्मानित किया गया है।उल्लेखनीय है कि कस्वां ने वैश्विक महामारी कोरोना वायरस की दूसरी लहर में व्यवस्थाओं का कुशल संचालन करते हुए सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता के साथ निभाया था।उनकी पहल पर शुरू किये गये मेरा गाँव-मेरी जिम्मेदारी अभियान से कोरोना वायरस पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो पाया था। साथ ही कोटपूतली से शुरू किया गया यह अभियान पहले जिला स्तर पर फिर राज्य स्तर पर राजस्थान सरकार द्वारा लागू किया गया था।इसके अलावा लोगों को जागरूक कर जीवन रक्षा के साथ-साथ मर्डर,चोरी सहित विभिन्न गंभीर अपराधों की वारदातों का खुलासा करने,एनडीपीएस एक्ट में विशेष कार्यवाही व शराब तस्करों को पकड़ने के उत्कृष्ठ व सराहनीय कार्य के चलते स्वतंत्रता दिवस पर कस्वां को राजस्थान पुलिस एकादमी के निदेशक एडीजीपी राजीव शर्मा द्वारा डीजीपी डिस्क अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।एएसपी कस्वां की उपलब्धि से पुलिसकर्मियों में उत्कृष्ठ कार्य करने की भावना बढ़ेगी।कस्वां की उपलब्धि जिले भर की पुलिस के लिए गौरव व सम्मान की बात है।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत को एएसपी कस्वां ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें पूर्व में भी गोल्फ खिलाड़ी के तौर पर अखिल भारतीय गोल्फ टुर्नामेंट में भी प्रथम आने पर वर्ष 2019 में डीजीपी डिस्क से सम्मानित किया गया था।

ANCHOR

## पंचायती राज ईकाई चुनाव

# 136 प्रत्याशियों ने 27 वार्डों के लिए भरे 172 नामांकन

## अन्तिम दिन पंचायत समिति सदस्य चुनाव के नामांकन को लेकर उमड़ी भीड़, भाजपा-कांग्रेस सहित आरएलपी ने की प्रत्याशियों की सूची जारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**कोटपूतली।** पंचायती राज ईकाईयों के चुनाव को लेकर पंचायत समिति सदस्य पद हेतु कोटपूतली पंचायत समिति के 27 वार्डो के लिए प्रथम चरण में आगामी 26 अगस्त को मतदान होगा। पंचायत समिति सदस्य पद हेतु नामांकन फॉर्म जमा करवाने के अन्तिम दिन सोमवार को आजाद चौक स्थित उपखण्ड कार्यालय में प्रत्याशियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।आंकड़ों पर अगर गौर किया जाये तो 5 दिन की नामांकन प्रक्रिया में कुल 27 वार्डो के लिए 136 प्रत्याशियों ने 172 नामांकन दाखिल किये हैं।नामांकन की प्रक्रिया 11 अगस्त को शुरू हुई थी। जिसमें 11 व 12 अगस्त को शुरूआती दो दिनों में किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल नहीं किया था।जबकि शुक्रवार को तीसरे दिन 9 प्रत्याशियों ने 12 नामांकन व शनिवार को 18 प्रत्याशियों के द्वारा 23 नामांकन दाखिल किये गये।जबकि अन्तिम दिन सोमवार को 137 नामांकन भरे गये। एसडीएम सुनीता मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड नं. 1 से 6 प्रत्याशियों ने 8 नामांकन, 2 से 3 ने चार, 3 से 11 ने 11, 4 से 2 ने तीन, 5 से 3 ने तीन, 6 से 4 ने पाँच, 7 से 2 ने चार, 8 से 7 ने दस, 9 से 5 ने पाँच, 10 से 5 ने पाँच, 11 से 5 ने 8, 12 से 6 ने 8, 13 से 5 ने सात,14 से 3 ने तीन, 15 से 3 ने चार,16 से 10 ने 11, 17 से 7 ने दस,18 से 4 ने पाँच, 19 से 5 ने छः, 20 से 8 ने आठ,21 से 4 ने छः, 22 से 4 ने पाँच, 23 से 7 ने दस, 24 से 5 ने आठ, 25 से 3 ने चार, 26 से 7 ने 9 व 27 से 2 प्रत्याशियों ने दो नामांकन दाखिल किये है।मंगलवार 17 अगस्त को नामांकन पत्रों की जाँच कर वैद्य नामांकन सूची जारी की जायेगी। जबकि बुधवार 18 अगस्त को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी के बाद अन्तिम सूची का प्रकाशन कर निर्दलिय प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह जारी किये जायेगें।मतगणना शनिवार 4 सितम्बर को जिला मुख्यालयों पर होगी। जबकि पंचायत समिति प्रधान व जिला प्रमुख का चुनाव 6 सितम्बर एवं उप जिला प्रमुख व उप प्रधान का चुनाव 7 सितम्बर को होगा।

### भाजपा-कांग्रेस ने की प्रत्याशियों की सूची जारी -

नामांकन के अन्तिम दिन तक भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशी के लिए कशमकश का दौर जारी रहा। प्रत्याशियों ने पार्टी टिकिट के लिए एढ़ी से चोटी का जोर लगाया। बड़ी संख्या में प्रत्याशी भाजपा व कांग्रेस का टिकिट कटने के बाद निर्दलिय प्रत्याशी के रूप में नामांकन के लिए पहुँचे। वहीं यहाँ से राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने भी 8 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे है। भाजपा की बात की जायें तो वार्ड नं. 1 से उर्मिला / मंगल यादव, 2 से सोमा देवी / मनोज कुमार, 3 से राजू देवी / दाताराम शर्मा, 4 से मुकेश देवी / महेन्द्र कुमार, 5 से पूरणमल पुत्र उमराव प्रसाद, 6 से ललिता / मनोज कुमार अग्रवाल, 7 से मुकेश / जयसिंह, 8 से ईशा कुमारी / दीपक सिंह, 9 से ममता पत्नी मनोज, 10 से कुमारी प्रियंका / ओमप्रकाश, 11 से रेखा देवी / मिन्टु, 12 से देशराज सिंह / गोकुल सिंह, 13 से संतोष / श्रीराम, 14 से मिनाक्षी / सुभाष घोघड़, 15 से पूजा / सुधीर कुमार, 16 से कौशल्या / सुरेन्द्र, 17 से विर म सिंह कसाना पुत्र रामकरण सिंह कसाना, 18 से प्रमोद कुमार / हरफुल, 19 से कैलाश चंद / घीसाराम, 20 से राधेश्याम / रघुवीर सिंह मोरोडिया, 21 से सुमन / यादराम जांगल, 22 से सावित्री / देशराज सैनी, 23 से राजेन्द्र कुमार गुर्जर / शिवराम गुर्जर, 24 से विर म सिंह यादव / रामधन यादव, 25 से सावित्री कुमारी / धोलाराम, 26 से मुकेश कुमार / रामकुमार व 27 से सुमन / बसंतराम को अपना प्रत्याशी बनाया है। इसी प्रकार कांग्रेस पार्टी ने वार्ड नं. 1 से सरिता पत्नी संदीप यादव, 2 से अनिता पत्नी संजय, 3 से नेहा पत्नी विजय, 4 से चम्पा मीणा पत्नी मनोज, 5 से सुषमा मीणा पत्नी अशोक, 6 से बीना देवी पत्नी कमल कुमार मीणा, 7 से हँसराज पुत्र भुनाराम, 8 से संतोष पत्नी बहादुरमल यादव, 9 से रजनी पत्नी ओमप्रकाश, 10 से विजय सिंह आर्य, 11 से राजवती पत्नी ठाकुर सिंह, 12 से भवानी सिंह सैनी, 13 से शर्मिला कुमारी पत्नी मुकेश कुमार यादव, 14 से खामोश पत्नी राजेश यादव, 15 से अनिता पत्नी मनोज कुमार, 16 से संती पत्नी सुभाष, 17 से मोनू पुत्र तुलसीराम, 18 से मंगेज पुत्र कृष्ण, 19 से प्रभुदयाल गुर्जर, 20 से रामजीलाल पुत्र धुणाराम, 21 से संतोष पत्नी साधुराम जाट, 22 से प्रेम पत्नी सुबेसिंह, 23 से विजय कुमार पुत्र रामस्वरूप, 24 से विर म सिंह यादव, 25 से नाथी पत्नी छाजुराम, 26 से राकेश गुर्जर पुत्र पप्पुराम, 27 से कमलेश देवी पत्नी रामकुमार पायला को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने वार्ड नं. 5 से सुवाराम पुत्र बोदाराम, 9 से कविता पत्नी मुकेश कुमार, 10 से संजय आर्य पुत्र बाबूलाल, 12 से पवन सिंह तंवर पुत्र महेश सिंह, 18 से सत्यपाल पुत्र प्रभाती लाल गुर्जर, 21 से विमला पत्नी लीलाराम, 24 से महेन्द्र जाट पुत्र सुबेसिंह व 26 से जगदीश पुत्र प्रभाता को अपना प्रत्याशी बनाया है।बहरहाल सोमवार को नामांकन ही दाखिल हुए है। नामांकन पत्रों की जांच व नाम वापसी के बाद कितने प्रत्याशी मैदान में बचते है उसके बाद ही असली तस्वीर साफ हो पायेगी।

### वार्ड नं. 10 के प्रत्याशी के कारण रुकी भाजपा सूची

**भारतीय** जनता पार्टी द्वारा अपने अधिकृत प्रत्याशियों की सूची सोमवार सुबह ही जारी कर दी गई थी।किन्तु वार्ड नं. 10 से प्रत्याशी घोषित किये गये संजय पुत्र बाबूलाल आर्य द्वारा ऐन वक्त पर भाजपा छोडकर रालोपा से नामांकन कर देने के बाद भाजपा की सूची रूक गई।जिसके बाद पार्टी ने वार्ड नं. 10 से कुमारी प्रियंका / ओमप्रकाश को अपना प्रत्याशी बनाया। वहीं वार्ड नं. 9 से बत्तो देवी की जगह ममता पत्नी मनोज एवं 18 से कुलदीप जाखड़ के स्थान पर प्रमोद कुमार / हरफूल को भाजपा ने चुनावी मैदान में उतारा है।

### जिला परिषद सदस्यों की भी सूची जारी

**अखबार** के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि जिला परिषद चुनाव को लेकर भी उपखण्ड क्षेत्र से भाजपा व कांग्रेस द्वारा अपने अधिकृत प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी गई। कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नं. 48 से भाजपा ने ग्राम टोरडा-रामपुरा निवासी भोमाराम गुर्जर व कांग्रेस ने ग्राम पंवाला राजपूत निवासी सतीश कुमार गुर्जर,49 से भाजपा ने ग्राम कुजोता निवासी किताब देवी यादव व कांग्रेस ने ग्राम जगदीशपुरा निवासी रेणु देवी यादव, 50 से भाजपा ने चतुर्भुज निवासी प्रेम धानका व कांग्रेस ने ग्राम कल्याणपुरा खुर्द निवासी गीता देवी मीणा एवं 51 से भाजपा ने ग्राम पनियाला निवासी विमला देवी पत्नी सांवतराम रावत एवं कांग्रेस ने ग्राम मलपुरा निवासी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मंजू रावत को अपना प्रत्याशी बनाया है।वहीं आरएलपी ने जिला परिषद वार्ड नं. 50 से ग्राम दादुका निवासी कमला पत्नी बनवारी लाल धानका को चुनावी समर में उतारा है।

## जागरूक खबरें

### ऑनलाइन 'स्वतंत्रता दिवस साहित्यिक महोत्सव' आयोजित



**लुधियाना @ जागरूक जनता।** पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन "स्वतंत्रता दिवस साहित्यिक महोत्सव" का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'स्वतंत्रता का महत्व' रखा गया। इस महोत्सव में देश के अलग-अलग राज्यों के रचनाकारों ने भाग लिया तथा स्वतंत्रता के महत्व तथा विशेषता पर आधारित अपनी रचनाओं को प्रस्तुत कर उन्होंने स्वतंत्रता के जश्न में चार चाँद लगा दिए। इस महोत्सव में संगीता सिंघल विभु (पीलीभीत, उत्तर प्रदेश) और निर्मला कर्ण (राँची, झारखण्ड) की स्वतंत्रता पर आधारित रचनाओं ने सभी का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। इस महोत्सव में सम्मिलित सभी प्रतिभागी रचनाकार शख्सियतों को ऑनलाइन "पुनीत स्वतंत्र श्रेष्ठ रचनाकार" सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समूह के प्रवक्ता द्वारा सभी देशवासियों एवं रचनाकारों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गई और कहा गया कि तथा पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह इसी तरह आगे भी ऑनलाइन साहित्यिक महोत्सवों के माध्यम से विभिन्न पर्वो को मनाता रहेगा तथा नए रचनाकारों को साहित्यिक मंच उपलब्ध करवा के साहित्य के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा। उन्होंने रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले ऑनलाइन 'रक्षाबंधन साहित्यिक महोत्सव' में शामिल होने के लिए हिंदी रचनाकारों को सादर आमंत्रित भी किया। इस महोत्सव में उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत करके समूह की शोभा बढ़ाने वालों में प्रमुख नाम उर्मिला मेहता, प्रतिभा तिवारी, नीलम झा, कुसुम अशोक सुराणा, चंचल जैन, डॉ. उमा सिंह बघेल, सरिता कुमार, पदमा दीवान 'अर्चना', डॉ. ऋतु नागर, मीता लुनिवाल, संध्या शर्मा, मुकेश बिस्सा, संगीता सिंघल विभु, ज्ञानवती सक्सैना 'ज्ञान', निर्मला कर्ण रचनाकारों के रहे।

तबादलों की खिड़की खुली : आज से 25 अगस्त तक कर सकेंगे आवेदन

# तीन साल बाद तृतीय श्रेणी शिक्षकों के होंगे तबादले

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राज्य सरकार ने तीन साल बाद तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादलों की खिड़की खोल दी है। इच्छुक शिक्षक 18 से 25 अगस्त तक शाला दर्पण पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार माध्यमिक शिक्षा, प्रारंभिक शिक्षा और पंचायतीराज विभाग में कार्यरत तृतीय श्रेणी शिक्षक, प्रबोधक, शारीरिक शिक्षक, प्रयोगशाला सहायक, पुस्तकालयाध्यक्ष ही ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। विभाग ने सभी जिलों से आवेदन मांगे हैं। इसका अर्थ है कि टीएसपी एरिया और प्रतिबंधित जिलों के शिक्षक भी आवेदन कर सकेंगे। शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- कई जरूरतमंद और पीड़ित वर्षों से दूसरे जिलों में बैठे हैं। आवेदन आने के बाद देखेंगे कि कितने आवेदन आए, रिक्त पदों की स्थिति क्या है। इसका अध्ययन कर एक गाइडलाइन तैयार होगी। सरकार ने तबादलों पर छूट की अवधि भी 15 सितंबर तक बढ़ा दी है।

#### इससे पहले नें 14 जुलाई से 14 अगस्त तक तबादलों पर से प्रतिबंध हटाया था।

इससे पहले भाजपा सरकार में अगस्त-सितंबर 2018 में तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले किए गए थे। तब करीब 35 हजार शिक्षकों को इधर-उधर किया गया था।

#### ऑफिस में सोशल मीडिया नहीं चला पाएंगे कर्मचारी

शिक्षा विभाग के कर्मचारी कार्यालय समय में अब सोशल मीडिया का इस्तेमाल सिर्फ लंच के समय कर सकेंगे। डोटासरा ने सोमवार को शिक्षा संकुल में स्थित विभाग के कार्यालयों के औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ कर्मचारी सोशल मीडिया पर व्यस्त थे। इससे नाराज डोटासरा ने ऑफिस समय में तुरंत रोक के निर्देश दिए। हालांकि लंच में इनका इस्तेमाल कर सकेंगे।जरूरत हो तो ऑफिशियल काम के लिए इनका इस्तेमाल किया जा सकेगा। शिक्षामंत्री ने करीब 2 घंटे तक अलग अलग कार्यालयों का दौरा किया। इसमें कुछ कर्मचारी अनुपस्थित भी मिले। लेकिन उनके बारे में पता किया तो वे ऑफिशियल काम से ही बाहर थे। डोटासरा ने हाजिरी रजिस्टरों की भी जांच की। डोटासरा ने बताया कि यह दौरा गुड गवर्नेंस का हिस्सा है। इससे कर्मचारियों में उत्साह बना रहता है।

> शिक्षा संकुल के निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारी मोबाइल में व्यस्त थे। यह ठीक नहीं है। इसलिए कार्यालय समय में कर्मचारियों को फेसबुक, वाट्सएप, ट्विटर का इस्तेमाल नहीं करने को कहा है। लंच समय में इनके इस्तेमाल की छूट रहेगी। स्कूलों समय में मोबाइल के इस्तेमाल पर पहले से ही प्रतिबंध है।
> **- गोविंद सिंह डोटासरा,** शिक्षामंत्री

गहलोत सरकार पर बरसे सतीश पूनिया

# राजस्थान में अपराधियों में विश्वास और आमजन में भय की स्थिति पैदा हो गई है

### मुख्यमंत्री सिर्फ सत्ता बचाने में लगे हुए है

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने प्रदेश में बढ़ते अपराधों के लिए कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस के नेता सिर्फ सत्ता बचाने में जुटे हुए हैं। जिसकी वजह से अपराधी बेखौफ और आम जनता के मन में डर है। राजस्थान के हर जिले में लूट, चोरी, हत्या और बलात्कार जैसी वारदातें हो रही है। लेकिन मुख्यमंत्री के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही। जिसकी वजह से प्रदेश की जनता का जीना दूभर हो गया है।

सतीश पूनिया ने कहा कि राजस्थान में पुलिस विभाग के आंकड़ों के अनुसार ही 14 प्रतिशत अपराधों में वृद्धि हुई है। जबकि हकीकत में यह आंकड़ा और भी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में गृह विभाग की जिम्मेदारी भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पास है। जिसकी वजह से पुलिस महकमे की प्रॉपर मॉनिटरिंग नहीं हो रही। जो अब जनता के लिए परेशानी का कारण बन गया है। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने भी राजस्थान पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि पुलिस के मुखिया महिला अपराधों की वारदातों को झूठा बता रहे हैं। अगर हकीकत में ऐसा है तो उन्हें झूठ बोलने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान देश में अपराध में नंबर वन बन गया है। लेकिन राजस्थान पुलिस इसे छुपा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। बता दे कि आज राजस्थान के डीजीपी एम.एल. लाठर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राजस्थान में बढ़ते महिला अपराधों पर सफाई पेश की थी। जिसमें उन्होंने 37 प्रतिशत महिला अपराधों के मामलों को झूठा करार दिया था। वहीं बढ़ते अपराधों को पहले के मुकाबले कम बताया था। जिसको लेकर अब सियासत शुरू हो गई है।

# अब हर सड़क को उसी शहर की थीम पर मिलेगी पहचान

### शहरों में बसावट की थीम, उसके एतिहासिक महत्व, स्वरूप के आधार पर नामकरण हो

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विदेशों की तर्ज पर राज्य में शहरों की हर सड़क, गली, रास्तों, चौराहों को अब पहचान मिलेगी। इनका नामकरण उसी शहर के एतिहासिक व अन्य महत्व के आधार पर होगा। प्रमुख व्यक्तियों, स्वतंत्रता सेनानी, शहीदों के नाम पर भी सड़कों के नाम रखे जा सकेंगे। इसके लिए पहले जनप्रतिनिधियों की सलाह लेनी होगी और उसके बाद जनता से आपत्ति-सुझाव की प्रक्रिया होगी। यानि, नगरीय निकायों की मनमनी नहीं चल पाएगी। नगरीय विकास विभाग और स्वायत्त शासन विभाग ने इसकी पालना के आदेश जारी कर दिए हैं। खास यह भी है कि जनता हर रास्ते, सड़कों की चौड़ाई भी पता चलेगी। इसके लिए हर सड़क के मार्गाधिकार निर्धारित होंगे और उसके संबंधित इलाके में अंकित किया जाएगा। पहली बार है जब इस तरह की कवायद शुरू की गई है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि शहरों में बसावट की थीम, उसके एतिहासिक महत्व, स्वरूप के आधार पर नामकरण हो। इससे पर्यटकों को सड़क, चौराहों के नाम से भी उस शहर का महत्व पता चल सके।

#### जयपुर के प्रताप नगर की तर्ज पर

जयपुर के प्रताप नगर इलाके को मेवाड़ के एतिहासिक धरोहर, वीरों के नाम और नदियों के नाम पर पहचान दी गई है। यहां हल्दीघाटी मार्ग, कुंभा मार्ग, चेतक मार्ग, भामाशाह मार्ग, महाराणा अजय मार्ग के अलावा पन्नाधाय सर्किल, महाराणा प्रताप सर्किल के नाम पर है। इसी तरह अपार्टमेंट को अलकनंदा, नर्मदा, सतलज, गोमती, सरस्वती नदियों के नाम से पहचान दी गई है। इसी तर्ज पर शहरों, इलाकों को पहचान दी जाएगी।

#### मार्गाधिकार नहीं होने से परेशानियों का अंबार

- सड़कों का मार्गाधिकार निर्धारित नहीं होने के कारण सड़क चौड़ाई, भूखंड का स्वामित्व, सड़क सीमा में अतिर मण, भवन निर्माण स्वीकृति सहित अन्य मामलों में निर्णय लेने में कठिनाई हो रही है।
- सड़क मार्गाधिकार के अनुरूप नगरीय विकास कर निर्धारण में भी गफलत की स्थिति बन रही है।
- भवन, इमारत का अलाइनमेंट का भी वैधानिक रूप से निर्धारण नहीं है। इससे भूखंडों की माप और क्षेत्रफल अलग-अलग होने के कारण भवन रेखा निर्धारित करदी जाती है, जिससे सड़क का मार्गाधिकार भी प्रभावित होता है।
- सड़क, मार्ग, गलियों, रास्तों का नामकरण नहीं होने से आगंतुकों, पर्यटकों, स्थानीय लोगों को भी संबंधित स्थान तक पहुंचने में कठिनाई आ रही है।

#### विदेशों का उदाहरण, नामकर होगा तो पहुंच होगी आसानी

**कई** देशों के सभी शहरों में हर सड़क, मार्ग, गली, चौराहों का नामकरण है, साइनेज लगाए गए हैं। इससे शहर में किसी भी स्थान तक पहुंचने में किसी भी आगंतुक को दिक्कत नहीं होती। साथ ही इसकी सूचना जीओ–टैग होने के कारण गूगल या अन्य किसी भी मैप एप्लीकेशन के जरिए आसानी से पहुंचा जा सकता है।

#### अधिनियम में भी है प्रावधान

नगरपालिका अधिनियम की धारा 183 में अंकित है कि नगरीय क्षेत्रों में सड़क, गलियों, रास्तों की चौड़ाई निर्धारित कर मार्गाधिकार अधिसूचित किया जाएं।

### अग्रवाल जयपुर के अनमोल रत्न से सम्मानित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राजस्थान की मशहूर सक्षियत व उद्यमी अरूण अग्रवाल को उद्योग एवम व्यापार में अप्रतिम योगदान हेतु भैरो सिंह शेखावत राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स भवन में आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में "जयपुर के अनमोल रत्न"पुरुस्कार दिया गया। वर्तमान में अरुण अग्रवाल अध्यक्ष-अंतरराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन, राजस्थान, अध्यक्ष-नागरिक सुरक्षा विकास समिति राजस्थान, कार्यकारी अध्यक्ष -फैडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एण्ड इंडस्ट्री, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष- भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष-अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन, सचिव व प्रवक्ता - राजस्थान चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री व अन्य कई पदों को सुशोभित कर रहे है। आयोजित कायक्रम की अध्यक्षता के. एल. जैन ने की इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में सीताराम अग्रवाल, सुरजाराम मिल, विधायक रफीक खान, रवि नैय्यर, ताराचंद चौधरी, जगदीश सोमानी व अन्य मशहूर शख्शियत मौजूद थी ।

## प्रदेश में पहले चरण में 19 मदरसों के सुधरेंगे हालात

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में दीनी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अल्पसंख्यक मामलात विभाग की ओर से लंबे समय बाद मदरसों की हालत सुधरेगी। राजस्थान मदरसा बोर्ड में पंजीकृत मदरसों में आधुनिक सुविधाएं देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मदरसा आधुनिकीकरण योजना के तहत प्रदेश के 19 मदरसों के भवन निर्माण के लिए कार्यकारी एजेंसियों को प्रथम किश्त की 50 प्रतिशत राशि विभाग ने जारी की है।

मुख्यमंत्री मदरसा आधुनिकीकरण योजना वर्ष 2020-21 के अंतर्गत 36 मदरसों में विनिर्माण कार्यो के लिए स्वीकृति दी थी। अजमेर, अलवर, भीलवाड़ा, चितौड़गढ़, चूरू, धौलपुर, हनुमागढ़, जैसलमेर, कोटा, पाली एवं सीकर के मदरसों की प्रथम किश्त की 50 प्रतिशत राशि जारी की गई है।पहले चरण मदरसों में आधारभूत संरचना का विकास, फर्नीचर, कम्प्यूटर आदि भिजवाए जाएंगे। ताकि मदरसों में अध्ययनरत बच्चों को आधुनिक शिक्षा का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

दीनी और दुनियावी तालीम बच्चों की प्रभावित न हो, इसके लिए पंजीकृत मदरसों में जल्द अंग्रेजी माध्यम और उर्दू की पुस्तकों का अगले महीने से निश्शुल्क वितरण किया जाएगा। ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। इसके साथ ही मदरसा पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक लोन आदि नहीं मिलने पर सीधी विभाग की वेबसाइट पर शिकायत करने की कवायद भी विभाग कर रहा है।

22 अगस्त तक 20 और ट्रेनें बिजली से दौडेंगी

# 110 किमी प्रतिघंटा की रफ़्तार से सवाईमाधोपुर से जयपुर पहुंची पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जयपुर रेलवे स्टेशन अब विद्युतीकरण में भी मध्य भारत और दक्षिण भारत से जुड गया है। इससे अब पूणे, इंदौर, भोपाल, हैदराबाद, मुंबई सहित कई मध्य और दक्षिण भारत जाने के लिए अब रास्ता आसान हो जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल के सवाई माधोपुर से जयपुर रेलमार्ग पर बिजली इंजन से चली पहली ट्रेन 02939 पुणे जयपुर सुपरफास्ट सोमवार 16 अगस्त को जयपुर पहुंची। इस दौरान ट्रेन की गति 110 किलोमीटर प्रतिघंटा की रही। जयपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक नरेंद्र ने कहा कि पहली ट्रेन का संचालन सफलतापूर्वक हो गया है। अब जयपुर मंडल का लक्ष्य है कि 22 अगस्त तक जयपुर से सवाई माधोपुर रेलमार्ग पर 20 ट्रेनों को इलेक्ट्रिक इंजन का संचालन किया जाए। इसके अलावा बहुत तेजी से हम 50 ट्रेनों को इलेक्ट्रिक इंजन पर ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। गौरतलब है कि जयपुर से सवाई माधोपुर के 131 किलोमीटर के इस रेलखंड और जयपुर रेलवे यार्ड को 30 जुलाई को सीआरएस की अनुमति मिली थी। इसके तुरंत बाद ही इस रेलमार्ग बिजली से मालगाडी का परिचालन शुरू कर दिया गया था। 16 अगस्त को बिजली से चलने वाली पहली यात्री गाडी जयपुर पहुंची है। इस रूट के विद्युतीकरण में रेलवे ने 142 करोड रुपए खर्च किए हैं। इलेक्ट्रिक ट्रेन डीजल ट्रेन के मुकाबले मालगाड़ियों के लिए लगभग 1/4 गुणा और यात्री गाड़ियों के लिए लगभग 1/2.5 गुणा किफायती होती है।

जेडीसी गौरव गोयल ने जारी किए आदेश

# जेडीए में बदले उपायुक्त, 21 का किया कार्य विभाजन

### जेडीए में आए 6 उपायुक्तों को दी जिम्मेदारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जेडीए में कई उपायुक्तों को बदल दिया, वहीं जेडीए में नवपदस्थापित उपायुक्तों को जोन की जिम्मेदारी सौंपी गई। जेडीसी गौरव गोयल ने जेडीए के 21 उपायुक्तों का कार्य विभाजन किया। इनमें जेडीए में आए 6 उपायुक्तों को जिम्मेदारी दी गई। जबकि कई उपायुक्तों के जोन बदल दिए गए। जिन उपायुक्तों के पास दो या उससे अधिक जोनों की जिम्मेदारी थी, उनको अब एक ही जोन की जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि 7 उपायुक्तों को यथावत रखा है।

जेडीसी गौरव गोयल ने एक आदेश जारी कर 21 उपायुक्तों का कार्य विभाजन किया है, उनमें 7 उपायुक्तों पर भरोसा जताते हुए उन्हें यथावत रखा गया है। इनमें पृथ्वीराज नगर के चारों उपायुक्तों के साथ जोन 5, जोन 6 और जोन 9 के उपायुक्तों को यथावत रखा गया है। हालांकि रामरतन शर्मा का जोन 2 का अतिरिक्त चार्ज हटा दिया गया है। वहीं उपायुक्त नरेश सिंह तंवर को भी एक जोन की जिम्मेदारी दी गई है।

#### किस को क्या दी जिम्मेदारी

**उपायुक्त – कार्य**
**सुरेन्द्र सिंह यादव** – जोन एक
**बनवारी लाल** – जोन 2
**शैफाली कुशवाहा** – उपायुक्त जांच
**ममता यादव** – जोन 4
**बलवंत सिंह लिग्री** – जोन 3
**नानूराम सैनी** – जोन 5
**अशोक कुमार योगी** – जोन 6
**जगत राजेश्वर** – जोन 7
**शेर सिंह लुहाडिया** – जोन 8
**विजेन्द्र कुमार** – जोन 9
**हरफूल पंकज** – जोन 10
**ओमप्रकाश थानवी** – जोन 14
**नरेन्द्र सिंह तंवर** – जोन 12
**निशा** ¯जोन 13
**प्रवीण कुमार अग्रवाल** – जोन 11
**रामरतन शर्मा** – उपायुक्त पीआरएन उत्तर प्रथम
**मुकेश कुमार** – उपायुक्त पीआरएन उत्तर द्वितीय
**अंजू वर्मा** – उपायुक्त पीआरएन दक्षिण प्रथम
**मानसिंह मीणा** – उपायुक्त पीआरएन दक्षिण द्वितीय
**वीरेन्द्र सिंह द्वितीय** – उपायुक्त प्रशासन, स्टोर
**चन्द्र कुमार** – उपायुक्त एसएम

प्रदेशभर में हर्षोल्लास से मनाया स्वाधीनता दिवस समारोह

# सीएम गहलोत ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां, सेनानियों को किया नमन

### 75 वें स्वाधीनता दिवस के मौके पर सवाई मानसिंह स्टेडियम में हुए राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने किया झंडारोहण

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** 75 वें स्वाधीनता दिवस के मौके पर रविवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन हुआ। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने झंडारोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ज्ञात-अज्ञात सभी स्वाधीनता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि आजादी के लिए अनेक योद्धाओं ने त्याग और बलिदान दिया है। हम आजादी के 75 वें साल में प्रवेश कर रहे हैं, यह ऐतिहासिक क्षण है इतने बड़े देश को एक और अखंड रखना बड़ी चुनौती है।

#### गिनाई सरकार की उपलब्धियां

अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि हमारी सरकार ने जन घोषणा पत्र के 65 फ़ीसदी वादों को पूरा कर किया है, आजादी के वक्त देश में कुछ भी नहीं था। सुई तक बाहर से आती थी, अब सड़कों का जाल बिछ गया है, हमारे यहां के लोग पढ़ने के लिए दूसरे शहरों में जाते थे अब जगह-जगह स्कूल बन गए हैं। उन्होंने कहा कि आईआईटी, आईआईएम जैसे संस्थान राजस्थान में बन गए हैं। राजस्थान अब वह राजस्थान नहीं रहा जिसमें अकाल और सूखे पड़ते थे। मनरेगा योजना वरदान साबित हुई है। सीएम ने कहा कि जल जीवन मिशन में हम केंद्र से 90 फ़ीसदी भागीदारी की मांग कर रहे हैं। राजस्थान में लोग पानी के लिए तरसते हैं इसलिए हमने पूर्वी राजस्थान के लिए अलग से योजना बनाई है वह राष्ट्रीय योजना घोषित की जानी चाहिए।

#### एक लाख लोगों को नौकरियां

सीएम ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमने ढाई साल के शासन में एक लाख लोगों को नौकरियां दी हैं और 80 हजार नौकरियां प्रक्रिया में हैं। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, सिंचाई की योजनाओं में हमने आगे बढ़ने का प्रयास किया है। कमजोर वर्ग के लोगों को पांच-पांच हजार की राशि दी जा रही है। हर ब्लॉक में खेल स्टेडियम बन रहे हैं, गवर्नेंस के अधिकांश काम अब इंटरनेट के जरिए होते हैं। सीएम ने कहा कि कोरोना काल में मैंने करीब 450 वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठकर की है। अब प्रशासन गांवों के साथ अभियान शुरू होने वाले हैं, गांवों के लोगों को तकलीफ नहीं होनी चाहिए इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। सीएम ने कहा कि भ्रष्टाचार पर हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति है। एफआईआर आवश्यक रूप से दर्ज करने की व्यवस्था हमारी सरकार ने शुरू की है। हालांकि इससे संख्या जरूर बड़ी है लेकिन लोगों को न्याय मिलने लगा है।



#### कोरोना का बेहतर प्रबंधन किया

सीएम ने कहा कि कोरोना काल में हमारी सरकार ने बेहतर प्रबंधन किया है, कोई भूखा न सोए इसका संकल्प लेते हुए लोगों तक निःशुल्क भोजन पहुंचाया गया। जनता ने भी कोई कमी नहीं रखी। सीएम ने कहा कि तीसरी लहर की संभावना बनी हुई है,कोरोना अभी गया नहीं है। इसलिए मास्क और प्रोटोकॉल की पालना करें।

#### स्कूल खोलने पर जल्दबाजी नहीं

सीएम ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्कूल खोलने पर सरकार जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लेगी। इसके लिए लगातार हम मॉनिटरिंग कर रहे हैं, दूसरे राज्यों में स्कूल खोलने के बाद केस सामने आए हैं। उन्होंने कहा की स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। सभी लोगों का 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा किया गया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में हम सर्वश्रेष्ठ बनना चाहते हैं इसके लिए चिरंजीवी योजना के तहत सभी पात्र लोगों का बीमा कराया गया है। सीएम ने कहा कि किसानों को 16 हजार करोड़ की सब्सिडी मिल रही है, किसानों के लिए अलग से बजट का ऐलान भी किया गया है तमिलनाडु में भी किसानों के लिए अलग बजट पेश किया है, हम उसका अध्ययन करवा रहे हैं।

#### हुए रंगारंग कार्यक्रम

इससे पहले राज्य स्तरीय स्वाधीनता समारोह में लोक कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए तो वहीं पुलिस और सेना की टुकड़ी ने हैरतअंगेज कारनामें दिखाकर वाहवाही लूटी।

## अभी आठ बांधों की सुधरेगी सेहत, फिर आएगी 28 की बारी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य के उम्रदराज बांधों की सेहत सुधारने के लिए भी काम होगा। इसमें शुरुआती 36 बांधों को चिन्हित किया गया है, जिस पर 200 करोड़ से ज्यादा लागत आएगी। इसमें से अभी आठ बांध पर काम शुरू होगा। इन सभी बांध का अब बड़े स्तर पर आधुनिकीकरण किया जाएगा। पानी पहुंचने और भराव की हर सैकण्ड में मॉनिटरिंग होगी। उनमें न केवल पानी भराव की क्षमता बढ़ेगी बल्कि उनके जरिए बिजली उत्पादन को बढ़ाने पर भी काम होगा। वहीं, पर्यटकों के लिहाज से बांध के बाहरी हिस्से को विकसित किया जाएगा। केन्द्रीय जल आयोग की मंजूरी के बाद राजस्थान सरकार ने प्रक्रिया पर काम तेज कर दिया है। अफसरों के मुताबिक आठ और बांध की स्वीकृति का प्रस्ताव केन्द्रीय जल आयोग के पास भेजा हुआ है।

## सेना ने मनाया स्वतंत्रता दिवस, आर्मी कमांडर ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सेना की दक्षिण पश्चिम कमान की ओर से कमान के अधीन विभिन्न सैन्य स्टेशनों में 75वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अमरदीप सिंह भिंडर ने जयपुर मिलिट्री स्टेशन स्थित प्रेरणा स्थल पर आयोजित सैन्य समारोह में राष्टीय अखंडता की रक्षा करते हुए बलिदान देने वाले भारतीय सेना के वीर योद्धाओं को श्रद्धांजलि दी। स्वतंत्रता दिवस समारोह के तहत चल रहे कार्यक्रमों के तहत सप्त शक्ति कमान के विभिन्न सैन्य स्टेशनों में मिलिट्री बैंड के मार्शल संगीत का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा कमान में वीरता पुरस्कार विजेता सैनिकों की ओर से प्रेरणादायक वार्ताओं का आयोजन भी किया गया। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सप्त शक्ति कमान के सभी सैन्य स्टेशनों पर पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया । वीर नारियों, भूतपूर्व सैनिकों, वीरता पुरस्कार विजेताओं, उत्कृष्ट खिलाड़ियों और युवा सैनिकों ने पौधे लगा कर आजादी की वर्षगांठ को यादगार बनाया।



रक्षाबंधन पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएँ
Smaller EMIs on 30 YEAR HOME LOANS
8.45%*
Interest Rate
अब अपनी पुरानी गाड़ी पर
तक लोन करवायें...
कीमत का 150%
IDFC FIRST Bank
BAJAJ Bajaj FinServ Limited
TATA CAPITAL We only do what's right for you
Mahindra Finance
ICICI Bank Home Loans khayaal aapka
MAGMA
HeroFinCorp.
sk FINANCE
HDFC BANK We understand your world
शर्तें लागू*
authorised channel partner
Aarna associate
Call us : 9828333666
housing mortgage loan also available